kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-155 ❒ सोमवार, 07 जुलाई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

राजनीति में फैसले अपने-पराये के आधार पर नहीं होते, बल्कि इस आधार पर होते हैं कि कौन आपके हितों की रक्षा कर सकता है। मोदी दिल्लीवासियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने को तैयार थे, लेकिन आपने लोटा ही उल्टा किया हुआ था। जे.पी. नड्डा



ब्राजील पहुंचने पर मोदी का शानदार स्वागत 11

मुख्यमंत्री धामी ने कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का किया अनुभव 12

## संक्षेप

### रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने आज कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक गलती है। केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे विदहेल्ड किया गया था। अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था। लेकिन एक्स ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है। इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने ,अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की। रिपोर्टों के अनुसार, भारत में केवल रॉयटर्स न्यूज़ एजेंसी और रॉयटर्स वर्ल्ड के आधिकारिक अकाउंट एक्स पर बंद हैं। लेकिन इसके अन्य संबद्ध हैंडल, जिनमें रॉयटर्स टेक न्यूज़, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना आदि एक्स पर देखे जा सकते हैं। थॉमसन रॉयटर्स की समाचार एजेंसी डिवीजन रॉयटर्स में करीब 2,500 पत्रकार और 600 फोटो जर्नलिस्ट हैं। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ड्ड की नीति के अनुसार अगर उन्हें किसी देश की सरकार या अदालत से कानूनी आदेश मिलता है तो वे उस देश में संबंधित सामग्री या अकाउंट को प्रतिबंधित कर सकते हैं।

### कुरुक्षेत्र में बनेंगे गीता के 18 अध्यायों से जुड़े द्वार

**चंडीगढ़।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को नई पहचान दिलाने की कवायद में लगी प्रदेश सरकार ने यहां गीता के 18 अध्यायों पर आधारित द्वार बनवाने का फैसला किया है। इसके अलावा गीता के प्रति श्रद्धालुओं व पर्यटकों का जुड़ाव बढ़ाने के लिए गीता स्टडी, मेडिटेशन और रिसर्च सेंटर बनाया जाएगा। हाल ही में हुई कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक में लिए गए फैसलों पर अमल करने का काम अब शुरू हो गया है। नई योजना के अनुसार धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में गीता के 18 अध्यायों पर 18 भव्य द्वार बनाए जाएंगें। फिलहाल, पिपली गीता द्वार और सन्निहित सरोवर सूर्य द्वार बनाए गए हैं। राज्यपाल की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड को सभी द्वार बनाने की योजना का ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन जगहों को भी चिह्नित किया जाएगा, जहां पर यह द्वार बनाए जाएंगे। इन स्थानामें में पिहोवा रोड ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग, झांसा रोड व सेक्टर-3 बाईपास सहित कई अन्य स्थान हैं। सरकार ने अष्टकोशी परिक्रमा के पुनरुद्धार के निर्देश दिए हैं। कुरुक्षेत्र के बाहरी मोहल्ला स्थित प्राचीन नाभि कमल मंदिर से अष्टकोशी परिक्रमा शुरू होती है।

# भारत की इंग्लैंड में सबसे बड़ी जीत

एजेंसी

बर्मिंघम। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है।

608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर ऑलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से 7 में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रॉ हुआ था।

मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुकाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिए। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए पांचवें दिन जब बारिश के खलल के बाद मुकाबला शुरू हुआ तो आकाश दीप ने भारत को



**इतिहास**

❒ बर्मिंघम टेस्ट 336 रन से जीता, 39 साल का रिकॉर्ड टूटा, आकाश दीप को 6 विकेट

जल्द ही सफलता दिला दी। आकाश ने सेट बल्लेबाज ओली पोप को बोल्ड कर दिया, जो 24 रन बना पाए। फिर आकाश ने हैरी ब्रूक (23 रन) को आउट करके भारत को पांचवीं सफलता दिला दी। ब्रूक के आउट होने के बाद बेन स्टोक्स और जेमी स्मिथ ने छठे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड को संभालने की कोशिश की। वॉशिंगटन सुंदर ने लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा।

लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स को आउट किया। वहीं आकाश दीप ने जेमी स्मिथ को आउट करके पारी में पांच विकेट हॉल पूरे किए। आकाश ने पहली बारी टेस्ट पारी में 5 विकेट झटके हैं। स्मिथ ने 99 गेंदों पर 88 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और चार छक्के शामिल रहे। मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाकर घोषित की थी। कप्तान शुभमन गिल दूसरी पारी में भी शतक जड़ने में कामयाब रहे। शुभमन ने 162 गेंदों पर 161 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं रवींद्र जडेजा 69 रन (118 गेंद, 5 चौके और एक सिक्स) पर नाबाद लौटे। केएल राहुल (55 रन) और ऋषभ पंत (65 रन) ने भी शानदार पारियां खेलीं। मुकाबले में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रनों के स्कोर पर सिमट गई थी। विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 207 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 184 रन बनाए, जिसमें 21 चौके और चार छक्के शामिल रहे। वहीं हैरी ब्रूक ने 234 गेंदों पर 158 रनों की शानदार पारी खेली। ब्रूक ने इस दौरान 17 चौके के अलावा एक छक्का लगाया। स्मिथ ने ब्रूक के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 303 रनों की पार्टनरशिर की। भारत की ओर से तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज ने 6 और आकाश दीप ने चार विकेट चटकाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा किया। शुभमन गिल ने रिकॉर्डतोड़ 269 रन बनाए, जिसमें 30 चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

# 'पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला जल्द खाली कराएं'

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायधीश को



❒ सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र को लेटर लिखा, चंद्रचूड़ बोले- जिम्मेदारियों का एहसास है

छह महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है। मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद दो मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला लेने से इनकार कर दिया। दोनों ने अपने पुराने आवास में ही रहना पसंद किया। इसी वजह से चंद्रचूड़ को बंगले में अतिरिक्त समय मिलने में आसानी हुई। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से चंद्रचूड़ को पहले ही अप्रैल 2025 तक बंगला रखने की अनुमति दी गई थी। बाद में मई 2025 तक मौखिक रूप से मोहलत ● शेष पेज 11 पर

## चिराग ने बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान खुले मंच से किया। चिराग के मंच से दिये गये इस बयान ने एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा और जदयू की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। चिराग पासवान रविवार को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी द्वारा आयोजित 'नव-संकल्प महासभा' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ● शेष पेज 11 पर

# मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया : योगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि वह एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए एक विधान एक प्रधान और एक निशान के साथ भारत के लोकतांत्रिक की धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। आज जम्मू कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है, जो डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संकल्पों की विजय है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया भर में इन्वेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण की

❒ भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन, नेहरू सरकार की तुष्टीकरण की नीति के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने दिया था इस्तीफा

नींव को आजाद भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने प्रारंभ किया था और आज उसका एक बहुत ही वृहद स्वरूप देश में देखने को मिल रहा है। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया त्रस्त थी, उस दौरान भारत ने अपने यहां 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ दिया, जो आज भी निरंतर चल रहा है। यह सभी संकल्प डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने वाला है। नेहरू सरकार की तुष्टीकरण की नीति के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने दिया था इस्तीफायोगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र माता के लिए समर्पित किया था। बंगाल के अकाल के दौरान उनकी सेवाएं पूरा देश स्मरण करता है। उनका जीवन भारत की एकता ● शेष पेज 11 पर

## एलन मस्क ने अमेरिका में नयी राजनीतिक पार्टी की घोषणा की

लॉस एंजिल्स। मशहूर अरबपति एलन मस्क ने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से विवाद के कुछ हफ़्तों बाद एलन मस्क ने यह घोषणा की है।


एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर बताया कि उन्होंने 'अमेरिका पार्टी' बनाई है। इसका मकसद अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों की दो-दलीय राजनीति को चुनौती देना होगा। एलन मस्क ने कहा अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है । सप्ताह की शुरुआत में एलन मस्क ने एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया था जिसमें लोगों ने जबर्दस्त भागीदारी करते हुए एक नई राजनीतिक ताकत के लिए मजबूत समर्थन दिखाया गया था। एलने मस्क ने शुक्रवार को इस सर्वेक्षण की घोषणा करते हुए लिखा स्वतंत्रता दिवस यह पूछने का सही समय है कि क्या आप दो- दलीय प्रणाली से स्वतंत्रता चाहते हैं। लगभग 12 लाख उत्तरदाताओं में से 65 प्रतिशत से अधिक ने इस विचार का ● शेष पेज 11 पर

# धीरे-धीरे गरीबों की संख्या बढ़ रही, पैसा कुछ अमीरों के हाथों में केंद्रित हो रहा : गडकरी

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 'गरीबों की बढ़ती संख्या' पर चिंता जताते हुए कहा कि धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित हो रहा है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने कहा कि धन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है, जहां उन्होंने कृषि, विनिर्माण, कराधान और बुनियादी ढांचे के विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) सहित कई मुद्दों पर बात की।

उन्होंने कहा, धीरे-धीरे गरीब लोगों की संख्या बढ़ रही है और धन कुछ अमीर लोगों के हाथों में केंद्रित होता जा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए।'' अर्थव्यवस्था को इस तरह से विकसित होना चाहिए कि रोजगार पैदा हो और ग्रामीण क्षेत्रों का उत्थान हो। उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसे आर्थिक विकल्प पर विचार कर रहे हैं जो रोजगार पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था की वृद्धि को



बढ़ावा देगा। धन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है और इस दिशा में कई बदलाव हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने उदार आर्थिक नीतियों को अपनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह को भी श्रेय दिया, लेकिन अनियंत्रित केंद्रीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''हमें इसके बारे में चिंतित होना चाहिए।'' भारत की आर्थिक संरचना का उल्लेख करते हुए उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्षेत्रीय योगदान में असंतुलन की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा, ''विनिर्माण क्षेत्र 22-24 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र 52-54 प्रतिशत योगदान देता है, जबकि कृषि, ग्रामीण आबादी के 65-70 प्रतिशत हिस्से को शामिल करने के बावजूद, केवल 12 प्रतिशत योगदान देती है।'' उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला। गडकरी ने कहा, ''सीए अर्थव्यवस्था के वृद्धि इंजन हो सकते हैं। हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। यह केवल आयकर रिटर्न दाखिल करने और जीएसटी जमा करने तक ही सीमित नहीं है। बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बात करते हुए, गडकरी ने परिवहन क्षेत्र में अपनी पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने दावा किया, ''मैंने ही सड़क निर्माण के लिए 'निर्माण-परिचालन-हस्तांतरण' तंत्र की शुरुआत की थी।'' गडकरी ने कहा कि सड़क विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मैं कहता हूं कि मेरे ● शेष पेज 11 पर

# हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा : रामभद्राचार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में रविवार को सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामभद्राचार्य ने कहा कि हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा। इस सनातन महाकुंभ में देश भर के संत शामिल हो रहे हैं।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में मुझे और धीरेंद्र शास्त्री को आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि सत्ता अब हिंदू विरोधी के हाथ में कभी नहीं जाएगी। हिंदू को जो बांटना चाहेगा वो खुद ही कट जाएगा।

इस सनातन महाकुंभ में बागेश्वर पीठाधीश्वर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हम यहां राजनीति के लिए नहीं बल्कि राम नीति के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अगर हिंदू राष्ट्र होगा तो बिहार से इसकी शुरुआत होगी और वह पहला राज्य बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी

**कुछ लोग तिरंगा पर चांद चाहते हैं लेकिन हम तिरंगा को चांद पर लहराता देखना चाहते हैं : धीरेन्द्र शास्त्री**



धर्म के विरोधी नहीं हैं। वो बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। साथ ही 7 नवम्बर से 16 नवम्बर तक दिल्ली से वृंदावन की यात्रा करेंगे। पटना में आयोजित महाकुंभ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, ल्लबिहार से ही भारत के हिंदू राष्ट्र बनने की शुरुआत होगी। अगर हमारे धर्म पर घात हुआ तो हम प्रतिघात करेंगे, भगवा गजवा-ए-हिंद की शुरुआत बिहार से होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तिरंगा पर चांद चाहते हैं लेकिन हम तिरंगा को चांद पर लहराता देखना चाहते हें। यह भव्य आयोजन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस महाकुंभ में धार्मिक प्रवचन और भजन-संध्या के साथ- साथ संत समागम, हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिष्ठित गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पहली बार इस महाकुंभ का आयोजन पटना में हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में देशभर के संत-महात्मा, जगद्गुरु और महामंडलेश्वर शामिल हुए।

# भारत और अर्जेन्टीना ने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और अंतरिक्ष में सहयोग पर चर्चा की

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स/नयी दिल्ली। अर्जेन्टीना की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात यहां अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, स्टार्टअप, कृषि और फार्मा में सहयोग के नए क्षेत्रों संभावनाओं पर चर्चा की।

अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति के कासा रोसाडा कार्यालय में हुई बैठक को सार्थक बताते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ल्ल अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ शानदार बैठक हुयी। हम भारत-अर्जेंटीना राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने और अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने के पांच साल पूरे होने के अवसर को मना रहे हैं। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन हम इस बात पर सहमत हैं कि आगे की यात्रा और भी



अधिक आशाजनक है! उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति माइली के साथ व्यापारिक संबंधों, कृषि, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढाने के तरीकों पर चर्चा हुयी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच फार्मास्यूटिकल्स और खेल जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। बाद में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, रणनीतिक संबंधों को और प्रगाढ बनाना है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में कासा रोसाडा में राष्ट्रपति जेमिली के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ उनके मजबूत समर्थन और एकजुटता के लिए राष्ट्रपति मिली को धन्यवाद दिया। ब्यूनस आयर्स में हुई यह बैठक 1968 के बाद से अर्जेंटीना की धरती पर दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच पहली औपचारिक द्विपक्षीय बैठक है। उस समय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का तत्कालीन राष्ट्रपति जुआन कार्लोस ओंगानिया ने स्वागत किया था। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व ) पी कुमारन ने द्विपक्षीय वार्ता के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वार्ता से पहले कासा रोसाडा में प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुयी। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की। दोनों नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति ● शेष पेज 11 पर

# योगी सरकार के नेतृत्व में लक्ष्य की दिशा में और सशक्त हुई परिवहन विभाग की 'रफ्तार'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। योगी सरकार के नेतृत्व में लक्ष्य की दिशा में परिवहन विभाग की 'रफ्तार' और सशक्त हो रही है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025S26 की पहली तिमाही में न केवल अपेक्षित राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सशक्त प्रगति की, बल्कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वाहन पंजीकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी ठोस परिणाम दर्ज किए। यह तिमाही विभाग के लिए 'प्रदर्शन' से आगे बढ़कर 'परिवर्तन' की दिशा में ठोस कदम साबित हुई। वित्तीय वर्ष 2025S26 की पहली तिमाही ने सिद्ध किया कि उत्तर प्रदेश लक्ष्य आधारित विभागीय प्रदर्शन से बढ़कर संरचनात्मक रूप से परिपक्व परिवहन प्रशासन की दिशा में तेज़ी से अग्रसर हो चुका है। राजस्व, ई-मोबिलिटी, वाहन पंजीकरण और डिजिटल अनुपालन समेत सभी स्तरों पर विभाग ने ऐसी प्रवृत्तियां दर्ज की हैं, जो केवल शासन की सफलता नहीं, बल्कि जन-प्रेरित व्यवहारिक बदलाव को भी दर्शाती हैं।

अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में कुल 2913.78 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 274.22 करोड़ रुपये अधिक है यानी 10.39 प्रतिशत की वृद्धि। उल्लेखनीय है कि इस दौरान विभाग ने क्रमिक लक्ष्य का 85.90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिससे यह स्पष्ट है कि वर्षांत तक 14,000 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य व्यावहारिक रूप से प्राप्त किया जा सकता है। सिर्फ जून 2025 में ही 830.15 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ, जो पिछले वर्ष जून की तुलना में 4.10 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि तब दर्ज हुई जब विभाग ने कई श्रेणियों में छूट, विशेषकर ई-वाहनों पर टैक्स रिबेट प्रदान किए।

प्रथम तिमाही में 70,770 इलेक्ट्रिक वाहनों को कर एवं शुल्क में 255.50 करोड़ की रियायत दी गई। 70,770 ई-वाहनों को जो लाभ प्राप्त हुआ, जिसमें न केवल पारंपरिक श्रेणियां (ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर) शामिल थीं, बल्कि 5,658 इलेक्ट्रिक कारें और 15,434 दोपहिया वाहन भी शामिल रहे। यह आंकड़ा दर्शाता है कि ईवी अब सिर्फ लो-एंड समाधान नहीं, बल्कि मिड और अर्ध प्रीमियम शहरी ग्राहकों का भी प्राथमिक विकल्प बन चुका है। केवल जून में 23,513 ई-वाहनों को 94.70 रुपये करोड़ की रियायत प्रदान की गई। प्रदेश में अब तक कुल 12.29 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे यह भारत का सबसे बड़ा ईवी-बेस वाला राज्य बनता जा रहा है।

निजी और व्यावसायिक दोनों क्षेत्र अग्रणी इस तिमाही में कुल 1,17,774 नए परिवहन वाहन पंजीकृत हुए। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 16.04 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। इनमें ई-रिक्शा (पैसेंजर) में 10.82 फीसदी और ई-कार्ट में 80.26 फीसदी वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहनों के 9,67,476 पंजीकरण हुए, जो कि 12.41 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है। टू-व्हीलर वर्ग में 13.73 प्रतिशत और फोर व्हीलर में 6.09 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नागरिकों की खरीद क्षमता और वाहन उपयोग में वृद्धि स्पष्ट होती है।

प्रथम तिमाही में विभाग का कुल कर व शुल्क वसूली का 90 फीसदी से अधिक ऑनलाइन मोड के माध्यम से हुआ, जो यह दर्शाता है कि जनता अब डिजिटल प्रक्रियाओं पर भरोसा कर रही है। ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं से ही 84.50 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। ई-चालान एवं समन शुल्क से 30.45 करोड़ वसूले गए। 90 प्रतिशत से अधिक कर व शुल्क वसूली डिजिटल मोड से होना नागरिकों के डिजिटल प्रशासन पर बढ़ते विश्वास का संकेत है। जहां एक ओर विभाग ने ई-वाहनों के लिए 255.50 करोड़ रुपये की छूट दी, वहीं दूसरी ओर कुल राजस्व में 10.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह संकेत है कि राज्य ने 'छूट के बावजूद स्थिर राजस्व' का मॉडल सफलतापूर्वक अपनाया है।

# आईसीसीएमआरटी के प्रशिक्षकों को अब 15 हजार रुपये मिलेगा मानदेय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । सहकारी एवं कॉर्पोरेट प्रबंधन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (आईसीसीएमआरटी) के प्रशिक्षकों को अब 10 हजार के बजाय 15 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। रविवार को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की चौथी वर्षगांठ पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि, बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति (एम-पैक्स) को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 15 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त राशि दी जाएगी।

इससे पहले उन्हें 10 लाख रुपये तक ऋण दिए जाने की व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए जिला सहकारी बैंकों द्वारा 6,700 एम-पैक्स को उर्वरक व्यवसाय के लिए 10-10 लाख रुपये की ब्याज मुक्त ऋण सीमा स्वीकृत की गई है। रविवार को आयोजित समारोह में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण योजना के तहत आईसीसीएमआरटी द्वारा प्रशिक्षित 266 महिलाओं को ड्रोन दीदी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ये महिलाएं ड्रोन का इस्तेमाल कर खेतों में उर्वरक और कीटनाशकों आदि का छिड़काव करेंगी। प्रदेश के 38 जिलों में 51 एम-पैक्स पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ भी किया गया। इन केंद्रों पर जेनरिक दवाएं और सर्जिकल उत्पादन बाजार मूल्य से कम दरों पर मिलेंगे। बेहतर काम करने वाली पांच एम-पैक्स इकाइयों को प्रशस्ति पत्र दिए गए और दो एम-पैक्स सचिवों को वीरता पुरस्कार भी दिए गए। वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि 9 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम योजना को प्रचारित कर सभी सहकारी बंधुओं इसे उत्सव के रूप में मनाएं। जेपीएस राठौर ने 91 सहकारी वाटिका बनाने का लक्ष्य उपस्थित अधिकारियों को देते हुए पौधरोपण का कार्यक्रम पूरे मनोयोग से मानने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सहाकारिता विभाग के प्रमुख सचिव सौरभबाबू, आयुक्त एवं निबंधक योगेश कुमार, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन और सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। 30 करोड़ की सहायता से बंद पड़ी एम-पैक्स फिर से खड़ी होंगी सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि अब सहकारिता एक आंदोलन नहीं, परिवर्तन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2023 में 1 से 30 सितंबर तक बी-पैक्स सदस्यों को जोड़ने का अभियान चलाया गया था। 30 लाख नए सदस्य बने थे और 70 करोड़ रुपये का अंशधन (शेयर कैपिटल) प्राप्त हुआ था। 70 करोड़ से 980 एम-पैक्स का सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में 30 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से पुरानी व बंद पड़ी एक-पैक्स इकाइयों को फिर से खड़ा किया जाएगा। बलरामपुर में बनेगा जिला सहकारी बैंक जेपीएस राठौर ने कहा कि बलरामपुर जिला किसी भी सहकारी बैंक से आच्छादित नहीं था। जल्द ही वहां भी नया बैंक बन जाएगा। केंद्र सरकार की बजटीय सहायता से यह प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि यूपी देशका पहला राज्य सहाकी बैंक है, जिसे आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत किया गया है।

## योगी सरकार पौधरोपण में जनसहभागिता से रचेगी इतिहास, एक दिन में लगाएगी 37 करोड़ पौधे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नौ जुलाई को होने वाले पौधरोपण महाभियान 2025 में समाज के सभी वर्गों का साथ लेकर नया इतिहास रचा जाएगा। सिर्फ एक दिन में इस बार 37 करोड़ पौधरोपण होंगे। योगी की वन नीति से साल दर साल नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा उत्तर प्रदेश इस बार भी अभूतपूर्व इतिहास रचेगा। सीएम योगी के आह्वान पर जनप्रतिनिधि, राजकीय कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं, अधिवक्ता, चिकित्सक समेत समाज का हर तबका जुड़ेगा। योगी सरकार ने सभी से अपील की है कि पौध लगाएं, फोटो अपलोड करें और पौधे का संरक्षण भी करें।

सीएम के निर्देश पर शासनिक व वन विभाग के अधिकारियों ने स्थापित किया संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान को लेकर कई बैठकें भी कीं। सीएम ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि महाभियान में जनसहभागिता अवश्य हो। इसके बाद शासनिक व विभागीय अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, किसानों समेत समाज के हर तबके से संवाद स्थापित करते हुए सभी को इससे जोड़ा जाए। इस अभियान में समाज के हर तबके के लोग जुड़ेंगे। इसमें 25 करोड़ नागरिकों और 26 राजकीय विभागों की सहभागिता से एक ही दिन में होने वाले इस अभियान को नई ऊंचाई मिलेगी।

पौधरोपण महाभियान 2025 मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर इस बार होने वाले पौधरोपण महाभियान को जनसहभागिता के साथ अभूतपूर्व बनाने के लिए विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। महाभियान में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, किसानों, अधिवक्ताओं, डॉक्टर, राजकीय कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं समेत सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इन सभी के सहयोग से नौ जुलाई को 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हासिल करेंगे। सभी से अपील की गई है कि वे पौधरोपण कर अपनी फोटो भी अपलोड करें और पौधों का संरक्षण करें।

# धार्मिक नाम रखकर नॉनवेज परोसने से माहौल बिगड़ता है : कपिल देव

**एजेंसी**

मुरादाबाद। कांवड़ यात्रा में ढाबों पर नेम प्लेट लगाना एक संवेदनशील मुद्दा है। धार्मिक नाम रखकर नॉनवेज परोसने से माहौल बिगड़ता है। ढाबा संचालक स्पष्ट करें कि उनके यहां वेज-नॉनवेज क्या बनता है। ऐसे ढाबा संचालक अपना असली नाम प्रदर्शित करें। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वतंत्र कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को जनपद संभल की तहसील चंदौसी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा सशक्त युवा सशक्त महिला मैराथन दौड़ के अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

चंदौसी में आयोजित मैराथन दौड़ में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि किसी को भी खाना बनाने या ढाबा चलाने से नहीं रोका जा रहा है। मंत्री ने कहा कि कुछ लोग धार्मिक नामों जैसे



गणपति ढाबा, वैष्णो ढाबा या दुर्गा ढाबा के नाम से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। लेकिन वहां नॉनवेज भी परोसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ढाबा संचालक अपना असली नाम प्रदर्शित करें।

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उनके क्षेत्र से लोग केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री जाते हैं। कई बार धोखे से नॉनवेज परोसे जाने से विवाद की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि ढाबा संचालक स्पष्ट करें कि उनके यहां वेज-नॉनवेज क्या बनता है। उन्होंने योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में नफरत फैलाने का काम हुआ। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। मैराथन दौड़ कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व बदायूं विधायक महेश चंद्र गुप्ता, श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद सिंह रिंकू, संभल जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी भाग लिया।

युवाओं की प्रगति के लिए एक अच्छा आयोजन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा सशक्त युवा सशक्त महिला मैराथन दौड़ कराना युवाओं की प्रगति के लिए एक अच्छा कार्यक्रम है। देश कैसे आगे बढ़े इसकी कल्पना युवाओं की सेवा के साथ सामूहिक शक्ति और संगठन की शक्ति के साथ पूरी हो सकती है। भारतीय सशक्तिकरण एवं 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा को जोड़ा जाए युवा की शक्ति आगे बढ़े।

### सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराया ट्रक चालक की मौत

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क किनारे खराब खड़े डंपर से एक ट्रक टकरा गया जिससे ट्रक चालक की मौत हो गई और परिचालक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कानपुर के चौबेपुर निवासी करन कठेरिया बिहार से मक्का लेकर कानपुर जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे शहीद पथ पर उनका ट्रक सड़क किनारे खराब खड़े डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सर्विस रोड क्रॉस कर बाउंड्रीवॉल में घुस गया। हादसे में चालक करन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने घायल को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना में परिचालक कमल को भी चोट आई है। कमल ने घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच कर रही है।

### क्षेत्रीय विधायक से आमरण अनशन पर बैठे अधिवक्ता ने मांगा सहयोग बातचीत कर अनशन कराया खत्म

**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल के हस्तक्षेप के बाद शनिवार को शाम 8 बजे के आसपास आमरण अनशन और भूख हड़ताल में बैठे कुछ अधिवक्ताओं ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। इस अचानक हुए फैसले से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विधायक राजमणि कोल ने अधिवक्ताओं के साथ वार्ता की और उन्हें समझौते के लिए राजी किया। उन्होंने अपने विवेक का परिचय देते हुए मामला शांत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, बार एसोसिएशन कोरांव की तरफ से इस अनशन के समर्थन में कोई सहमति नहीं थी। अधिकांश अधिवक्ता अपना कार्य सुचारु रूप से कर रहे थे और उन्हें इस तरह के अनशन से कोई लेना-देना नहीं था। कुछ अधिवक्ताओं ने विधायक के साथ समझौता करने के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया, लेकिन अन्य अधिवक्ताओं की प्रतिक्रिया अलग है। उन्हें लगता है कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की सहमति के बिना इस तरह का अनशन करना उचित नहीं था। अधिकांश अधिवक्ता एसडीएम आकांक्षा सिंह की निष्पक्ष निर्णय कार्य प्रणाली से खुश हैं। उन्हें लगता है कि एसडीएम की कार्य प्रणाली से लोगों को बिना भेदभाव के न्याय मिल रहा है। क्षेत्र के सम्मानित लोगों का भी मानना है कि ऐसे ही निष्पक्ष और न्यायप्रिय अधिकारियों की जरूरत है।

### डीएम साहब ! तहसीलदार कोरांव का अधिकांश समय सियुजी नंबर रहता है बंद

**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव तहसील में तहसीलदार की नियुक्ति के बाद से सरकारी सेवाओं में समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर सरकारी सीयूजी नंबर बंद रहते हैं और कभी-कभी चालू होने पर भी रिसीव नहीं होता है। इससे वादकारियों और अन्य लोगों में असंतोष है। लोगों का कहना है कि तहसीलदार जन सुनवाई में रुचि नहीं लेते हैं और न ही अन्य सरकारी कामों में। इससे लोगों को परेशानी हो रही है और वे तहसीलदार की कार्य प्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं। आम जन मानस में चर्चा है कि तहसीलदार ज्यादातर समय आवास पर रहते हैं और वहीं पर मामलों का निपटारा करते हैं। इससे लोगों को लगता है कि तहसीलदार की कार्य प्रणाली पारदर्शी नहीं है। लोगों का कहना है कि पहले के तहसीलदार का कार्यकाल अच्छा था और वे निष्पक्ष रूप से काम करते थे। अब लोगों ने नए तहसीलदार की नियुक्ति की मांग की है जो जनता के कार्यों को निष्पक्ष और रुचि के साथ कर सकें। कोरांव तहसील मुख्यालय से दूर होने के कारण यहां पर अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी की जरूरत है जो जनता का कार्य निष्पक्ष और सरकार के मनसा अनुसार कर सकें। लोगों को उम्मीद है कि नए तहसीलदार की नियुक्ति से समस्याओं का समाधान होगा और जनता को न्याय मिलेगा।

### अवैध निर्माण पर पीडीए का शिकंजा, पूरामुफ्ती और फाफामऊ में तीन भवन सील

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पीडीए की प्रवर्तन टीम ने जोन संख्या 1 पूरामुफ्ती और जोन संख्या 6 फाफामऊ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, इन दोनों क्षेत्रों में बिना पीडीए से लेआउट स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जब अधिकारियों ने जांच की तो निर्माणकर्ताओं के पास कोई वैध स्वीकृति पत्र नहीं मिला। इसके बाद जोनल अधिकारियों ने प्रवर्तन टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तीन अवैध निर्माणों को सील कर दिया। पीडीए अधिकारियों ने बताया कि अवैध निर्माणकर्ताओं को पहले भी नोटिस दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी था। लगातार चेतावनी और नोटिस के बावजूद अवहेलना करने पर मजबूरन सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### इमाम हुसैन की याद में शांतिपूर्वक निकला ताजिया जुलूस, प्रशासन रहा सतर्क

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम के अवसर पर रविवार को शहर में इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने इस जुलूस में हिस्सा लिया और गमगीन माहौल में अपने इमाम को याद किया। करेली सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया जुलूस निकाला गया। करेली जुलूस मार्ग का डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने स्वयं निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार मौके पर मौजूद रहे और जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। इस दौरान पुलिस ने यातायात को भी व्यवस्थित बनाए रखा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे नगर जोन में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। नगर में सभी स्थानों पर जुलूस पूरी तरह शांति और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न हुआ।

### जिला कृषि अधिकारी शाशक की बड़ी कार्यवाही

**उन्नाव।** कृषि रक्षा अधिकारी उन्नाव को दिनांक 5.7.2025 को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि निरंकारी खाद भंडार भतावा द्वारा अपने गोदाम में अवैध तरीके से कीटनाशक रसायनों की पैकिंग की जा रही है। सूचना मिलने पर कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा निरंकारी खाद भंडार के गोदाम को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बोरियों में खुले कीटनाशक रसायन, कीटनाशक रसायन के पैकिंग गत्ते, बीजों के खाली पैकिंग पैकेट व उर्वरक पाई गई। उक्त प्राप्त पैकिंग बैग, कीटनाशक रसायन व उर्वरक के बारे में पूछे जाने पर कोई भी संतोषजनक उत्तर व अभिलेख नहीं दिए गए। उपरोक्त पाई गई पैकिंग सामग्री कीटनाशक रसायन व उर्वरक प्रथम दृष्टि या संदिग्ध प्रतीत होने पर कीटनाशक रसायन व उर्वरक का नियमानुसार नमूना ग्रहित किया गया, जिसे विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# अपराधियों का अंत होने से प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है :पर्यटन मंत्री

**एजेंसी**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को लॉजिस्टिक योजनांतर्गत फिरोजाबाद-फतेहाबाद मार्ग से रामदासपुरा यमुना नदी पुल तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस स्वीकृत मार्ग की लंबाई 9.5. किलोमीटर है जो 5631 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहा है।




इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से इस पिछड़े इलाके का विकास होगा। साथ ही रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। यहाँ के युवाओं को रोजगार हेतु अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। हमारी सरकार में कानून का राज्य स्थापित होने से अपराधियों और आतंकियों का अंत हुआ है। यही कारण है कि हमारा प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। उन्होने वहां उपस्थित पीडब्ल्यूडी के एक्सियन को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण ओर सुदृढ़ीकरण के कार्य में 1 साल से ज्यादा का समय नही लगना चाहिए। इस अवसर डीएम रमेश रंजन ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण से यहाँ के लोगों को आवागमन की सुविधा तो होगी, साथ ही साथ औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। प्लेज पार्क इत्यादि की स्थापना से यहाँ के युवाओ को रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने भी इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण होने से इस क्षेत्र में होने वाले विकास पर चर्चा की। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी एक्सियन अतर सिंह, खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार और एसडीएम गजेंद्र पाल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम पर किया जंजीर और कमा का मातम, निकाला जुलूस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उन्नाव। रविवार की दोपहर को उन्नाव के ककरहा बाग से आशूरा का जुलूस निकाला गया जिसमें मुस्लिम शिया समुदाय के लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए ज़ंजीर जनी और कमा जनी का मातम किया।

बता दे कि यह जुलूस 10 मोहर्रम हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला जाता है। इस इमाम हुसैन की शहादत को याद कर लोगों ने ब्लड भी डोनेट किया। आपको बताते चलें कि मोहर्रम की दस तारीख को गांव सैयद छपरा में अंजुमन यादगारे हुसैनी की ओर से कर्बला के बलिदानियों को याद करके जंजीर-ए-मातम किया गया। इस दौरान जुलजुना (घोड़ा) भी बरामद किया गया। मौलाना आबिद अब्बास ने बताया कि शिया समुदाय के लोग अपने पूर्वजों के इतिहास व कुर्बानियों को याद करके मातम करते हैं। मौलाना ने बताया कि इमाम हुसैन पर तीन दिन से पानी बंद कर दिया था यानी उन्हें फरात नदी से पानी नहीं लेने दिया गया था। इमाम हुसैन के साथ उनके छह महीने का बच्चा भी शामिल था। तीन दिन की भूख-प्यास की वजह से बच्चे की मां का दूध भी सूख गया था और बच्चा भी प्यासा था। उस बच्चे को लेकर इमाम हुसैन यजीदी फौज के सामने गए और कहा कि हमें पानी न दो लेकिन बच्चे को पानी पिला दो। बच्चा प्यास से तड़प रहा है। जब सामने से कोई जवाब नहीं आया तो इमाम हुसैन ने बच्चे को इराक की तपती गर्मी पर रेत पर यह कहकर लेटा दिया। सामने से किसी ने पानी नहीं दिया बल्कि भारी तीर से छह महीने के बच्चे का गला छेद दिया। इसी ज़ुल्म को याद कर हर साल 10 मोहर्रम को जुलूस निकाल कर कमा जनी और ज़ंजीर जनी का मातम किया जाता है। इस दिन इमाम हुसैन की शहादत को याद कर ब्लेड डोनेट भी किया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम सभी ने मिलकर ब्लड डोनेट कर एकता की मिसाल कायम की है।

## वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों की बैठक सम्पन्न



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में रविवार को पूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन तपोवन पार्क, न्यू कैंट, प्रयागराज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सूबेदार ईश्वर चंद तिवारी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन पूर्व सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल ने किया।

बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं और संगठन की भावी रणनीतियों पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के संरक्षक और यूनाइटेड फोरम ऑफ पेंशनर्स एसोसिएशन प्रयागराज के महामंत्री ने भी बैठक में भाग लिया और पूर्व सैनिकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपना मार्गदर्शन दिया। बैठक के संयोजन में समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण और पेंशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा।

बैठक में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज में पूर्व सैनिकों का सम्मान और अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए और इसके लिए समिति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# प्रशासन की सूझबूझ से सम्पन्न हुआ मोहर्रम का त्यौहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव ( प्रयागराज )। मोहर्रम के पर्व पर नगर पंचायत कोरांव और बड़ोखर में यातायात सुगम बनाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन और जिला अपराध निरोधक कमेटी के वॉलिंटियर ने संयुक्त रूप से काम किया। एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा जी के आदेशानुसार थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्रा के नेतृत्व में यातायात सुगम बनाने की ड्यूटी पर कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार बड़ोखर रण विजय सिंह, थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह, संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल और मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम ने महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई। एसआई सेवालाल, एसआई श्याम सुंदर शर्मा, एसआई गिरीश चंद्र राय, एसआई अंकुश कुमार और एसआई कृष्ण कुमार ने भी अपनी सेवाएं दीं। इंस्पेक्टर क्राइम शैलेश कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज बड़ोखर राजकुमार अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में सक्रियता बनाए रखी। एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने मातहत को कड़ा निर्देश दिया था कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने प्रशासन और पुलिस बल को कड़े निर्देश दिए थे कि मोहर्रम के पर्व पर यातायात सुगम बनाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उनके निर्देश पर प्रशासन और पुलिस बल ने संयुक्त रूप से काम किया और यातायात को सुचारु रूप से चलाने में मदद की।

# मोहर्रम पर सिविल डिफेंस की अहम भूमिका, जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न

## लखनऊ महानगर डिवीजन ने संभाली ज़िम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहर्रम की दसवीं तारीख पर यौम-ए-आशूर के अवसर पर निकाले गए ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सिविल डिफेंस लखनऊ महानगर डिवीजन की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। सिविल डिफेंस की यह प्रभावी तैनाती उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार के आदेशानुसार और चीफ़ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के निर्देशन में सैकड़ों वॉर्डनों ने अपनी उपस्थिति से न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि अनुशासन और सतर्कता के साथ जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग किया।महानगर क्षेत्र में बने सिविल डिफेंस कैंप में एडीसीपी ममता रानी चौधरी, एसीपी नेहा त्रिपाठी और थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित होकर कार्यों की सराहना करते हुए वार्डनों का उत्साहवर्धन किया।महानगर प्रखंड की सहायक उपनियंत्रक रेखा पाण्डेय एवं इंदिरा नगर



प्रखंड की सहायक उपनियंत्रक ममतारानी के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम लगातार सक्रिय रही।जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महानगर प्रखंड की सहायक उपनियंत्रक रेखा पाण्डेय, ममता रानी,डिप्टी चीफ़ वार्डन गुरप्रीत सिंह सेठी, इंदिरा नगर डिविजनल वार्डन सुनील कुमार यादव, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आजाद हफीज,आईसीओ राहुल कुमार वर्मा, पोस्ट वार्डन प्रदीप कुमार शर्मा, अश्वनी कुमार, श्याम सिंह, विमल किशोर वर्मा, सेक्टर वार्डन सविता सिंह, सुमन लता कुरील, अर्चना सक्सेना,अमन कुमार मौर्या, राजेश शाह, सोमेंद्र सिंह बिष्ट, मनीष सिंह रावत, आकाश राज और प्रकाश सिंह जैसे अनेक वार्डन मुस्तैदी से ड्यूटी निभाते नजर आए। बादशाह नगर क्षेत्र में सिविल डिफेंस द्वारा स्थापित विशेष कैंप जुलूस मार्ग की निगरानी और राहत कार्यों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बना रहा।

# कस्बा अमेठी में अकीदत के साथ निकले गए ताजिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।बहाये अश्क मुसलसल मगर हकीकत में गमे हुसैन का हमसे तो हक अदा न हुआ यौम ए आशूरा यानी दस मोहर्रम को आशिकाने हुसैनियों ने हजरत हुसैन रजी.की शहादत के मौके पर गम का इजहार करते हुए बड़े ही अकीदत के साथ ताजिये निकाले गए इसी के,साथ ही गमे हुसैन में मर्सिया पढ़ते हुए मातम भी किया गया। ये नजारा तारीखी कस्बे अमेठी लखनऊ में देखने को मिला ।जहां हजारों हुसैनियों ने गमे हुसैन में अपने अश्क बहाए।,हजरत हुसैन रजी. इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा सलललललाहु अलैही वसल्लम के सबसे चहेते नवासे थे।,हजरत हुसैन को दस मोहर्रम के दिन मैदान ए करबला में धोखे से बुलाकर शहीद कर दिया गया था इसलिए यौम ए आशूरा को इस मुसलमान अपने नवासे ए रसूल की याद में रोजा रखते हैं,और जायरीनों के लिए पकवानों का इंतजाम करते हैं । इस बार कस्बा अमेठी में




चेयरमैन शहनाज बानो की तरफ से अजादारों के लिए बिरयानी,शरबत,पानी का इंतजाम जगह जगह पर किया गया। जुलूस बड़े ही अकीदत के साथ करबला पहुंचा जहां लोगों ने अपनी आखिरी रसूम अदा की। जुलूस में हाजी रशीद मंत्री,मुहम्मद वसीम कुरैशी,ब चेयरमैन मुहम्मद वहीद,तै.फ शाह,एडवोकेट फैजान रहमत,चांद रहमत,मिस्टर अमेठवी,कैलाश रावत,सभासद सुशील रावत,सभासद वारसुन बानो,आदि शामिल रहे। आखिर में मुल्क की हिफाजत,और अमन व अमान के लिए दुआ भी की गई।

# गंगागंज में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज इलाके में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित गंगागंज में स्थित जानकी लान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन पटेल ने किया। इस मौके पर, मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष लखनऊ गोकर्णनाथ वर्मा भी मौजूद रहे।इसके अलावा कार्यक्रम में , जिला प्रतिनिधि राम सिंह मौर्य , युवा मोर्चा मंडल से राम विश्वकर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी युवा मोर्चा सत्यदेव निषाद , मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अंकित प्रजापति, सोहिल यादव , श्री योगेंद्र वर्मा , श्री अंकित वर्मा , श्री सतनाम चौधरी , अवध किशोर , संतोष शर्मा , सुरेंद्र कुमार वर्मा, राजेन्द्र साहू, लाल बहादुर, दीनानाथ चौहान,उमेश



चौहान, रामचंद्र वर्मा प्रधान,राम प्रकट प्रधान, सुरेश शर्मा प्रधान, शिवकुमार रावत, शिव शर्मा, दीपक त्रिपाठी, अनिल निगम, सोनू निगम,आदि मंडल के पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष के अलावा अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# पाल महासभा की ओर से उत्कृष्टता का सम्मान समाज का उत्थान कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर,लखनऊ। आगरा एक्सप्रेस के निकट सरोसा मोड़ स्थित एक निजी होटल में रविवार को ''उत्कृष्टता का सम्मान, समाज का उत्थान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय पाल महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव शंकर सिंह शंकरी मौजूद रहे। समारोह का संचालन विनय दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा सज्जन पाल, सुरेंद्र पाल, प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय पाल महासभा संदीप पाल, पूर्व प्रधान हसनपुर खेवली दिनेश पाल, प्रधान ईंटगाँव मोले पाल, वरिष्ठ नेता बुद्धिलाल पाल, पूर्व प्रधान सहिजन पुर रवि पाल, वरिष्ठ नेता राधे लाल पाल, राम नरेश पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य



दोना पारस पाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बरौना हरीश पाल , चंद्र शेखर पाल , प्रकाश पाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरैना गंगा राम पाल, पप्पू पाल, राम लखन पाल , सामाजिक कार्यकर्ता लौंगा खेड़ा तेलीबाग दिनेश पाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश पाल व कमलेश पाल सहित बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक डॉ सिंह ने मेधावी छात्रों को लैपटॉप और साइकिल से सम्मानित करते हुए कहा कि पाल समाज एक बड़ा धार्मिक और शांत, देशभक्त समाज है। उन्होंने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि इससे वे आगे बढ़ेंगे और समाज का नाम रोशन करेंगे। विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करना न केवल उनके लिए प्रेरणादायक होगा, बल्कि समाज के अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा उन्होंने सम्मानित छात्रों के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कूटरचित दस्तावेजों से बेंची जमीन

## धोखाधड़ी सामने आने पर पुलिस से शिकायत मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। बिजनौर थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे गलत गाटा संख्या डालकर एक जमीन बेंच दी गई। जानकारी होने पर खरीदार ने पुलिस में शिकायत की इसके बाद बिजनौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की है। जानकारी के अनुसार सोनी माला नामक महिला ने यहीं की जयंती देवी उनके पति बसंत और बिचौलिए शारदा देवी के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी जमीन बेंचने का आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया है। सोनी माला के अनुसार उन्होंने 29 जनवरी 2016 को बिचौलिए शारदा देवी के माध्यम से जयंती देवी की नटकुर में 2100 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री में गाटा संख्या 932 दर्ज है। जांच पड़ताल करने पर 4 सितंबर 2020 को लेखपाल ने बताया कि सोनी माला के कब्जे वाला प्लाट गाटा संख्या 963 है। पीड़ित खरीदार महिला ने आरोपियों पर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया है। सोनी माला ने बताया कि जब उन्होंने विक्रेता से संपर्क किया तो आरोपियों ने कहा कि ना तो जमीन मिलेगी और ना ही पैसा, इसके साथ ही आरोपियों द्वारा कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर बिजनौर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मिठास एवं प्रगति का संगम बना उत्तर प्रदेश आम महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया।

इस समापन समारोह में वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरुण कुमार सक्सेना, आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंघल, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, जिला पंचायत, रायबरेली की अध्यक्ष रंजना चौधरी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा, निदेशक भानु प्रकाश राम संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार व राजीव वर्मा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश के बागवानों से आह्वान किया कि नई तकनीकों को अपनाकर आम उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाएँ। उन्होंने फ्रूट बैगिंग, जैविक खेती, और निर्यात केंद्रित उत्पादन पर बल देते हुए बताया कि सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेटेड टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट फैसिलिटी स्थापित कर रही है। साथ ही आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र की दक्षिण एशियाई शाखा की स्थापना और हाईटेक नर्सरी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी संरचनात्मक योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान एवं स्वाभिमान हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस महोत्सव में आम उत्पादकों की मेहनत से 15 ग्राम से 05 किलोंग्राम तक के आम प्रदेश के लोगों को देखने को मिले। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आम महोत्सव मिठास एवं प्रगति का संगम बना है। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि फलों से वाइन उत्पादन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नीति बनाई गई है। मलिहाबाद-माल क्षेत्र में आम वाइन प्लांट स्थापित हो चुका है और मेरठ, मुजफ्फरनगर, बरेली में भी जल्द ऐसे संयंत्र शुरू होंगे। मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि आम बागवानों के लिए आम महोत्सव उनके उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। यहां पर अनेक प्रकार के आम लोगों को देखने और चखने को मिले। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण करने की अपील की।समापन समारोह में आम की विभिन्न की विभिन्न प्रजातियों की 07 श्रेणियों के 46 वर्गों की प्रतियोगिता में 45 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हेतु कुल 122 पुरस्कार तथा संरक्षित आम उत्पादों की 11 वर्गों के 22 विजेताओं द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 29 पुरस्कार और आम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श के विजेता मोहम्मद अब्दुल सलीम को अम्बिका प्रजाति के प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श पुरस्कार प्रदान किया गया।

## ट्रांसफार्मर से तेल चोरी अवर अभियंता ने दर्ज कराया मुकदमा

सरोजिनी नगर,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गहरू के गंगादीन खेड़ा में कृषि फीडर के लिए लगाए गए 100 किलोवॉट ट्रांसफॉर्मर का तेल बीती 29 जून को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर के नीचे का हिस्सा काटकर चुरा ले गए। बताते हैं कि 240 लीटर तेल चोर चुरा ले गए और यह घटना इसी महीने दूसरी बार हो गई। इसके पहले 3 तारीख को भी चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था इसके बाद थाने पर शिकायत भी दर्ज कराई गई थी बावजूद जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई न करने के चलते चोरी की दोबारा घटना घटित हुई। फिलहाल अवर अभियंता गहरू विनय कुमार द्वारा शनिवार को सरोजिनी नगर थाने पर चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता के अनुसार चोरी की यह घटना दूसरी बार हुई है जिसमें विभाग को 20 हजार रुपए के राजस्व की हानि हुई है। ट्रांसफार्मर का तेल चोरी हो जाने के चलते कृषि फीडर के समस्त आठ ट्यूबवेलों की सिंचाई बाधित हुई जिससे किसानों की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। अवर अभियंता ने पुलिस से चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## हाऊस अरेस्ट कर पीड़ित से 47 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर ठग हुए अरेस्ट

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ को वादी द्वारा साइबर क्राइम थाने पर सूचना दी गई कि उन्हे हाऊस अरेस्ट कर उनके साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है जिस पर साइबर क्राइम टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त रंजीत कुमार बहेरा पुत्र महेश्वर बहेरा और अभियुक्त जयंत कुमार साहू पुत्र बैधर साहू को अपनी गिरफ्त मे ले लिया है साइबर पुलिस को अभियुक्तों के पास से ठगी किये गये एक लाख 27 हज़ार 7 सौ 40 रुपये नगद,तीन मोबाईल फोन और फर्जी सरकारी दस्तावेज़ भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि अपराधियों द्वारा लोगों को विडिओ काल के ज़रिये हाऊस अरेस्ट कर उनके साथ ठगी की जाती है ये साइबर क्राइम करने मे ज़रा भी नही हिचकते थे जिससे लोग आसानी से इनका शिकार हो जाया करते थे।

## मकान का ताला तोड़कर नगदी व गहने चोरी

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर में बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़ कर लाखो रुपये कीमत के जेवरात व हजारों की नगदी पार कर दी। पीड़ित मकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार देर रात रिर्पोट दर्ज कर चोरों का सुराग लगा रही है। थाना क्षेत्र के श्याम नगर मुल्लाही खेड़ा निवासी अनिल तिवारी के मुताबिक वह परिवार सहित हरियाणा के रेवाड़ी गए थे। इसी बीच बीते शुक्रवार को शाम करीब 4:30 बजे अपने मोबाइल पर देखा की उनके घर में लगा सीसीटीवी कैमरा बंद है। इसके बाद पीड़ित ने पड़ोसी अरुण कुमार मिश्रा को फोनकर अपने घर भेजा। पड़ोसी मिश्रा जब अनिल तिवारी के घर पहुंचे तो देखा मुख्य गेट व घर के अन्दर कमरे का ताला टूटने के अलावा अलमारी व उसका लॉकर भी खुला हुआ है।

## छात्र केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की निर्णायक शक्ति हैं: वंशराज दुबे

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। छात्र केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की निर्णायक शक्ति हैं। आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई स्टूडेंट एक्शन प्लेटफार्म (एएसएपी) का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को जनसरोकार की राजनीति से जोड़कर शिक्षा, रोजगार और लोकतंत्र को सशक्त करना है। यह बातें रविवार को मुख्य प्रवक्ता एवं एएसएपी के प्रदेश प्रभारी वंशराज दुबे ने कही। वे राजधानी लखनऊ स्थित आप प्रदेश कार्यालय पर छात्र इकाई की संगठन विस्तार बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एएसएपी जल्द ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और ज़िलों में इकाइयों का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगा। इस मौके पर बैठक में छात्र विंग के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाले महीनों की रणनीति पर भी चर्चा की। इसके साथ ही छात्र संवाद, कैंपस विज़िट्स और शिक्षा संबंधी जनआंदोलनों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। एएसएपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा कि छात्र आंदोलन को नई दिशा देने और संगठन को मज़बूत करते हुए आगामी जिला पंचायत के चुनाव में पूरी मजबूती से आप यूपी छात्र विंग 'एएसएपी' को अपनी सहभागिता दिखानी है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसएपी शिक्षा में समानता, फीस नियंत्रण और छात्रसंघ बहाली जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेश भर में आंदोलनात्मक कार्ययोजना शुरू करने जा रही है।

## भाजपा सरकार ने दिया सुशासनः मुकेश शर्मा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नेता व विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने सुशासन देकर विकसित भारत के संकल्पों को मजबूत किया है। राष्ट्रवादी विचाराधारा के साथ बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दिया जाना वास्तव में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का साकार प्रतिरूप है जिसके लिए उन्होंने आजीवन अलख जगाई थी। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा सीतापुर रोड के सेक्टर ए स्थित एमएलएम इण्टर कालेज परिसर में आयोजित 'हर रविवार, सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयन्ती के उपलक्ष्य में टीम डॉ. नीरज बोरा ने आयोजित किया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ आरम्भ हुए शिविर में तीन सौ से अधिक लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा मौके पर आनलाइन आवेदन किया। इस मौके पर एमएलसी मुकेश शर्मा ने मौके पर ही बने आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

# भाकियू आबाद राजू गुप्ता संगठन में शामिल हुए नए सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड पर स्थित भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला कैम्प कार्यालय पर संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने के चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में अभियान पहुंचे लोगों को संबोधित किया।उन्होंने इसी मौके पर गांवों चल कर पहुंचे किसानों व मजदूरों को ने संगठन में शामिल हुए किया।जिला अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत कोलवा दोहरी थाना लोनी कटरा बाराबंकी से रंजीत कुमार रावत पुत्र स्वा बेचा लाल रावत को ग्राम अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है तो ग्राम पंचायत




पकरा मजरा आदमपुर नौबस्ता पोस्ट बहरौली ब्लाक गोसाई गंज लखनऊ से शिवदीप गौतम पुत्र राम प्रसाद गौतम को ग्राम सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है ।ग्राम पंचायत देईटीकर पोस्ट मोहारी खुर्द थाना व ब्लाक गोसाईगंज से हरीश चंद्र रावत पुत्र भोगाई को, संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत जमाल पुर कुर्मियान पोस्ट व थाना थाना से विक्रम सरोज पुत्र राम मनोहर को ग्राम अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत शिवलर अशोक कुमार पुत्र केशन को ग्राम सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

ग्राम पंचायत ग्राम शिवलर निवास दिलीप कुमार पुत्र केशन को ग्राम प्रचार मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है । इसी गांव के अर्जुन पुत्र अयोध्या प्रसाद को ग्राम कोषाध्यक्ष के पद पर गंगा राम पुत्र अयोध्या प्रसाद को ग्राम संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है।यही के निवासी गुड्डू रावत पुत्त अयोध्या प्रसाद को ग्राम उपाध्यक्ष का पद सौंप दिया गया है।श्री सरदार के अनुसार ग्राम कमेटियों का मजबूत गोना जरूरी है।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम, जिला कमांडर निजी सचिव राम आसरे गौतम, महिला जिला संगठन मंत्री जगरानी गौतम, ग्राम अध्यक्ष संतोष कुमार रावत, ग्राम अध्यक्ष कन्हैयालाल गौतम, ग्राम अध्यक्ष कल्लू रावत, ग्राम अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम बाबा, ग्राम सचिव बीरेंद्र कुमार रावत, ग्राम उपाध्यक्ष गुड्डू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्य कर्ता मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर अमन और भाईचारे का संदेश अकीदतमंदों ने मनाया ग़म का महीना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । विकासखंड पहला क्षेत्र मे जगह-जगह पर गमी मातम करते हुए निकले ताजिए का जुलूस के साथ में इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही शहर में गम और अकीदे (श्रद्धा) का माहौल देखा गया। मोहर्रम के दसवें दिन 'यौमे आशूरा' पर शहीदे करबला ह.ज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए अकीदतमंदों ने मातम किया और ताज़िए निकाले।

शहर के विभिन्न हिस्सों में ताज़िया जुलूस निकाले गए, बेहमा चौकी ,सिरौली, दुघरा, सरैया स्टेशन ,जसमंडा, मंदुरी नियामतपुर लबरहा, सैर, लौनाआदि जगहों पर जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने काले कपड़े पहनकर मातम किया और नारे लगाए ऽ ''या हुसैन!'' ताज़ियों को सजाया गया और उन्हें विशिष्ट स्थलों पर दफन किया गया। शिया समुदाय के लोगों ने मस्जिदों और इमामबाड़ों में मजलिस का आयोजन कर ह.ज़रत इमाम हुसैन की कुर्बानी की यादें ता.ज़ा कीं।

और वही बेहमा स्थित कर्बला पर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पु.ख़्ता इंत.ज़ाम किए थे। जगह-जगह पुलिस बल के साथ तैनात ट्ट क्र दिनेश सिंह, ट्ट क्र बंसलाल हेड कांस्टेबल राजकमल मौर्य एवं हेड कांस्टेबल चंद्रभान यादव होमगार्ड महेंद्र पाल सिंह आदि सुरक्षा बल के साथ उपस्थित रहे ताकि जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सके। साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए विभिन्न समुदायों के लोगों ने आपसी सहयोग से आयोजन में हिस्सा लिया।

धार्मिक नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर करबला की घटना से मिलने वाले संदेश ऽ अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, सच्चाई और बलिदान ऽ को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने मोहर्रम को केवल एक म.ज़हबी पर्व नहीं, बल्कि इंसानियत की राह दिखाने वाला अवसर बताया।

# रेउसा सीएचसी में ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट एवं पौधों का हुआ वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा सीतापुर। रेउसा सीएचसी में वन विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाते हुए नवजात शिशुओं की माताओं/परिजनों को उत्तम प्रजाति का पौधा वितरित किया गया जिससे बच्चे के नाम पर पौधे का नाम रखकर परिजन पौधे की देख रेख करते हुए प्रकृति के प्रति संवेदनशील बने रहें ।

ज्ञात हो कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार 1 से 7 जुलाई वन महोत्सव के दौरान सरकारी अस्पताल में जन्मे सभी बच्चों के परिजनों को उत्तम प्रजाति का पौधा व ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट देकर प्रकृति को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद की रेउसा सीएचसी में रेंजर कमाल अहमद सिद्दकी, डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह, वन दरोगा हिमांशू वर्मा की मौजूदगी में,क्षेत्र की मोहिनी,



शिवानी , आयशा, रीता ,अ.फ़रो.ज़ जैसी माताओं को सर्टिफिकेट एवं पौधा वितरित कर प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

# मोहर्रम पर भी मजदूरी, सकरन की मनरेगा घोटाले ने तोड़ी सीमाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर)। प्रधानमंत्री की बहुचर्चित ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा एक बार फिर विकास खंड सकरन में भ्रष्टाचार की गंगा में डूबती नजर आ रही है। मोहर्रम जैसे पवित्र त्यौहार के दिन, जब एक खास समुदाय के लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाजों में व्यस्त थे, दुकानों के शटर बंद थे, ताजियादारी चल रही थी—उसी दिन कागजों में दर्ज मजदूर खेतों में 'मजदूरी' करते पाए गए!

**ईमानदारी के कफन में मनरेगा,मोहर्रम पर भी जारी रहा फर्जी मजदूरी का नाटक**

कागजों में मजदूर, हकीकत में ताजियादार!

शनिवार को जब एक समुदाय मोहर्रम मना रहा था, उसी दिन ग्राम पंचायत रूद्रपुर, धनावा, बेलवा बसहिया, बसहिया कोठार, मोहारी, बारहसिंहा और सरैंयाकलां में चकबंदी निर्माण कार्य की आड़ में मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई।

इद्दू खान, रिमसत खान, मुस्ताक, जाबिर, अल्ताब, शबनम, सलमाबानो, अफसाना, नुसरतजहां, इस्लाम, असलम, जन्नतुन निशां जैसे अनेक नामों को उस दिन कार्यरत दिखाया गया, जिस दिन वे किसी भी कीमत पर खेत में मौजूद नहीं हो सकते थे।

एनएमएमएस ऐप से फर्जी फोटो अपलोड, लाखों का भुगतान रास्ते में

ग्राम पंचायतों में गख्नख्नट्ट मोबाइल ऐप के जरिए फर्जी उपस्थिति दर्ज कर फोटो अपलोड कर दिए गए, ताकि नियमानुसार मजदूरी भुगतान में कोई अड़चन न आए। इस पूरे गोरखधंधे में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक की मिलीभगत उजागर हो रही है।

एपीओ का दावा ऽ होगी जांच, होगी कार्यवाही

इस पूरे प्रकरण पर जब सहायक परियोजना अधिकारी (एपीओ) रवि सिंह से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया ''ग्राम पंचायतों में मजदूरों की हाजिरी मोहर्रम के दिन दर्शाया जाना गंभीर मामला है। इस संबंध में जांच करवा कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।''प्रश्न यह भी ऽ क्या मनरेगा अब जमीनी रोजगार नहीं, केवल कागजी कमाई का माध्यम बन गई है? जब देशभर में गरीब मजदूर अपने हक की दो वक्त की रोटी के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं, उस वक्त इस तरह का धार्मिक दिवस पर फर्जी मजदूरी न केवल धार्मिक आस्था का अपमान है, बल्कि कानून और शासन व्यवस्था की सीधी अवहेलना भी।

# मोहर्रम: कड़ी सुरक्षा के बीच निकले ताजिया गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक हुए ताजिये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। गोला क्षेत्र में रात भर चौक पर ताजिए को रखने के बाद रविवार को नम आंखों से कर्बला में ताजिए दफन किए गए पूरी रात और दिन भर मजलिसों मातम का सिलसिला जारी रहा लोगों ने इमाम हुसैन की अजीम कुर्बानी को याद किया वही मोहर्रम में हैदराबाद पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद रही मोहर्रम के मौके पर सौठन, ख़म्हौल, भल्लिया,

आदि स्थानों पर ताजियादारो की अगुवाई मे गमगीन माहौल मे ताजियो के जुलूस निकाले गए। शाम के वक्त स्थानों के ताजिये गमगीन माहौल मे करबला मे दफन किये गए। इस दौरान हैदराबाद की चौकी ढखवा,चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पाण्डेय व आरक्षी शिवेन्द्र सिंह की अगुवाई मे सकुशल ताजिया मेला संपन्न कराया गया।

धौरहरा कस्बा में हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक और बर्तन आदि वस्तुएं लुटाई गईं। इस दौरान चौकी प्रभारी विरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज सिंह आदि ने सुरक्षा की कमान संभाली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद थे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। मुस्लिम समाज के लोगों ने तिरंगा ताजिया भी बनाया। जो लोगों का आकर्षण का केंद्र बना रहा। ताजियादार पहले से ही प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए गए मार्गो से होते हुए कस्बा में पहुंचे । इस मौके पर शिया समुदाय के नौजवान कुछ युवकों अपने जिस्म को लहूलुहान कर दिया तो वही सुनी अकीदत हकीकतमंद ने छाती पीट-पीटकर इमाम हुसैन एवं उनके जानिसारों की शहादत का रंज मनाया।

ताजिया विभिन्न मार्गों एवं बाजारों से होकर बैंड बाजों की मातंगी धुन के साथ ताजिया के आगे मातम करते हुए अपने अपने कार्य के साथ कर्बला पहुंचे जहां अंतिम दौर में की जाने वाली रस्म मर्सिया पढ़ने के बाद सभी ने अपने अपने ताजिए को सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस दौरान उप जिला अधिकारी लव गीत कौर व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश देती रही। शांति व्यवस्था की कमान सीओ शमशेर बहादुर, प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा एवं क्राइम प्रभारी गंगाराम यादव दलबल सहित संभाले हुए थे।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन संवाददाता। झंडी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीते गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। गांव के पास स्थित केले के खेत में एक 10 वर्षीय दलित बालक पप्पू का शव बबूल के पेड़ से लटका मिला। मासूम की संदिग्ध हालात में हुई मृत्यु से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे झंडी स्टेट के राजा व भाजपा के वरिष्ठ नेता राज राजेश्वर सिंह ने परिजनों को सांत्वना दी और इस प्रकरण में संलिप्त सभी लोगों पर गंभीर कार्यवाही का आश्वासन दिया। राजा राज राजेश्वर सिंह ने मौके पर ही जिले के एसपी संकल्प शर्मा से वार्ता कर पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करने को कहा तो एसपी ने उन्हें पूरा आश्वासन दिया।

पीड़ित परिवार ने राजा राज राजेश्वर सिंह के समक्ष आरोप लगाते हुए उन्हें बताया कि यह हत्या ज़मीन विवाद के चलते हुई है, जिसमें गांव के कुछ प्रभावशाली लोग शामिल हैं। उन्होंने लेखपाल पर मामले को दबाने और चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। साथ ही चौकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा व लेखपाल विद्योतमा के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# शिक्षक ऑनलाइन आकस्मिक अवकाश पर, फिर भी खंड शिक्षा अधिकारी मछरेहटा ने किया अनुपस्थित, काटा वेतन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर। जनपद के ब्लॉक मछरेहटा में 3 वर्षो से अधिक समय से तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य द्वारा उल्टी गंगा बहायी जा रही है। शिक्षक अवकाश लेकर भी सुकून में नहीं हैं। लक्ष्यीकृत शिक्षकों को परेशान किये जाने का कोई भी मौका बीईओ नहीं छोड़ रहे हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष देवर्षि प्रताप सिंह के मुताबिक खंड शिक्षा अधिकारी मछरेहटा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के बजाय अपनी आय बढ़ाने में लगे हुए हैं। शासन की मंशा के विपरीत कार्य इनके द्वारा किये जा रहे हैं। ब्लॉक में यदि शिक्षक अवकाश पर है और बीईओ को यदि उस विद्यालय से पैसा नहीं मिल रहा तो अवकाश पर होने के बावजूद भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुपस्थित की आख्या प्रेषित कर दी जाती है। ऐसे शिक्षक द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है।

## मान्यता प्राप्त पत्रकार की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मछरेहटा थानाक्षेत्र के ग्राम पेरियाकोडर निवासी धीरेन्द्र श्रीवास्तव दैनिक समाचार पत्र जनसंदेश टाइम्स से शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार हूं ,मेरी पैतृक संक्रमणीय भूमि गाटा संख्या 412, व गाटा संख्या 358 पर गांव के दिनेश पुत्र पतिराखन रामसहाय पुत्र पतिराखन छटक्कन पुत्र भूधर रामसेवक पुत्र भूधर आदि लोगो में मेरी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है मेरे पिता स्व उमेश चंद्र श्रीवास्तव के द्वारा बटाई पर भूमि दी गई थी। करोना काल से बटाई का अनाज भी नहीं दे रहे है बटाई का अनाज मांगने लड़ाई करने लगते हैं और हरिजन एक्ट लगाने की धमकी लगातार देते है उसके बावजूद मछरेहटा पुलिस को कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि मुझे ही कई बार थाने बुलाया जाता रहा है इसके अलावा थानाध्यक्ष श्री अमित पांडेय जी डीएम साहब व एस डी एम साहब का आदेश मानने को तैयार नहीं है मुझसे थाने में कहने लगे कि मैं किसी अधिकारी का आदेश जमीन के मामले में नहीं मानता इसके साथ विपक्षी गणों को एक भी बार थाने में नहीं बुलाया गया है। इसके अलावा पुलिस द्वारा मुझे ही धारा 126/135 बी एन एस एस के तहत पाबंद कर दिया गया । पुलिस ने 126/135 भी गलत बनाई है। पत्रकार का भाई अम्बरीष श्रीवास्तव जो नैमिष में नौकरी करते हैं और कभी भी मामले में उपस्थिति नहीं थे उन पर भी 126/135 लगाई है जिससे स्पष्ट है कि पुलिस विपक्षी दलों के दबाव में काम कर रही है जिसके चलते प्रार्थी को काफी डरा सहमा हुआ है । पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को आई जी आर एस संख्या 40015425050393 शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई ।

## अवैध आय अर्जन के प्रधान महराजनगर के खुल रहे राज फिर कैसे हो सुचारु विकास काज

सकरन (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहाँ प्रधानमंत्री आवास (शहरी ) का एक मसला ग्राम प्रधान महराजनगर का हल नहीं हो पाया था और धोखाधड़ी करते हुए हथिया लिया बिसवां में लाखों का आवास फिर कागजी हेर फ़ेर करते हुए क्षेत्र सकरन की ग्राम पंचायत महराजनगर की हथिया ली प्रधानी तो दूसरी तरफ प्रधानी के दौरान भ्रष्टाचार को बढ़ाते हुए विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा करते हुए ग्राम पंचायत में ही कई मकान, प्लाट, चौपहिया वाहन सहित तकरीबन एक हेक्टेयर खरीद डाली कृषि योग्य भूमि। दबी जुबान ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान व प्रधान पति ने फर्जीवाड़ा करते हुए पहले तो बनवाए फर्जी कागजात फिर झूठे वादे करते हुए प्रधानी चुनाव जीता फिर जनता के सामने पेश ही न हुए, कारण बस आमजन से दूर रह सरकारी धन को हड़पने का रहा। इसी नीति का पालन करते हुए विकास कार्यों में बड़ी धांधली करते हुए चंद दिनों में ही लाखों रूपए के 2-2मकान, प्लाट, ज्वेलरी, कार सहित करोड़ों कि कृषि भूमि खरीद डाली। आखिर ग्राम प्रधान के आय के समस्त स्रोतों से अधिक अर्जित दौलत कि जाँच कब,अचल संपत्ति में बेसुमार बढ़ोत्तरी कि जाँच कब?या यूँ ही प्रधानी पद बनकर रह जाएगा सरकारी धन को लूट कर बेसुमार दौलत संग्रह का पद और जनता एक अदद रास्ते, नाली, स्ट्रीट लाइट के लिए रहेगी तरसती।

## पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा मोहर्रम त्योहार के अवसर पर भारी पुलिस बल सहित जनपद में भ्रमणशील रहकर फ्लैग मार्च किया गया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । आज मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखते हुए संपूर्ण जनपद खीरी में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। त्योहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा स्वयं भारी पुलिस बल सहित जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए अधिनस्थों को कड़े निर्देश दिये गये।

## मोहर्रम पर खीरी पुलिस सतर्क, एसपी संकल्प शर्मा ने फ्लैग मार्च कर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहर्रम के अवसर पर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु खीरी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने स्वयं भारी पुलिस बल के साथ जनपद में भ्रमणशील रहते हुए फ्लैग मार्च किया। एसपी शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थों को स्पष्ट आदेश दिए कि किसी भी तरह की अफवाह या कानून व्यवस्था में बाधा डालने वाली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। पुलिस की यह सक्रियता स्थानीय लोगों में विश्वास का माहौल बना रही है।

# खाद की ओवररेटिंग चुनौती समितियों खाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। संवाददाता आर के चौहान गन्ना निराई,सिंचाई तथा धान की रोपाई कर चुका किसान अब खाद के लिए प्राइवेट दुकानों व खाद की समितियों के चक्कर काट रहा है।निघासन के एग्री जंकशन,समेत सिंगाही रोड एब्लॉन पब्लिक स्कूल,पलिया रोड जोशन खाद भंडार सिंगाही,झंडी,लुधौरी के सेंगर खाद भंडार,विक्रम सिंह खाद भंडार समेत पूरे इलाके में ओवररेटिंग खाद बिक्री की जा रही है। इधर सरकार संस्थानों में कही से खाद मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही जिसके कारण निराशा लेकर वापस हो रहे अन्नदाता की चिंता बढ़ती ही जा रही है। उसे डर सता रहा है समय रहते अपनी फसलों को खाद नहीं दे पाए तो बाढ़ के दौरान कैसे ऊर्वरकों का प्रयोग हो सकेगा।

मानसून की आमद की आहट से धान,गन्ना की खेती की करने वाले किसानों को फसलों की बेहतर पैदावार उपज के लिए यूरिया, डीएपी आदि खाद की आवश्यकता बढ़ गई है।वहीं सरकारी क्रय विक्रय समिति,गन्ना सोसाइटी के अलावा आदि सरकारी संस्थानों में खाद की किल्लत बनी है।जिसके चलते किसान खाद विक्रेताओं से दोगुने दाम में खाद लेने को मजबूर है।इससे किसान काफी परेशान हो चुका है।अभी हाल ही में निघासन इलाके को छोड़कर कई जगह नवागत जिला कृषि अधिकारी ने छापेमारी की।कुछ खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने के बाद कार्रवाई भी की गई है।कृषि अधिकारी की कार्रवाई से निघासन इलाके के किसानों को भी थोड़ी उम्मीद जगी है।किसानों की मांग है कि तराई क्षेत्र के किसानों को नवागत जिला कृषि अधिकारी से कुछ उम्मीद बंधी है। कि शायद अब मूल्य से अधिक दामों पर बिकने वाली खाद पर कुछ अंकुश लग सकता है।किसानों का आरोप है कि नगर के सिंगाही,पलिया,झंडी, धौरहरा मार्ग पर खाद की दुकानें खुली है जहां मनमाने भाव में किसानों का शोषण किया जा रहा है।खाद के निर्धारित भाव 266रुपए होने के बावजूद किसानों को वही खाद दोगुने भाव 450में खरीदनी पड़ रही है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज स्थित श्रीपाल सिंह इंटर कॉलेज में भारत माता के महान सपूत, राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद् व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, जेवीगंज गन्ना समिति अध्यक्ष अखिलेश त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी (पग्गू), मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान कमल बिहारी गुप्ता, पवन गुप्ता, रजनीश त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसे देशवासी कभी नहीं भूल सकते।

# डॉ. मुखर्जी एक दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्रवादी चिंतक थे : आनंद शाही

एजेंसी



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने न्यू कॉलोनी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी फिटनेस पार्क में साफ सफाई और जयंती कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता आनन्द प्रकाश शाही ने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक विद्वान नहीं थे, वे एक दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्रवादी चिंतक भी थे। वे मानते थे कि भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। नेहरू सरकार से मतभेद होने के बावजूद, सिद्धांतों के साथ कोई समझौता नहीं किया। जब कश्मीर में धारा 370 लगाई गई एवं भारतीय नागरिकों को बिना परमिट प्रवेश की अनुमति नहीं थी। तब उन्होंने एक प्रधान , एक निशान एक विधान का नारा देकर आंदोलन किया और बलिदान हुए। निवर्तमान नगर अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि आज जब भारत वैश्विक मंच पर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है, तब डॉ. मुखर्जी की सोच और नीतियाँ हमें मार्गदर्शन देती हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने हमें सिखाया राष्ट्र पहले संविधान सर्वोपरि और जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पूर्व मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडे, पूर्व नगर महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा एडवोकेट, किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी अजय दुबे वत्स, सोशल मीडिया के जिला संयोजक शुभम त्रिपाठी, पवन गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# माइनरों में पानी न आने से किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। महराजगंज क्षेत्र में रजबहा और माइनरों में पानी न आने से किसान परेशान हैं। धान की रोपाई का समय है, लेकिन नहरों में पानी न होने के कारण किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि, शारदा सहायक की पोषित रायबरेली रजबहा और रायबरेली रजबहा से पोषित महराजगंज माइनर में पानी न आने से किसानों को खेतों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। लगभग दो महीने की तैयारी बेढ़ना खेतों में खड़ी हुई है, जो बूढ़ी हो रही है।

आपको बता दें कि, शारदा सहायक की पोषित रायबरेली रजबहा थुलेडी के पास से निकली है। इसके अंतर्गत महापतगंज, नरई, थुलवांसा, गोलहा, भदिहा, सलेथू, बरहुआं, असनी, राघवपुर, घोरौना, हरदोई, हाजीपुर, चिलौली आदि गांव की हजारों



एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। इसी रायबरेली रजबहा से गोलहा के पास से निकली महराजगंज माईनर का भी यही हाल है, जब रायबरेली रजबहा में ही पानी नहीं आ रहा है तो महराजगंज माईनर में पानी आना संभव ही नहीं है।

महराजगंज माईनर के अन्तर्गत गढ़ी, रवना, बल्ला, जिहवा, पाली, ढोढ़े का पुरवा, सुखई का पुरवा, घेरा, बबुरिहा, अलारगंज आदि गांवों के किसान दोनों रायबरेली रजबहा और महराजगंज माईनर में पानी न छोड़ें जाने से परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों बाबूचंद्र लखनऊवा, बजरंगी, मोछई, नकई, जंगू, केदार, ब्रजमोहन, राम भरोसे आदि का कहना है कि, उनके धान की बेढ़न डेढ़ से दो महीने की हो गई है। नहर की सिंचाई के अलावा और कोई जरिया नहीं है। धरती पर भगवान कहे जाने वाले किसान के ऊपर न तो सरकार की कृपा दृष्टि है और न ही इन्द्र भगवान की कृपादृष्टि है, ऐसे में रायबरेली का किसान हर तरफ से असहाय दिखाई दे रहा है।

किसानों का कहना है कि, संसद से लेकर सदन तक रायबरेली के विकाश और खुसहाली की गाथा गाने वाले रायबरेली सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश सरकार के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती के होते हुए भी क्षेत्र की जनता और किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। किसानों का यह भी कहना है कि, रामलाल अकेला के विधायक कार्यकाल में, पूर्व प्रमुख स्व. रामशंकर चौधरी के रहते क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज, पानी के लिए कभी किल्लत नहीं उठानी पड़ी।किसानों ने जिले की मुखिया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से माईनरों और रजबहों में पानी छोड़े जाने की मां की है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ट्रैक्टर से टकराई, सात गंभीर, दो दर्जन मामूली रूप से घायल

**बछरावां,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार दोपहर बांदा बहराइच हाईवे पर नंदाखेड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई । हादसे में बस पर सवार यात्री नाजीनी पत्नी सलमान व बेटा अरमान निवासीगण ताला , रमेश पुत्र रामबरन निवासी रामनगर थाना गुरूबकसगंज , गुड़िया पत्नी संजय , संजय पुत्र रामआसरे निवासी कोंसा , हितेश्वर पुत्र राजबली , रामरती पत्नी राजबली निवासी बल्लान बांदा गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दो दर्जन से अधिक यात्रियों को मामूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां चिकित्सक के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार के बाद रामरती व गुड़िया की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही दो दर्जन से अधिक यात्री जो मामूली रूप से चोटिल हुए हैं वह अपने गंतव्य को चले गए। वही बस चालक मौके से फरार हो गया है । यात्रियों के मुताबिक बस चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। इंचार्ज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है । तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

## वर्तमान जीएसटी प्रणाली में विक्रेता के त्रुटियों की सजा क्रेता भुगत रहा है : डा. पवन जैन

**मुरादाबाद।** व्यापार भारती के महामंत्री डॉ पवन कुमार जैन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री को मांग पत्र भेजा है। इस पत्र के माध्यम से जीएसटी प्रणाली में व्याप्त जटिलताओं और व्यापारियों को हो रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव और संशोधन प्रस्तावित किए हैं। वर्तमान जीएसटी प्रणाली में विक्रेता की त्रुटियों की सजा क्रेता भुगत रहा है। इससे उन व्यापारियों और खरीदारों पर आर्थिक भार पड़ रहा है, जो स्वयं ईमानदार हैं और जिनका गलती से कोई संबंध नहीं है। डॉ पवन जैन ने पत्र में मांग की है कि ऐसे प्रावधानों में तत्काल संशोधन किया जाए ताकि निर्दोष क्रेताओं को विक्रेता की गलतियों का दंड न भुगतना पड़े। उन्होंने इसके अतिरिक्त 'व्यापार भारती' ने जीएसटी से संबंधित 9 सूत्रीय सुझाव भी सम्मिलित किये हैं। जिनमें टैक्स क्रेडिट से जुड़ी विसंगतियाँ, रिफंड प्रक्रिया में देरी, जटिल अनुपालन प्रक्रिया, छोटे व्यापारियों के लिए अनुपातहीन दंड प्रावधान तथा तकनीकी त्रुटियों से जुड़े मुद्दे प्रमुख हैं। डॉ पवन कुमार जैन ने अपने पत्र में सुझाव दिया है कि जीएसटी कानून को सरल बनाया जाए, डिजिटल प्रणाली को और पारदर्शी एवं त्रुटिरहित किया जाए और व्यापारिक समुदाय को अनावश्यक कानूनी उलझनों से मुक्त रखा जाए।

## अब नहीं कटेगी गंगा की धार, मीरजापुर में 13.80 करोड़ की बड़ी योजना शुरू

**मीरजापुर।** अब गंगा की कटान से जिले की जमीन नहीं कटेगी, बल्कि पक्की योजना से गंगा की धार को थामने की तैयारी शुरू हो गई है। 13.80 करोड़ रुपये की लागत से तीन बेहद संवेदनशील स्थानों पर गंगा की धार को रोकने का काम तेज़ी से चल रहा है। खास बात यह है कि जिलाधिकारी का सरकारी आवास, एक प्रमुख बालिका इंटर कॉलेज और पंप कैनाल जैसे महत्वपूर्ण इलाके अब इस परियोजना से सुरक्षित हो सकेंगे।गंगा की बेकाबू होती धार ने अब तक कई बस्तियों, खेतों और सार्वजनिक परिसरों को निगल लिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि डीएम आवास और स्कूल भवन भी खतरे की जद में आ गए थे। इसे देखते हुए सिंचाई विभाग के जल संसाधन खंड ने तत्काल प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। अब शासन ने 2.51 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है और काम युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है।मीरजापुर नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि गंगा कटान रोकने के लिए तकनीकी दृष्टि से मजबूत योजना पर काम शुरू हो चुका है। इस बार सिर्फ पत्थर डालने से नहीं, वैज्ञानिक तरीके से धार को नियंत्रित किया जाएगा। यह योजना सिर्फ सरकारी ढांचे को नहीं, बल्कि शिक्षा संस्थान, जन आवास और खेती की जमीन को भी बचाएगी। गंगा की किनारों से लगे सैकड़ों परिवारों को इससे राहत मिलेगी। ऐसे रुकेगी गंगा की धार गंगा की धारा को थामने के लिए स्टेप पिचिंग और लांचिंग पिचिंग तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। पानी के अंदर स्टेप पिचिंग से तट को मज़बूत किया जाएगा। पानी के ऊपर लांचिंग पिचिंग में लोहे की जालियों में भारी बोल्डर भरकर किनारों पर जमाए जाएंगे। इस तरह की दीवार गंगा की धारा को टकराकर लौटाएगी और मिट्टी का कटाव रुक जाएगा। इन जगहों पर हो रहा काम बिसुंदरपुर स्थित जिलाधिकारी आवास के पीछे। रामबाग का महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज परिसर और अर्जनपुर का पंप कैनाल नीवी गहरवार क्षेत्र में काम चल रहा है। इन तीनों स्थानों पर कटान बहुत तेज़ हो चुका था और हर साल मानसून में चिंता दोगुनी हो जाती थी। अब योजना के तहत दिसंबर 2025 तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे।

## हमारे देश की प्रमुख दलहनी फसलों में से एक है अरहर : दलहन वैज्ञानिक

**कानपुर।** हमारे देश की प्रमुख दलहनी फसलों में से एक अरहर है। दलहन उत्पादन के साथ-साथ 150 से 200 किलोग्राम वायुमंडलीय नाइट्रोजन मृदा में स्थिरीकरण कर देता है। जिससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार अरहर की बुवाई का उत्तम समय मध्य जुलाई तक है। यह जानकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दलहन वैज्ञानिक डॉ अखिलेश मिश्रा ने दीं है। दलहन वैज्ञानिक डॉ अखिलेश मिश्रा ने बताया कि अरहर हमारे देश की प्रमुख दलहनी फसलों में से एक है। उन्होंने कहा कि अरहर उत्पादन के साथ-साथ 150 से 200 किलोग्राम वायुमंडलीय नाइट्रोजन मृदा में स्थिरीकरण कर देता है। जिससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है। डॉ अखिलेश ने बताया कि अरहर की बुवाई का उत्तम समय मध्य जुलाई तक है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि अरहर की उन्नतशील प्रजातियां जैसे नरेंद्र अरहर एक ,नरेंद्र अरहर दो, आजाद अरहर, मालवीय एवं आईपीए 203 प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि अरहर के लिए दोमट एवं भारी मृदाएं सर्वोत्तम होती हैं। उन्होंने कहा कि अरहर के लिए 12 से 15 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है। साथ ही बुवाई के पहले किसान भाई जैव उर्वरक जैसे राइजोबियम कल्चर से उपचारित करने के बाद बुवाई करें। जिससे कि अधिक मात्रा नाइट्रोजन में स्तरीकरण होता है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि बुआई के पहले 20 किलोग्राम नाइट्रोजन,50 किलोग्राम फास्फोरस, 20 किलोग्राम पोटाश तथा 20 किलोग्राम सल्फर देना सर्वोत्तम होता है।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गौ तस्कर गिरफ्तार, गोली लगने से घायल दो बदमाश जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र में शनिवार देर रात्रि पुलिस टीम की गोतस्करों से मुठभेड़ हो गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन गौतस्कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो गौतस्कर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गए पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरे आरोपित को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घेराबंदी करके दबोचा है। पकड़े गए तीनों आरोपित गौकशी की घटना को अंजाम देने जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने रविवार को बताया कि थाना मूंढ़ापांडे पुलिस टीम शनिवार रात्रि करीब 1 बजे एसएचओ मूंढापांडे राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर चेकिंग कर रही थी।

# जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज,रायबरेली। रायबरेली में चांदपुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहे पर उस समय मातम पसर गया, जबकि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले तो दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हुई, देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए लाठी डंडों तथा सरिया से लैस दोनों पक्ष एक दूसरे पर टूट पड़े, विवाद में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। किंतु एक 32 वर्षीय युवक की हालत को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

आपको बता दे कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना रायबरेली के चंदापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहे के पास स्थित भूमि विवाद का है। बताते हैं कि, पाल बिरादरी और यादव बिरादरी के बीच इसी जमीन विवाद को लेकर विगत चार माह पूर्व मकान बनाने के समय झगड़ा हुआ था, जिसमें तत्कालीन थाना महराजगंज में मुकदमा भी पंजीकृत हुआ था। जिस जमीन पर यादव बिरादरी द्वारा शटरिंग कराई जा रही थी, वह जमीन राजस्व अभिलेखों में यादव बिरादरी के नाम दर्ज बताई जा रही है। बीते शनिवार की रात इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रात में ही मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया था। किंतु आज रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे जब यादव बिरादरी पक्ष स्लैब डालने की तैयारी कर रहा था, तभी दूसरा पक्ष पाल बिरादरी के साथ मौके पर जाकर स्लैब न डालने की बात कहने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष की नौबत आ गई, और देखते ही देखते दोनों पक्ष लाठी डंडों तथा लोहे की राड से लैस



अमादा फौजदारी हो गए। इस संघर्ष में एक 28 वर्षीया महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं।

आपको यह भी बता दे कि, इस जमीन की पैमाइश चन्दापुर पुलिस, हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में कराई गई थी, जिसमें जमीन यादव पक्ष की भूमिधरी जमीन पैमाइश करने गए अधिकारियों द्वारा बताई गई थी, जो राजस्व अभिलेखों में यादव बिरादरी के नाम दर्ज है। जबकि पाल बिरादरी की जमीन इस गाटा संख्या के पीछे की बताई गई थी। बताया जा रहा है कि, पैमाइश के बाद यादव बिरादरी के लोग स्लैप डालने के लिए शटरिंग करवा रहे थे। बीती देर रात इसी बात को लेकर प्रतिपक्षीगण पाल बिरादरी के साथ मौके पर जाकर बवाल मचाने लगे, और दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई थी। रात में ही घटना की सूचना पर पहुंची चंदापुर पुलिस ने घायलों को लाकर प्राथमिक उपचार करने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया था। किंतु आज रविवार को दिन में लगभग 1 बजे जब यादव पक्ष के द्वारा स्लैप डालने की तैयारी हो रही थी, तभी पुनः प्रतिपक्षीगण एक राय होकर अमादा फौजदारी लाठी डंडो व सरिया से लैस एक दूसरे के खून के प्यास बन गए। दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक पक्ष से शैलेंद्र सिंह, आशीष सिंह तथा दूसरे पक्ष से एक महिला की मौत और तीन लोग गंभीर अवस्था में घायल हुए हैं। मृतक महिला का नाम सुनीता (28) पत्नी सौरभ निवासी गुरुदत्त का पूरवा मजरे ज्योना बताया गया है। जबकि घायलों में सुरेंद्र यादव (25) पुत्र गुरु चरन यादव, राजेंद्र यादव (45) पुत्र गुरु चरन यादव, राजेंद्र यादव (40) पुत्र गुरु चरन यादव, वहीं दूसरे पक्ष से शैलेंद्र सिंह (32) पुत्र सुरेश सिंह, आशीष सिंह (25) पुत्र शिव सिंह निवासी जनई गंभीर अवस्था में घायल हुए हैं। जिन्हें महराजगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां शैलेंद्र सिंह की हालत को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया हैं, वहां उनकी भी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताते हैं कि, इस घटना को लेकर पुलिस रात में ही अगर आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए धर पकड़ शुरू कर देती तो आज रविवार को दिन में उत्पन्न हुए विवाद की नौबत ही नहीं आती। मामले में क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि, घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में एक महिला की मौत हो गई है। आगे की कार्यवाही प्रचलित है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# कूड़े के ढेर से मिलीं 35 बोरी एक्सपायरी दवाएं

एजेंसी

जालौन। कोंच कोतवाली क्षेत्र में सरकारी अस्पताल के पास बने कूड़ा डंपिंग ग्राउंड से शनिवार की देर रात को भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं मिली। यह मामला तब सामने आया जब नगर पालिका के सफाई निरीक्षक हरिशंकर मोहर्रम पर्व से पहले क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे।

नगर पालिका के सामने निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक की नजर एक चार पहिए वाले ठेले पर कुछ संदिग्ध लोगों पर पड़ी, जो कूड़े के ढेर में बोरियों के पैकेट फेंक रहे थे। संदेह होने पर जैसे ही वे मौके पर पहुंचे, ठेले वाले लोग भाग निकले। मौके पर 35 बोरी एक्सपायरी दवाइयां पाई गईं, जिन्हें कूड़े में दबाने की कोशिश की जा रही थी। सूचना मिलते ही एसडीएम कोंच ज्योति सिंह, कोंच कोतवाली पुलिस और नगर पालिका की



टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्रग इंस्पेक्टर को भी सूचित किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दवाओं की पैकिंग, निर्माण और एक्सपायरी तिथि की गहन जांच की। एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि मौके से बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं बरामद हुई हैं। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी मेडिकल स्टोर या थोक दवा वितरक ने एक्सपायरी स्टॉक से छुटकारा पाने के लिए इन्हें गुपचुप तरीके से फेंका है। उन्होंने कहा कि आसपास के मेडिकल स्टोर और गोदामों की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# देवशयनी एकादशी पर जनकल्याण की कामना से उतारी आदिकेशव की आरती

एजेंसी

वाराणसी। देवशयनी एकादशी पर रविवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने काशी के प्राचीन विष्णु तीर्थ भगवान आदिकेशव की आरती उतार कर जन कल्याण की कामना की। श्री हरि को प्रिय तुलसी के पौधे का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख भी जगाई। काशी का द्वार कहे जाने वाले आदिकेशव घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। देश में सुख-समृद्धि व गंगा निर्मलीकरण की गुहार लगाकर आदिकेशव को फल व मिष्ठान का भोग लगाया।

भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने और चातुर्मास के प्रारंभ होने के दिन श्रीहरि व मां लक्ष्मी की उपासना की गई। मंदिर परिसर में ? नमो भगवते वासुदेवाय नमः, आरती कुंज बिहारी की श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की, ? जय जगदीश हरे की गूंज रही। आदिकेशव के सम्मुख भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का



पाठ भी किया गया।

नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि देवशयनी एकादशी का महत्व पुराणों में विशेष रूप से बताया गया है। इस दिन से भगवान विष्णु विश्राम करते हैं, और पूरी सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव को सौंप देते हैं। इसी वजह से चातुर्मास के दौरान भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। इस अवधि में तपस्या, योग, मंत्र जाप और धार्मिक अनुष्ठान करने से दोगुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है। श्री हरि भगवान विष्णु जी और देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना है कि हमारा भारत विकसित और आरोग्य बने।

स्वच्छता अभियान में सारिका गुप्ता, आदिकेशव मंदिर महंत पं0 ओंकार नाथ त्रिपाठी, पार्वती त्रिपाठी गोविंदलाल पांडेय, नंदलाल, पंकज चौबे, राजनाथ आदि ने भागीदारी की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सोहिलपुर विकास खण्ड हरख जनपद बाराबंकी**

पत्रांक-मेमो/2025-26 दिनांक 05.07.2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राजवित्त/15वां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम ) / एसएलडब्ल्यूएम अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन , अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम,कायाकल्प,एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेंट प्रति बैग, 3. साधारण बालू/स्थानीय बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.07.2025 से 13.07.2025 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफ़ाफ़े में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 14.07.2025 समय अपराह्न 02:00 बजे।

**शिवनाथ सिंह**
**कार्यवाहक ग्राम प्रधान**
ग्रा.पं. सोहिलपुर , वि.खं. हरख जनपद बाराबंकी

**अक्षिता अस्थाना**
**सचिव**
ग्रा. पं. सोहिलपुर , वि.खं. हरख बाराबंकी


# हरिशयनी एकादशी पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, चातुर्मास व्रत का हुआ शुभारंभ

एजेंसी

वाराणसी। आषाढ़ शुक्ल एकादशी यानी हरिशयनी एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को धर्म नगरी काशी में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर श्रीहरि विष्णु की आराधना की, दान-पुण्य किया और व्रत रखा। इसी के साथ संतों, सदगृहस्थों का चार माह चलने वाला 'चातुर्मास' व्रत भी आरंभ हो गया है, जो कार्तिक शुक्ल एकादशी (हरिप्रबोधिनी) तक चलेगा।

हरिशयनी एकादशी से भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस दौरान सभी शुभ और मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत आदि मांगलिक कार्य अब कार्तिक शुक्ल एकादशी के बाद ही संपन्न होंगे।

चातुर्मास की अवधि को सनातन धर्म में



अत्यंत पवित्र माना गया है। संत-महात्मा इस दौरान अपने आश्रमों या मठों में रहकर तप, जप और श्रीहरि की आराधना करते हैं। वे श्री विष्णुसहस्त्रनाम, श्री विष्णु चालीसा, पुरुषसूक्त, विष्णु मंत्रों का पाठ करते हैं और संयमित जीवन जीते हैं। गृहस्थजन भी चातुर्मास्य व्रत का पालन करते हैं। वे इस अवधि में पत्तेदार सब्जियां, भाद्रपद मास में दही, आश्विन मास में दूध और बैंगन जैसे तामसिक खाद्य पदार्थों का त्याग करते हैं। व्रती प्रायः भूमि पर शयन करते हैं और दिन में एक बार सात्विक भोजन करते हैं। शिव आराधना समिति के डॉ. मृदुल मिश्र के अनुसार, चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं, ऐसे में सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इसी कारण इस कालखंड को शिव उपासना और साधना के लिए भी विशेष माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने राजा बलि को दिए वरदान के अनुसार पाताल लोक में निवास किया था। यही कारण है कि यह समय उनकी योगनिद्रा का काल माना जाता है। डॉ मिश्र ने बताया कि चातुर्मास का समय आत्म-चिंतन, साधना, धर्मग्रंथों के पठन-पाठन, इंद्रिय संयम, सात्विक आहार और पुण्य कार्यों का उत्तम काल होता है। रामायण, श्रीमद्भागवत गीता और अन्य धर्मग्रंथों का पाठ, तीर्थयात्रा, सेवा और दान के माध्यम से आत्मिक उन्नयन का प्रयास किया जाता है। सनातन धर्म में यह अवधि केवल व्रतों और त्याग की ही नहीं, बल्कि जीवन को अधिक सात्विक, अनुशासित और ईश्वरमय बनाने का अवसर भी है।

# कागज में नालों की सफाई,नालों में उगी झाड़ियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । नगर पालिका परिषद बरसात से पहले नालों की सफाई कराए जाने के लिए करोड़ो रुपये खर्च करता है।अभियान चलाया जाता है, नालों की सफाई करते हुए फोटो भी खिंचवाए जाते हैं।इसके बावजूद शहर के नाले गंदगी से ही पटे ही पड़े हैं।उनमें कूड़ा-करकट,झाड़ियां उगी है,जोकि सड़ने के कारण बदबू मारने लगा है।वहीं नगर पालिका नियमित सफाई कार्य कराए जाने का दावा कर रहा है।नालों की सफाई न होने पर बरसात में शहर में जलभराव होना तय है।मानसून की पहली बारिश ने नगर पालिका परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है।नालों की सफाई में लापरवाही से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।स्थानीय लोग नगर पालिका प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त कर रहे हैं।मानसून की पहली ही बारिश ने गोण्डा नगर पालिका परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है।नगर के 27 वार्डों में फैले तीन बड़े नालों और 27 अन्य नालो की सफाई अब तक पूरी नहीं की जा सकी है।नतीजतन, हल्की बारिश में ही कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गईं है।स्थानीय लोगों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।नालों की सफाई के लिए नगर पालिका परिषद करोडो रुपये के टेंडर निकाला गया है।इसके बावजूद,नालों की सफाई महज कागजों तक ही सीमित रह गई।कई स्थानों पर नालों की सफाई मई क़े महीने में हुई है कई स्थानों पर तो सिर्फ कागज में नालो की सफाई हुई है।जबकि कुछ स्थानों पर गंदगी व कचरे से नाले अब भी जाम पड़े हुए हैं।पटेल नगऱ में तो नालों का पानी सड़क पर फैल रहा है और बदबू व मच्छरों से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।स्थानीय लोगो का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पालिका ने केवल दिखावे की सफाई की बारिश शुरू होने के बाद अब अधिकारी मौके का मुआयना तक नहीं कर रहे।आज से बच्चों के स्कूल खुल रहे हैं, जिससे बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल होगा और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। पालिका अधिकारियों की उदासीनता से जनता में रोष है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों की सफाई होती तो यह हालात न बनते।वही पंत नगर में बह रहे नाले में वर्षों से सफाई ही नहीं हुई है नाले में बड़ी-बड़ी झाड़ियां और गंदगी से फटा हुआ है।यही हाल अंबेडकर चौराहे का है यहां पर भी बह नाले में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं।वही महराजगंज और राजा मोहल्ले में रहने वाले सैकड़ों लोगों में वर्षा होने से पहले ही लोगों को डर सताने लगता है कि हर साल बारिश होने पर उनके घरों में पानी अगले वर्ष की तरह फिर न भर जाए।इस सम स्या से निजात पाने के लिए लोगों ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की है,लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।वही नालों की सफाई नहीं होने से समस्या विकराल होती जा रही है लोगों का आरोप है कि नालों की सफाई नहीं होने से समस्या विकराल रूप धारण कर लेती,जिला अधिकारी के नागरिक संगम कार्यक्रम में भी इस समस्या को उठाया गया,लेकिन नगर पालिका ने कोई कार्रवाई नहीं की है।मोहल्ले के रहने वाले लोगों में आक्रोश है और वे जल्द से जल्द समस्या का समाधान

चाहते हैं।वही कुछ लोगो का कहना है कि यह समस्या एक या दो घरों की नहीं है,बल्कि पूरा मोहल्ला इससे पीड़ित है।लोगों का कहना है कि बरसात होने से पहले नालों की साफ सफा ई नहीं होने पर उनके घरों में पानी भरेगा और जीना मुश्किल हो जाता है।अब मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और ऐसे में जल निकासी की व्यवस्था अधूरी है,जिससे जल भराव और बीमारियों की आशंका और अधिक बढ़ गई है,सिर्फ दिखावे की सफाई पालिका ने नालों की सफाई के लिए करीब करोड़ो रूपये से अधिक के टेंडर तो पास कर दिए,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है।अधिकांश वार्डों में नालों में अब भी प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और गंदगी जमी हुई है।सफाई कर्मियों की तैनाती सिर्फ नाम मात्र की है।बीमारियों का खतरा मंडराया खुले नालों में जमा पानी से मच्छर पनप रहे हैं,जिससे डेंगू,मलेरिया जैसी बीमा रियों का खतरा मंडरा रहा है।कई मोहल्लों में गंदा पानी घरों में घुस चुका है,जिससे लोगों की दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

# अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के अर्दली ने युवती से की अश्लीलता, वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में अपर उपजिलाधिकारी ऑफिस में तैनात एक साठ वर्षीय अर्दली का आपत्ति जनक वीडियो सामने आया है।अर्दली ने युवती को नौकरी का झांसा देकर बुलाया था।वीडियो में साफ -साफ दिख रहा है कि अर्दली अपने सरकारी क्वार्टर में अर्धनग्न अवस्था में युवती का हाथ पकड़ते हुए है।गलत जगहों पर टच कर रहा है,जबरन कपड़े उतारने की कोशिश करते हुए नजर आ रहा है।मामला चेतना पार्क ऑफिसर्स कॉलोनी का है।घटना एक सप्ताह पुरानी है।शनिवार को युवती और अर्दली का

वीडियो सोशल मीडिया सामने आया।इसके बाद डीएम नेहा शर्मा ने आरोपी अर्दली हरिवंश शुक्ला को सस्पेंड कर दिया।युवती ने बताया घटना के दो दिन बाद मैंने डीएम के फोन पर मैसेज करके शिकायत की थी।इसके बाद से हरिवंश शुक्ला मुझे चार-पांच दिनों से परेशान कर रहा है।मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।आरोपी को जेल भेजा जाए।हरदोई निवासी अर्दली हरिवंश शुक्ला साठ वर्षीय गोंडा अपर उपजिलाधिकारी प्रथम कार्यालय में तैनात है।पीड़िता ने वीडियो जारी कर बताया कि वह करीब एक महीने पहले नौकरी की अर्जी लेकर कलेक्ट्रेट गई थी।यहीं पर मेरी मुलाकात हरिवंश शुक्ला से हुई।हरि वंश ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया।मेरा मोबाइल नंबर ले लिया और रोज मुझसे बात करने लगा।हरिवंश ने करीब एक सप्ताह पहले मुझे चेतना पार्क में बुलाया।इसके बाद नौकरी दिलाने की बात कहकर ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित अपने सरकारी क्वार्टर पर ले गया।कमरे में पहुंचते ही अंदर से कुंडी लगा दी।अपने कपड़े उतार दिए और मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा।विरोध करने पर चाकू दिखाया और जबरन मेरे कपड़े भी उतारने लगा।मैंने अगली बार आने का झांसा देकर किसी तरह अपनी इज्जत बचाई।घटना के बाद मैं बहुत घबरा गई थी।किसी तरह हिम्मत जुटाकर दो दिन बाद डीएम से ऑनलाइन शिकायत की।वही पीड़िता ने कहा- शिकायत करने के बाद से हरिवंश ने मुझे फोन करके पूरे परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी।मेरी प्रशासन से अपील है कि ऐसे आरोपी को जेल भेजा जाए।

# अकीकत के साथ ताजिया दफनाने का सिलसिला शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच । कैसरगंज थाना क्षेत्र में उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं भारी पुलिस फोर्स के जवानों के साथ प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारी भारी संख्या में मौजूदगी में कैसरगंज के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ताजिया दफनाने का सिलसिला शांतिपूर्वक चलता रहा।

पूर्व में ही शासन प्रशासन द्वारा निर्धारित निर्देश के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि अगर किसी ने कहीं भी माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, पुलिस दंगाइयों पर पैनी नजर रखे हुए हैं, संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शासन प्रशासन की निगरानी में ताजिया दफनाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ताजिया दफनाने के क्रम में विभिन्न गांव के निर्धारित कर्बलाओं में ग्राम पंचायत कुड़ौनी, देवलखा, कंदैला, ऐनी, मरोठी, बदरौली, मीरपुर, रैवली, कोनारी, बढौली, पंचम्भा, गंज, वैराकाजी, बरखुरद्वारापुर, कड़सर बिटौरा ,चुलंम्भा, ऐनीअलहियापुर, विजयपुर आदि सहित दर्जनों ग्राम पंचायत के ताजिया को सुरक्षित दफनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी निगरानी के साथ मौके पर अलर्ट मोड में रहा ।

ग्राम पंचायत कुड़ोनी में उप निरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्र, सेक्टर मजिस्ट्रेट राजकुमार, व हल्का सिपाही अर्चितानंद तिवारी, गिरिजा शंकर , संदीप पटेल के नेतृत्व में ताजिया शांतिपूर्वक दफन कराई गई। इस मौके पर पूर्व प्रधान मोहम्मद शरीफ, डॉक्टर गौसुल आजम, युवा समाजसेवी मुहीब अहमद, मसरूर अहमदमुन्ना, मोहम्मद रजी, मुजीब अहमद, शाहबाज अलम, महताब आलम, राम मनोरथ, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, क्षेत्र पंचायत सदस्य जियाउद्दीन पूर्व प्रधान अब्दुल कादिर, शादाब अहमद मोहम्मद माजिद आदि सहित सैकड़ो की संख्या में पुरुष और महिलाएं जियारतदार मौजूद रहे।

# डीएम मैंम यहां है भू–माफियाराज,सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से चल रहा अवैध निर्माण


कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । करनैलगंज तहसील मुख्यालय स्थित विद्युत उपकेन्द्र करनैलगंज के सामने कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर गोंडा लखनऊ राजमार्ग हाईवे के बगल बेशकीमती लोकनिर्माण विभाग एवं जलमग्न की सरकारी भूमि पर भू माफिया के द्वारा धड़ल्ले से खुले आम अवैध निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है।वहीं सब कुछ जानते हुए विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारी आंखें बंद कर बैठे हुए हैं जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की सरासर अनदेखी से उक्त अवैध निर्माण कार्य को संर क्षण दिया जाना प्रतीत हो रहा है।जिसे संज्ञान में लेकर अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।वहीं करोड़ों रुपयों की वेशकीमती सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर अंकुश ना लगने से

सरकारी भूमि खतरे में दिख रही है।प्रकरण स्थानीय तहसील मुख्यालय अन्तर्गत गोंडा लखनऊ राजमार्ग से जुड़ा है,जहां विद्युत उपकेन्द्र कर्नलगंज के सामने हाईवे के किनारे की लोकनिर्माण विभाग एवं जलमग्न खाते की संयुक्त सरकारी वेशकीमती भूमि गाटा संख्या 469 स रक्बा 0.1790 हेक्टेयर स्थित ग्राम कर्नलगंज ग्रामीण जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज कागजात है।उक्त सरकारी भूमि पर उसी के बगल की भूमि जिसकी गाटा संख्या 469स रक्बा 0.0530 जो कई वर्षों पूर्व पावर हाउस में अतिरिक्त निर्माण हेतु अधिगृहीत हो चुकी है और विद्युत विभाग की भूमि में समाहित हो चुकी है।उसी की आंड़ में कूटरचित फर्जी अभि लेखों के सहारे और जिम्मेदार लोगों से सांठ गांठ कर हाइवे किनारे कुछ लोग उपरोक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने में तेजी से जुटे हैं और अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है। वहीं सब कुछ जानते हुए विभागीय एवं प्रशा सनिक अधिकारी आंखें बंद कर बैठे हुए हैं। जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की सरासर अनदेखी से उक्त अवैध निर्माण कार्य को संरक्षण दिया जाना प्रतीत हो रहा है। जिसे संज्ञान में लेकर अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।वहीं करोड़ों रुपयों की वेशकीमती सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर अंकुश ना लगने से सरकारी भूमि खतरे में दिख रही है।विदित हो कि अधिकारियों की उदा सीनता और जानबूझकर अनदेखी के चलते क्षेत्र में सभी प्रमुख मार्गों के किनारे की भूमि के साथ ही कस्बे में जगह-जगह काफी मात्रा में अतिक्रमण फैला हुआ है।वहीं सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की जानकारी करनैल गंज उप जिलाधिकारी से लेने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

## सांड़ क़े मारने से महिला बैंक कर्मी की मौत



गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र के इंडियन बैंक की शाखा में कार्यरत एक महिला बैंक कर्मी को छुट्टा जानवर ने बीच सड़क पटक पटक कर मौत क़ेघाट उतार दिया।घटना रात करीब दस बजे बड़गांव पुलिस चौकी के सामने हुई जब मृतका बैंक से निकलकर पैदल ही अपने घर के तरफ जा रही थी।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।इस दर्दनाक हादसे पर वारदात पर दुख प्रकट करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने सरकार से 50,लाख रुपये के मुआवजे की मांग की है।देहात कोत वाली क्षेत्र के पेडी अजब गांव की रहने वाली स्वाती सिंह 27 वर्ष रोडवेज बस स्टॉप के पास स्थित इंडियन बैंक शाखा में संविदा कर्मचारी थी और वह इंश्योरेंस का काम देखती थी। शनि वार की शाम इंश्योरेंस के कार्य से ही वह स्टेशन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच गयी थी।काम खत्म कर रात करीब दस बजे वह पैदल ही बड़गांव चौकी की तरफ जा रही थी।इसी बीच? चौकी के सामने लड़? रहे दो छुट्टा सांड़ों में से एक ने स्वाति पर हमला कर दिया। स्वाति ने भागने की कोशिश की लेकिन सांड़ ने उसे उठाकर पटक दिया और उसे मार डाला। आसपास के लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वाति को लेकर जिला अस्पताल गयी जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।स्वाति का शव देख परिजन फफक पड़े।हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

## तस्करी कर नेपाल ले जायी जा रही 41 बोरी खाद बरामद

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में उर्वरक की कालाबाज़ारी तथा तस्करी पर प्रभावी भारत नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम लौकाही क्षेत्र में भादा नदी के निकट कृषि विभाग एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 41 बोरी उर्वरक बरामद की गई है। गुप्तचर से सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंची टीम को देखकर तस्कर खाद की बोरी छोड़कर भाग गये। कृषि विभाग द्वारा खाद को बरामद कर थाना मोतीपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि डीएम के निर्देशन में पुलिस व एसएसबी की टीमें लगातार सीमा पर नजर रख रही है तथा बार्डर के पास स्थित दुकानों के स्टॉक व बिक्री के संबंध में नियमित जांच भी करायी जा रही है। श्री यादव ने किसानों किसानों से अपील की है कि वह अपनी जरूरत भर की यूरिया खरीदें। जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। श्री यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरक की तस्करी की संभावना को देखते हुए निरन्तरता के साथ छापेमारी की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने दुकानदारों को भी निर्देश दिया कि ई–पास मशीन के साथ ही नियमानुसार खाद की बिक्री करें।

## एडीएम प्रशासन का अधिकारियों कर्मचारियों ने फूलमालाओं से लाद कर स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकप्रिय मिलनसार प्रतिभा के धनी एडीएम प्रशासन पुरूषोतम दास गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट परिवार के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार गौतम, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, राम नगद महेंद्र कुमार एवं श्रीमती ममता श्रीवास्तव रमाकांत अयोध्या विजय इशरत अधिवर्षता पर सेवानिवृत होने पर इन सभी को सम्मान के साथ पर्यटन भवन स्थित जिलाधिकारी सभागार में बिदाई समारोह आयोजित कर एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह एडीएम वित्त राजस्व विनित कुमार सिंह मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव सहायक अभिलेख अधिकारी/ ओएसडी मुख्यमंत्री विनोद कुमार सिंह ने एडीएम प्रशासन सहित कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर पर्यटन भवन पर अधिकारियों कर्मचारियों ने फूलमालाओं और पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह देकर बिदाई किया। पूर्व एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने कहा कि साडे 31 वर्षों में आठ जनपदों में कुशलता पूर्वक अपनी सेवा दिया सबसे अधिक गोरखपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों से जो सहयोग और साथ मिला वह सदैव याद किया जायेगा।2009 बैच के पीसीएस अधिकारी पुरुषोत्तम गुप्ता 1994 में इलाहाबाद से अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए आगरा झांसी जालौन फिरोजाबाद अलीगढ़ गोंडा अयोध्या में सेवा देते हुए 20 सितंबर 2021 में गोरखपुर एडीएम प्रशासन का पदभार ग्रहण किया था।श्री गुप्ता के उपलब्धियां और व्यवहारों को कलेक्ट्रेट परिवार सदा याद करेगा।

# वजीरगंज मनरेगा में लूट है लूट सको तो लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के वजीरगंज विकास खंड में भी जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर फर्जी मस्टर रोल का खेल चल रहा है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक यही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखा है,जिससे श्रमिकों को गांवों में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत चंदापुर,अनभुला,रायपुर,अचलपुर

के साथ ही करनीपुर,परसापुर महरौड़, नियामत पुर,नौबस्ता,कोंडर,दुर्जनपुर घाट व भोपतपुर में ग्राम प्रधान तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए।इतना ही नहीं,हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है। फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरने का काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं, बाकी मजदूर कागजों में दिखाए जाते हैं ग्रामीणों के अनुसाऱ प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहता है।गांव वालों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें, तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी और निश्चित रूप से इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को लूटने पर रोक लगेगी।

मस्टर रोल में किया जा रहा खेल

वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत चंदापुर में 231,अनभुला में 130,रायपुर में 10 7 और अचलपुर में 78 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है,लेकिन वास्तविकता के धरातल पर तस्वीर चौंकाने वाली है।वहीं दूसरी तरफ करनीपुर,परसापुर महरौड़,नौबस्ता नियामतपुर,कॉडर,दुर्जनपुर घाट व भोपतपुर में भी मस्टर रोल में बड़े स्तर पर खेला किया जा रहा है।

अनियमितता बर्दाश्त नहींः सीडीओ

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सख्त हैं और लगातार निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं लेकिन इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी ही है।सीडीओ

अंकिता जैन का कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## संजय दास ने आरआई का पद किया ग्रहण

गोरखपुर । नवागत आर आई ने 3 जुलाई को ही संभागीय परिवहन कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। मूल रूप से देवरिया के रहने वाले संजय दास बस्ती में तैनात थे, जिनका स्थानांतरण गोरखपुर में हुआ। गोरखपुर में तैनात सीमा गौतम का बस्ती स्थानांतरण हुआ है उनके स्थान पर संजय दास ने पदभार ग्रहण किया है । मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता है की शासन द्वारा जो भी फ़ेसलेस सुविधा है उसे जनता को मुहैया कराना । दूसरी अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना, जो भी आवेदक ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आ रहे हैं वह व्यवस्था सुचारू के संचालित हो, शासन द्वारा 26 सुविधा फ़ेसलेस कर दी गई है। लर्निंग लाइसेंस, डुप्लीकेट लाइसेंस समेत ऐसी 36 सुविधा जनता के लिए फ़ेसलेस की गई है जो आधार से लिंक करके घर बैठे सुविधा प्राप्त कर सकते है। सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वह समय से कार्यालय पहुंचे और आवेदन को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो।

# जब माँ संस्कारिक होती है, तब पीढ़ियाँ राष्ट्रभक्त बनती हैं : राजकिशोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । 5 जुलाई 2025 को नगर के माधवपुरी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के माधव सभागार मे राष्ट्र सेविका समिति,की बहनों द्वारा समिति की संस्थापिका वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संकल्प का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी ईशा केडिया ने की कार्यक्रम में जिला एवं खण्ड की सभी दायित्ववान बहनें एवं प्रशिक्षण प्राप्त की हुई सभी बहनें ने पूर्ण गणवेश में आदि संचालिका प्रणाम किया और प्रार्थना की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्रचारक श्रीमान राजकिशोर प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बहनो को सम्बोधित करते हुए कहाः ''मौसीजी केवल संगठन की संस्थापक नहीं थीं, वे भारत की नारीशक्ति को जाग्रत करने वाली लौ थीं। संकल्प दिवस नारी के आत्मबल, संयम और राष्ट्रनिष्ठ जीवन का पुनः संकल्प लेने का पर्व है। जब माँ संस्कारित होती है, तब पीढ़ियाँ राष्ट्रभक्त बनती हैं।बहनो के समक्ष विभाग कार्यवाहिका सुनीता जी ने समिति के उद्देश्य एवं मौसी जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि स्त्री राष्ट्र की आधार शिला है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सेविका बहनों की प्रेरणास्पद सहभागिता, अनुशासन और ऊर्जा ने इस उत्सव को एक साधना रूप बना दिया यह दिन स्मरण कराता है कि मातृशक्ति केवल घर की रक्षक नहीं, राष्ट्र की निर्माता भी है। पूज्य मौसीजी के जीवन से प्रेरणा लेकर हम सभी सेविकाएं अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहें। यही सच्चा संकल्प है ।

कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा ने किया कार्यक्रम की मुख्य शिक्षिका तमन्ना जी रहीं इस अवसर पर दायित्ववान बहनों में मुख्य रूप से रीना, मंजू,रेखा, अंजली, शशि, साधना,श्वेता,नीलम, शीला, मीना, पूनम, योगमाया, सहित कई बहने उपस्थित रहीं।

# विकास परियोजनाओं को बिना बाधा किया किया जाए पूर्णत : एसडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। नवागत एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता सदर तहसील सभागार में सदर तहसील अंतर्गत चौमुखी विकास के लिए विरासत गलियारा , गोंडधोइया नाला असुरन पिपराइच ,भटहट बासथान , सोनबरसा बासथान चौड़ी करण सहित अन्य विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए अधिकारियों कानूनगो लेखपाल के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि सदर तहसील अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को बिना बाधा के पूर्ण किया जाए संबंधित लेखपाल अपने अपने क्षेत्र के काश्तकारों को लाकर रजिस्ट्री कराने का काम अभिलंब कराए अगर किसी प्रकार अड़चन आ रही है तो उन स्थानों का स्वामियों से आपसी सहमत बनाने का कार्य किया जाए जिससे विकास कार्य समयावधि के अंतर्गत पूर्ण किया जा सके।एसडीएम ने कहा कि परियोजनाओं को समय पर सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के साथ टीम के सदस्य परियोजना के लक्ष्यों, प्रगति, चुनौतियों, और आगामी कार्यों पर निरन्तर कार्य करते हुए परियोजना के उद्देश्यों को पूरा करने में अपना अहम योगदान दे एसडीएम ने कहा कि परियोजनाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमें अवगत कराए एसडीएम ने कहा कि सदर तहसील अंतर्गत चल रहे परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सफलता प्राप्त करने में प्रभावी ढंग से प्रोजेक्ट को सफलता पूर्वक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी लेखपालों से कहा कि दिए गए दायित्व को बखूबी निर्वहन करते हुए पूर्ण करने में अपना अहम योगदान दें लेखपाल आय निवास जात प्रमाण पत्र को बनाने में किसी प्रकार की कोताही ना बरते तीन दिन में आवेदक को प्रमाण पत्रों को उपलब्ध कराने का काम करे किसी प्रकार की जांच करने भेजा जाता है तो स्पॉट मेमो फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट को संलग्न कर प्रस्तुत किया जाए किसी भी काश्तकार को बेवजह दौड़ाया ना जाए ।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर नगर के साई श्रद्धा बैंक्वेट हाल मे कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र के प्रमुख नेताओं कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया पूरनपुर विधायक ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और संप्रभुता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। डॉ. मुखर्जी का नारा था - ''एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान नहीं चलेंगे।'' यह विचार जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की प्रेरणा बना वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी देश को नई दिशा दे रहे हैं। उपस्थित लोगों ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने देश की एकता के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया वही मंडल अध्यक्ष हर्ष प्रधान की अध्यक्षता में संगोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिलामहामंत्री महादेव गईन ने डॉ मुखर्जी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ मुखर्जी ने हिंदुत्व के लिए आवाज उठाई और जनसंघ की स्थापना कर देशव्यापी आंदोलन चलाया कार्यक्रम मे विद्यायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,समाजसेवी अशोक खंडेलवाल,भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, सूरज बाथम, सपना चौहान, मानस शुक्ला, गौरव गुप्ता, रवि वर्मा, उपेन्द्र भारती, नवनीत मिश्रा, कमल चौहान, अंकित वाल्मीकि, वीरेन्द्र यादव, अम्बर मिश्रा, प्रदीप सिंह मुखिया, सचिन गुप्ता, आलोक त्रिवेदी, अशीष राठौर, अवलोक मिश्रा, विवेक तिवारी, रितेश गुप्ता, अंकुर गुप्ता, कुमार अभिषेक, नितिन गुप्ता,ओम शर्मा, लक्ष्मण प्रजापति, रामपाल वर्मा, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा की नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भाजपा प्रदेश संगठन की अनुमति पर नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान की संस्तुति पर नवीन दायित्वों के साथ पदाधिकारियों व सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, नगर महामंत्री सूरज बाथम, सपना चौहान, नगर उपाध्यक्ष,मानस शुक्ला,गौरव गुप्ता,रवि वर्मा, उपेन्द्र भारती, अमन वाल्मीकि, रोहित मिश्रा, गुंजन सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह मुखिया, नगर मंत्री अम्बर मिश्रा, अंकित वाल्मीकि, स्वप्निल बिरला कमल चौहान, वीरेंद्र यादव, कार्यालय प्रमुख,अलोक त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी सचिन गुप्ता,सह मीडिया प्रभारी कुमार अभिषेक, आई0टी0 सयोजक अशीष राठौर, सो0मी0 संयोजक, संतोष सिंह, सूचना एवम् सम्पर्क प्रमुख नितिन गुप्ता, सुरक्षा प्रमुख रामपाल वर्मा, व्यवस्था प्रमुख अवलोक मिश्रा, बूथ सम्पर्क प्रमुख ओम शर्मा सहित सदस्य भी बनाए गए हैं भाजपा संगठन एक समुद्र है यहां आने वाले कार्यकर्ता कितना सीख सकते हैं। यह उनकी झमता को दिखाता है। संगठन के कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन इमानदारी से करें। उन्होंने बैठक में अच्छी उपस्थिति देखकर कहा भाजपा बहुत मजबूत संगठन है। कार्यकर्ता संगठन पद्धति से कार्य करें। संगठन को धोखा देने वाले लोग कभी सफल नहीं हो सकते हैं। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है।

### एक पेड माँ के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर मे 123 वे संस्करण के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने दस-दस पौधेरोपण कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। रविवार को सभी बूथों पर पौधारोपण किये गये। जिसमें विधायक बाबूराम पासवान, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया उन्होंने बताया कि जीवन में एक लक्ष्य के साथ हमें पौधारोपण करना चाहिए। जिसके बाद उस पौधे की बड़ा होने तक देखभाल रखनी चाहिए इस दौरान भाजपा विद्यायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, महामंत्री सूरज बाथम, सपना चौहान ,नगर उपाध्यक्ष मानस शुक्ला , नगर मंत्री अम्बर मिश्रा, आलोक त्रिवेदी, उपेन्द्र भारती, ऋतुराज पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रंजिशन युवक के साथ मारपीट कर उपलों की बठिया में लगाई आग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के थाना घुघंचाई निवासी अमित बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया। कि वह अपने दरवाजे पर खड़ा था तभी गांव के ही रहने वाले दबंग लोगों ने रंजिशन उसके साथ मारपीट कर रात में उपलों की बठिया में आग लगा दी। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़ित ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### मोहर्रम पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर से लेकर देहात में मोहर्रम पर्व परंपरागत रूप से मनाया और ताजिया निकाले गए। नगर के अलावा पड़ोसी गांव के ताजिया एवं मेंहदी लेकर लोग कर्बला शरीफ पर पहुंचे। मोहर्रम का त्यौहार शांति सौहार्द के साथ मनाया गया। नगर में जगह-जगह लंगर किया गया, इमाम हुसैन की याद में मौलाना अलीजान की दुकान नूरी वॉच हाउस पर जिक्र शहीदे आजम ब उनवान फातिमी के फूलों की महक दश्ते करबला में का आयोजन हुआ। जिसमें मौलानाओं ने हजरत इमाम हुसैन कर्बला के मैदान का जिक्र किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों में फातिहाख्वानी की। आपको बता दे इस्लाम धर्म के मुताबिक,हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे।उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है।कहा जाता है कि इराक में यजीद नाम का जालिम बादशाह था,जो इंसानियत का दुश्मन था। यजीद को अल्लाह पर विश्वास नहीं था। यजीद चाहता था कि हजरत इमाम हुसैन भी उनके खेमे में शामिल हो जाएं।हालांकि इमाम हुसैन को यह मंजूर न था। उन्होंने बादशाह यजीद के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया।इस जंग में वह अपने बेटे, घरवाले और अन्य साथियों के साथ शहीद हो गए थे। इसी को लेकर इमामे हुसैन की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है।

### पशु को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई कार माँ की मौत वेटा घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला साहूकारा की रहने वाली मनोरमा गुप्ता पत्नी नरेंद्र कुमार अपने पुत्र सौरभ के साथ बताया जा रहा है। कि रविवार दोपहर लगभग 12 बजे बंडा थाना क्षेत्र में रिस्तेदारी में कार से जा रही थी। तभी अचानक कार के सामने आवारा पशु आ गया। पशु को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में माँ बेटा घायल हो गए। डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया और युवक का उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। जानकारी लगने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### फूला में गोताखोरों ने मासूम का शव तालाब से निकाला

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव फूला से शनिवार को लापता एक डेढ़ मासूम का शव तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फूला निवासी राम किशुन का डेढ़ वर्षीय पुत्र अमन शनिवार को दरवाजे पर खेलते समय अचानक गायब हो गया जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने आसपास खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही लग सका। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई तो पुलिस ने आनन फानन में मुकद्दमा दर्ज कर मासूम की तलाश में जुट गई और परिजनों के साथ ही ग्रामीणों द्वारा भी मासूम अमन की तलाश तेज की गई। परिजनों की आशंका के आधार पर गांव के ही एक गहरे तालाब में गोताखोरों की मदद ली गई। रविवार को गोताखोर राम शंकर, अयोध्या प्रसाद, शत्रुघ्न और जागेश्वर निवासीगण टेरा बरौला थाना बछरावां रायबरेली द्वारा की कड़ी मशक्कत के बाद मासूम अमन का शव तालाब से बरामद किया गया।बच्चे का शव मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह मय हमराह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### तहसील के तीनों थानाक्षेत्र में सकुशल दफन किया किया गया ताजिया

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बल्दीराय के थाना बल्दीराय, थाना हलियापुर व थाना धनपतगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाक मोहर्रम के ताजिया सकुशल दफन किया गया। जुलूस में मुस्लिस युवाओं ने अपने करतब दिखाए। थाना बल्दीराय प्रभारी नारदमुनि, हलियापुर तरुण पटेल और धनपतगंज थानाध्यक्ष प्रवीण यादव थानाक्षेत्र में मय पुलिसबल के साथ मुस्तैद दिखे। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथी कर्बला की जंग में शहीदहुए थे। उन्हीं की याद में मोहर्रम मनाया जाता है।

### दस मोहर्रम को निकला ताजिया का जुलूस

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नौ मोहर्रम को हुसैनिया बादल खॉ में एक मजलिस हुई जिसको मौलाना आबिद रिजवी ने पढ़ी इसके बाद जुलूस ए शबे आशूर निकाला गया जो हुसैनिया नजर अली शाह पर सुबह समाप्त हुआ। इसके बाद अमहट के सभी इमाम बाड़ो में अलविदा पढ़ा गया और हवाई अड्डे पर आमाले आशूरा किया गया। सुलतानपुर जनपद के शिया बाहुल्य क्षेत्रों गोराबारिक 'तुराबखानी 'अमहट' अलीगढ़ 'अलीनगर' ऊँचवा मेड़ई खान का पुरवा' ताजखानपुर 'बहादुरपुर 'अफलेपुर' उसरा खैराबाद 'हसनपुर' मनियारपुर' जूड़पुर 'प्रतापपुर मनियारी 'शाहपुर लौहर दक्षिण 'भाईं 'पीथापुर' करौंदिया 'चुनहा' माल्हा 'सजैया करीमपुर' छतौना 'सैदपुर चीनीमिल 'हयातनगर 'कोटवा सुरौली मूँगर कादीपुर प्यारेपुर लहिया जलपापुर सैदखानपुर लुसहा वलीपुर इसौली कारीभीट धौरहरा बालचन्द पट्टी में ताजिया जुलूस निकाला गया और सभी ताजिया अपने अपने करबला में दफन किया गया।

# सिपाही को पीटने वालों ने लंगड़ाते हुए मांगी माफी पुलिस-प्रशासन से नहीं भिड़ेंगे कही बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड क्षेत्र के गांव ढका जमीमा पूरनपुर की रहने वाली महमूदन बेगम ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र का मामला फर्जी निकला वही पुलिस गश्त पर निकले सिपाहियों को पीटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अच्छे से सबक सिखाया। आरोपी थाने में सही से खड़े नहीं हो पा रहे थे। लंगड़ाते हुए दिखाई दिए। आरोपियों ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। कहा- अब दोबारा वह ऐसी गलती नहीं करेंगे। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।पीलीभीत में गश्त पर निकले सिपाहियों को पीटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अच्छे से सबक सिखाया। आरोपी थाने में सही से खड़े नहीं हो पा रहे थे। लंगड़ाते हुए दिखाई दिए। आरोपियों ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। कहा अब दोबारा वह ऐसी गलती नहीं



करेंगे। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका का है। शुक्रवार की रात लगभग 1:00 बजे दो पुलिसकर्मी बाइक पर गश्त पर निकले थे। इस दौरान वह एक दुकान पर भीड़ देखकर रुक गए और पूछताछ करने लगे। भीड़ लगाने का कारण पूछा। उनसे कहा-रात का वक्त है, घर चले जाएं। इसी बीच कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद इतना बढ़ गया कि एक सिपाही महावीर पर लोगों ने हमला बोल दिया। सिपाही को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। सब एक साथ सिपाही पर टूट पड़े। लात-घूसे मारने लगे। जमीन पर गिराकर लात बरसाने लगे। भीड़ देखकर दूसरे सिपाही की बचाने की हिम्मत नहीं हुई इस दौरान किसी ने छत पर मोबाइल से मारपीट का पूरा वीडियो बना लिया वीडियो में सिपाही को चार-पांच लोग पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। किसी तरह सिपाही जान बचाकर वहां से भागे एसपी ने वीडियो देखकर लिया एक्शन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने एक्शन लिया। सिपाही महावीर की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में सलामत शाह, सोनू शाह, तस्ब्बर अली और सिकंदर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया हैं। जिसमें तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# ट्वीटर पर गूंजा शिक्षकों का विरोध, पेयरिंग नीति के खिलाफ 8 लाख ट्वीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के शिक्षकों ने रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत ट्विटर अभियान में ज़ोरदार भागीदारी निभाई। प्रदेश सरकार की विवादास्पद पेयरिंग व्यवस्था नीति के खिलाफ यह अभियान जनपद में जबरदस्त चर्चा में रहा। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि आंदोलन के पूर्व निर्धारित दूसरे चरण के अंतर्गत ट्वीटर एक्स हैंडल पर हजारों शिक्षकों ने एक साथ अभियान शुरू किया। जिले के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक जिलेभर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सोशल मीडिया पर जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पेयरिंग नीति के विरोध में पोस्टर, होर्डिंग और स्लोगन के साथ ट्वीट व रीट्वीट की बाढ़ सी आ गई। त्तैग के साथ लगभग 8 लाख ट्वीट-रीट्वीट किए गए, जिससे अभियान ट्रेंडिंग में पहले पायदान पर पहुंच गया। प्रवक्ता के अनुसार, यह अभियान शिक्षकों के भीतर सरकार की नीति के प्रति उपजे व्यापक असंतोष और संगठित प्रतिरोध का प्रमाण है। ट्विटर पर शिक्षकों के साथ-साथ कई शिक्षाविद, अभिभावक और जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की। जिलामंत्री डॉ हृषिकेष भानु सिंह ने शिक्षकों से 8जुलाई को तीसरे चरण के धरने में भारी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचने की अपील किया है।

जिले के समस्त पदाधिकारी और शिक्षिकाएं इस डिजिटल आंदोलन का हिस्सा बनीं, जिसने प्रदेश स्तर पर एक नई मिसाल कायम की। शिक्षक संघ ने मांग की है कि सरकार पेयरिंग नीति पर पुनर्विचार करे, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बिजली करंट से ग्राम प्रधान की मौत, गांव में ग़म के छाये बादल हर आंख हुई नम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत महाराजपुर के ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल अपने आवास में सफाई के दौरान करंट लगने से हालत बिगड़ गई। गांव में ही प्राथमिक उपचार के बाद हालात में सुधार न होने पर उन्हें पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के खटीमा ले जाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया है।अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही गांव में भी मातम का माहौल है।कलीनगर बॉर्डर क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी अर्जुन मंडल वर्तमान ग्राम प्रधान थे। रविवार दोपहर वह घर में साफ सफाई कर रहे थे। तभी अचानक उनको करंट लग गया। घटना को लेकर खलबली मच गई। गांव में ही प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिवार के लोग उन्हें लेकर खटीमा पहुंचे। इलाज के दौरान डॉक्टर ने



मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम का माहौल है। ग्राम प्रधान काफी मिलन सार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। लोगो के सुख दुख में वह हमेशा तत्पर रहते थे।अचानक हुई उनकी मौत से सभी लोग सदमे में है। उनकी मृत्यु पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,सचिव आर के गौतम,प्रधान विवेकानंद सरकार,रामजीवन सरकार,अजय वैध,शंकर राय,सदानंद राय,मंजीत सिंह, गुरदयाल,ओमपाल,नईम अली,इस्तियाक,केपी सिंह,राकेश शर्मा, अनीस खा गुड्डू,सतीश गिरी सहित दर्जनों ग्राम प्रधान में शोक व्यक्त किया है।

# फार्मासिस्ट एसो. के चुनाव में प्रतिबंधित दवाओं के नही बेचने पर लगी मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव बाद अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में प्रतिबंधित दवाओं के नही बेचने पर लगी मुहर, पदाधिकारियों ने कहा नियम तोड़ने वाले होंगे बाहर। आज रविवार को पयागीपुर के एक प्रतिष्ठान पर सर्वसम्मति से उदय भान सिंह को पुनः जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। तो वहीं जिला संरक्षक प्रभंजन सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शांति वर्धन सिंह जिला उपाध्यक्ष, संजय शुक्ला को जिला संरक्षक, आलोक पाठक विशाल यादव को उपाध्यक्ष ,प्रशांत सिंह को जिला महासचिव ,रजनीश रविकांत वर्मा को जिला सचिव, रवि शंकर पाल जिला सचिव, दिलशाद अहमद को जिला प्रवक्ता, सतीश सिंह को कोषाध्यक्ष, ताबिश खान को




मीडिया प्रभारी, आयुष जायसवाल को संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष विश्वजीत पांडे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आलोक पांडे, अजय गुप्ता, धीरेंद्र मौर्य, धीरज उपाध्याय, अनुज सिंह, जिलाजीत वर्मा, मंजेश कुमार ,शिवांश ,अनुज मोदनवाल सहित दर्जनों मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी का भी स्वागत हुआ। पदाधिकारियों ने एक स्वर में बताया कि संगठन पूरी ईमानदारी और लगन से दवा से जुड़े व्यापार को करता रहेगा। उन्होंने ऑक्सीटोसिन की इंजेक्शन को लेकर अपील जारी किया कि कोई भी मेडिकल स्टोर का संचालक प्रतिबंधित दावों को ना दे। बैठक में एक स्वर में सभी ने अपील किया कि अति शीघ्र सभी मेडिकल स्टोर संचालक अपने-अपने स्टोर में सीसीटीवी कैमरा लगा ले। जिससे सरकार के गाइडलाइन और सुरक्षा के मानकों को पूरा किया जा सके। कमेटी का चुनाव नगर के पयागीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। इससे पूर्व संगठन क विस्तार और मजबूती को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकरियों को अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया।

# अमेठी में नम आंखों के साथ दफनाई गई ताजिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,दसवीं मोहर्रम को तहसील तिलोई क्षेत्र के विभिन्न कस्बों व गांवों में अलग अलग कर्बला में अकीदतमंदों ने ताजिये सुपुर्दे खाक किये। रविवार को सुबह से ही हुसैन श्रद्धालुओं की भीड़ पूरे इलाके में उमड़ी दिखी और पूरे कस्बे में नम आंखों के साथ ताजिया को कर्बला में दफन कराया। क्षेत्र के कस्बा इन्हौना में रविवार को मोहर्रम की दसवीं तारीख को कड़ी सुरक्षा के बीच या हुसैन की गूंज के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान पूरा इलाका या अली या हुसैन की सदा से गूंज उठा।जुलूस क्षेत्र भ्रमण करते हुये कर्बला पहुंचा और देर शाम लोगों ने नम आंखों से ताजिया को दफन किया।इस दौरान अंजुमन सज्जादिया ने दर्द भरे नौहे पढ़े और बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस



में ताजिया के साथ शिरकत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी एवं थाना इन्हौना के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी के साथ डटे रहे।।इसी क्रम में क्षेत्र के कस्बा मोहनगंज,तिलोई, आजादपुर, कोटवा, अंगुरी,जियापुर, राजापुर, शिवरतनगंज, सातनपुरवा, सेमरौता आदि गांवों में भी दसवी मोहर्रम का पर्व मनाया गया जहां हुसैन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से ताजिया को दफन कराया। कस्बा सेमरौता और सातनपुरवा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस काफी सतर्क रही और मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।क्षेत्र के कस्बा जायस में रायबरेली सुल्तानपुर राजमार्ग पर अजादार ताजिया लेकर और मातम कर रहे थे।इस दौरान इमाम हुसैन की याद में अजादारों की आंखें नम रहीं।जुलूस मार्ग में हजारों की संख्या में अजादार मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैदी के साथ डटे रहे। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मुसाफिरखाना, जगदीशपुर के साथ ही जायस कस्बा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया।

# शिक्षकों का प्रतिनिधि मण्डल विद्यालय विलय सम्बंधी समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री से मिला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला की अगुवाई में प्रतिनिधि मण्डल ने खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा से मुलाकात कर विद्यालयों के मर्जर सम्बंधी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और शिक्षकों के अन्य तमाम मुददो के बारे में विस्तार अवगत कराया। राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से परिषदीय विद्यालयों के विलय से होने वाली समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने के साथ ही शासन स्तर पर सक्षम पटल पर रखने हेतु अनुरोध किया। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से विभिन्न शिक्षक सम्बन्धी मुददो पर चर्चा हुई।प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शिक्षा व शिक्षक हित में यथासंभव पूर्ण सहयोग हेतु सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया।इस मौके पर सत्येंद्र तिवारी,सचिन श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार तिवारी, अश्वनी द्विवेदी, रवि कुमार, उबैद अहमद सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## तबाही के सबक

हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। लगातार बादल फटने के बाद भयावह मंजर हमारे सामने उभरा है। निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का मंजर निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों,सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। यहां ढली इलाके में कई इमारतें गंभीर खतरे की जद में आ चुकी हैं। निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं।वास्तव, में हिमाचल व उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। विकास के नाम पर हमने पहाड़ों को काटकर चौड़ी सड़कें बना दी और इससे लगते पहाड़ों की जड़ें खोखली कर दी,जिससे भूस्खलन की गति अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। इस तरह हमने परंपरागत हल्की छत वाले घरों के बजाय भारी-भरकम कंक्रीट की छतों वाले घरों को प्राथमिकता दी है। हिमाचल में लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली अटल सुरंग इंजीनियरिंग का चमत्कार हो सकती है, लेकिन इसके अवरोध के बाद पुरानी रोहतांग दर्रा सड़क पर वापसी साबित करती है कि आपातकालीन योजना ने बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ तालमेल नहीं रखा है। इसी तरह कांगड़ा घाटी में रेल यात्रा में व्यवधान विरासत के बुनियादी ढांचे के प्रति आधिकारिक उदासीनता को ही दर्शाता है। यह रेलवे लाइन अभी दूर-दराज के इलाकों के लिये जीवन रेखा जैसी ही है। शिमला के ढली के पास खराब निर्माण और लापरवाही ने कई इमारतों और लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है। जो हमारे अवैज्ञानिक विकास की कीमत चुका रहे हैं। दरअसल,हमें अतीत की आपदाओं से सबक लेकर भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी होगी। पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए नये सिरे से निर्माण के मानक तय करने होंगे। वहीं दैनिक जल निकासी और बरसाती पानी के प्रवाह के लिये वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्था करनी होगी। निश्चित रूप से पहाड़ों में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे में पहाड़ की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करने की कीमत हम चुका रहे हैं। भविष्य में ऐसी आपदाओं को टालने के लिये अतीत के सबक सीखकर हमें विकास के नये मानक तय करने होंगे। हमें मानना होगा कि पहाड़ विलासिता के लिये प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवनयापन के लिये होते हैं।

# बारिश का कहर: प्रकृति का विक्षोभ या विकास की विफलता?

**2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज़ हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में 'ऑल वेदर रोड', हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं।**

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज़ हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में 'ऑल वेदर रोड', हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुँचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है। जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आती है, तभी मीडिया और नेताओं की नज़र जाती है। हेलिकॉप्टर से निरीक्षण, मुआवज़े की घोषणाएं, और 'हम साथ हैं' जैसे बयान आते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम सामान्य होता है, पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। लंबे समय तक पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटकते हैं। निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं। निर्माण कार्य में स्थानीय पारंपरिक वास्तुकला और प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग बढ़ाया जाए। भू-सर्वेक्षण और ईआईए को अनिवार्य किया जाए, हर निर्माण से पहले वैज्ञानिक स्तर पर ज़मीन की जाँच और पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन आवश्यक हो। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाए और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्स्थापित किया जाए। गाँवों और कस्बों के स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए ताकि निर्माण कार्य ज़मीनी ज़रूरतों और जोखिमों के अनुसार हो। हिमालय को केवल भूगोल नहीं, अध्यात्म का स्रोत भी माना जाता है। यहाँ की नदियां, पहाड़ और घाटियां धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व रखती हैं। जब इन स्थानों पर अंधाधुंध निर्माण होता है, तो केवल भू-आकृति नहीं, सांस्कृतिक चेतना भी नष्ट होती है। पर्वतीय जीवन में तबाही के पीछे केवल प्रकृति नहीं, हमारी नीति, नियत और विकास का वह मॉडल ज़िम्मेदार है जो केवल तात्कालिक लाभ और मुनाफ़े पर केंद्रित है। हम पहाड़ों को केवल पर्यटक स्थल या परियोजना-स्थल की दृष्टि से न देखें, बल्कि वहां के पर्यावरण, संस्कृति और जीवन पद्धति को समझें और संरक्षण का दायित्व लें। नहीं तो हर बारिश के साथ पहाड़ों से जीवन खिसकता जाएगा और एक दिन यह संकट केवल स्थानीय न रहकर राष्ट्रीय बन जाएगा। दरअसल, पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए नये सिरे से निर्माण के मानक तय करने होंगे। वहीं दैनिक जल निकासी और बरसाती पानी के प्रवाह के लिये वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्था करनी होगी। निश्चित रूप से पहाड़ों में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे में पहाड़ की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करने की कीमत हम चुका रहे हैं। भविष्य में ऐसी आपदाओं को टालने के लिये अतीत के सबक सीखकर हमें विकास के नये मानक तय करने होंगे। ऐसा लगता है कि किसी का इस पर ध्यान ही नहीं कि यदि बुनियादी ढांचे से जुड़े निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो जैसा हादसा मंडी अथवा शिमला में हुआ, वैसे हादसें होते ही रहेंगे और उनका दोष प्रकृति पर मढ़कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाएगी। बात केवल हिमाचल की ही नहीं है, उत्तराखंड में भी कुछ स्थानों पर भूस्खलन होने से तीर्थयात्री संकट में पड़े हैं। इसका कोई मतलब नहीं कि हम बार-बार विकसित भारत की बात करें, लेकिन सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी करें और मानक होते हुए भी उनका पालन न करें। इस तरह से तो हम विकसित देश नहीं बन सकते। **–ललित गर्ग**

# विश्वशांति के लिए सर्वधर्म समन्वय अनिवार्य

**डा. सामबे धर्म**

धर्मों के रेडक्लाइजेशन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है. आज की यह सबसे बड़ी समस्या है. समाधान क्या है? क्या सर्वधर्म समन्वय संभव है? वैदिक या हिन्दू धर्म में वैष्णव, शैव और शाक्त के बीच विवाद, वैमनस्य और लड़ाई रही है, यह सब जानते हैं। ईसाई में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट का संघर्ष, इस्लाम में शिया और सुन्नी की लड़ाई, बौद्ध धर्म में हीनयान और महायान का तनाव और जैन धर्म में दिगंबर और श्वेताम्बर के मतभेद जगजाहिर हैं। इजराइल में यहूदी और इस्लाम के बीच संघर्ष वर्षों से संसार देख रहा है. ईसाई और इस्लाम के बीच भी झगड़े होते रहते हैं. तीन धर्मों रू यहूदी, ईसाई और इस्लाम का उदय एक ही स्थल इजराइल से अलग-अलग समय में हुआ है। ऐसे ही एक स्थान बिहार से जैन, बौद्ध, सिख (संपूर्ण स्वरूप), हिन्दू (बाल्मीकि रामायण) धर्मों का उदय हुआ है. हिन्दू और बौद्ध धर्म के भी बीच विवाद रहे हैं और हिन्दू एवं जैन धर्म के भी बीच तनाव रहे हैं। हिन्दू- मुस्लिम तनाव उग्र रूप ले लेता है। इसके बावजूद हम धर्म समन्वय की बात करते हैं। धर्म समन्वय की जरूरत इसलिए है कि विभिन्न धर्मों के बीच विवाद,वैमनस्य और झगड़े हैं। अगर धर्मों के बीच विवाद न होता, तो धर्म समन्वय की जरूरत ही न होती! इस बीमारी का यही एक इलाज है। बीमारी लाइलाज लगता है, मगर यकीनन इलाज तो यही लगता है। अगर देश, दुनिया और समाज में शांति और सुख से रहने की तमन्ना है। गौरतलब है कि अमन और चौन के बिना किसी भी प्रकार की प्रगति और विकास संभव नहीं है। मालूम हो कि हमारे रामकृष्ण परमहंसजी महाराज, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, डा. भगवानदास, डा. राधाकृष्णन और महर्षि मेंहीं आदि महापुरुषों ने सर्वधर्म समन्वय की गंभीरता से चिंतन मनन किया है। हमारे संतों से प्रभावित होकर पाश्चात्य विद्वानों में यथा मैक्समूलर, फरे, हाकिंग अंडरहील आदि ने भी इसी विचारधारा को आगे बढ़ाया है। विभिन्न धर्मों में एकता के भाव और विचारों को स्थापित करना ही सर्वधर्म समन्वय है। आज धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन को स्कूल और कालेज में अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है। सभी धर्मों में धर्म के सार और समान तत्व होते हैं, जिसे पंथाई भाव के चलते दबा दिया जाता है। एक तर्कसंगत ढंग से विभिन्न धर्मों में एकता स्थापित की जा सकती है। इसके लिए धर्मों के ज्ञान तत्व पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। इसके लिए धर्म समन्वय में तर्कसंगता ढूंढना जरूरी होता है। डा. राधाकृष्णन, ग्रंथ- ईस्ट एंड वेस्ट इन रिलीजन श्एक सामान्य विषय की ओर सभी धर्म सहयोगी की तरह बढ़ रहे हैं। एक सत्य, एक परमतत्व, एक परमात्मा को अलग-अलग ढंग से अलग-अलग भाषा में अभिव्यक्त किया जाता है। इस परमतत्व और परमसत्य का ज्ञान नहीं होने के कारण विभिन्न धर्मों के बीच विवाद और वैमनस्य है. उपासना की पद्धति अलग है, मगर ध्यान पूजा की अनुभूतियां एक ही सत्य और तत्व को व्यक्त करती है। उनका मानना है कि हिन्दू धर्म सर्वोच्च आत्मतत्व पर जोर देता है, जो विश्व के सभी धर्मों में देखा जाता है। हिन्दू धर्म में अन्य धर्मों के प्रति सहनशीलता का भाव है। इसलिए भारत में सभी धर्मों के मानने वाले नजर आते हैं। हिन्दू धर्म में व्यापकता है। यहां यह समझने की जरूरत है कि हिन्दू धर्म और हिन्दुत्व अलग है। हिन्दू धर्म आध्यात्मिक विचारधारा है और हिन्दुत्व राजनीतिक विचारधारा। हिन्दू धर्म के अनुसार, सभी धर्मों के सार एक हैं। मूल्यों के आधार पर देखा जाए, तो सभी धर्म सत्य, अहिंसा, दया, परोपकार और आत्मसंयम को महत्व देते हैं। सभी धर्मों का आधार है - सत्य और यही सभी धर्मों की एकता का आधार भी है। सभी धर्मों की क्रिया कलापों में भी समानता नजर आती है। ईस्टर्न रिलीजन एंड वेस्टर्न थाट में डा. राधाकृष्णन का कथन है- श्विभिन्न धर्म अब एक साथ हो रहे हैंश। उन्होंने सुझाव दिया है कि सभी धर्मों को धर्म संघर्ष और प्रतिस्पर्धा छोड़कर ग्रहणशीलता के भाव को विकसित करना चाहिए, जिससे सभी धर्मों के मानने वाले के पूर्वाग्रहों और आदि। इसलिए हमारे महर्षि मेंहीं परमहंसजी महाराज कहते हैं- सब क्षेत्र क्षर अपरा परा पर औरू अक्षर पार में, निर्गुण सगुण के पार सत असतहु के पार में ! सब नाम रूप के पार में...। भागलपुर वाले के लिए यह सुखद सूचना है कि यहां के प्रथम विधायक सत्येन्द्र अग्रवाल, डा. भगवानदास के रिश्तेदार थे और दिल्ली में मंडी हाउस के समीप इनके नाम से एक रोड है- डा. भगवानदास रोड. वे दर्शनशास्त्र के बड़े विद्वान थे।

## सेहत मंत्र

### रोजाना एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से जल्दी घटता है वजन: रिसर्च

वजन घटाने के लिए सिर्फ डाइटिंग करना काफी नहीं, बल्कि आपको एक्सरसाइज भी करना जरूरी है। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सप्ताह में कम से कम 150 मिनट एक्सरसाइज यानी सप्ताह में 5 दिन 30 मिनट एक्सरसाइज करके आप अपना वजन घटा सकते हैं। मगर देखा जाता है जोश में एक्सरसाइज करना शुरू तो करते हैं, मगर 4-5 दिन में ही आलस आने लगता है और लोग एक्सरसाइज न करने के बहाने ढूंढने लगते हैं। हाल में हुई एक रिसर्च बताती है कि अगर आप रोजाना एक ही समय पर एक्सरसाइज करते हैं, तो आपका वजन जल्दी घटता है। शोध के मुताबिक आपको एक्सरसाइज के दौरान रेगुलर होना जरूरी है। ये रिसर्च जर्नल ऑफ ओबेसिटी में छपा है, जिसमें बताया गया है कि नियमित और एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से वजन घटाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। शोध से मिले परिणामों के आधार पर शोधकर्ताओं ने बताया कि एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से आपका शरीर ज्यादा मात्रा में कैलोरी बर्न करता है। साथ ही शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि वजन घटाने के लिए आप सुबह, शाम या दोपहर किसी भी समय एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस शोध के लिए 375 स्वस्थ और नौजवान लोगों को चुना गया था। अध्ययन के दौरान इन सभी युवाओं ने रोजाना एक ही समय पर लंबे समय तक एक्सरसाइज किया, जिसके बाद इनके वजन में कमी देखी गई। आमतौर पर लोग एक्सरसाइज न करने का बहाना यह बनाते हैं कि उन्हें दिन में टाइम नहीं मिलता है। मगर एक्सपर्ट्स की मानें तो एक्सरसाइज करने का कोई परफ़ेक्ट टाइम नहीं होता है। आप चाहे जिस भी समय एक्सरसाइज करें, ये शरीर के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है जैसे कि आप खाना खाने के 1 घंटे के भीतर एक्सरसाइज न करें, तेज और पसीना बहाने वाली एक्सरसाइज करने के बाद 30 मिनट के अंदर न नहाएं। इसलिए आपके लिए एक्सरसाइज करने का सबसे सही समय वही है, जब आप इसके लिए रोजाना टाइम निकाल सकें।

## धर्म मंत्र

### तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुँचे थे भगवान महावीर

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाने हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हों। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें।

## पर्यटन



### ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है अनंतनाग शहर

जम्मू और कश्मीर के प्रमुख जिलों में से एक अनंतनाग, अपनी ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। श्रीनगर से लगभग 53 किलोमीटर दक्षिण में स्थित यह क्षेत्र कश्मीर घाटी के सबसे पुराने बसे इलाकों में से एक माना जाता है। यहाँ का नाम ''अनंतनाग'' संस्कृत शब्दों अनंत (अर्थात अनंत या असीम) और नाग (अर्थात जलस्रोत या झरना) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है – ''अनंत झरनों की भूमि''। अनंतनाग को ''झरनों का शहर'' भी कहा जाता है। यहाँ कई ऐसे प्राकृतिक जलस्रोत हैं जो इसकी सुंदरता में चार चाँद लगाते हैं। वेरीनागः यह झेलम नदी का उद्गम स्थल है। मुग़ल शैली में बना यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहाँ का बाग़ और झील सैलानियों को आकर्षित करती है। कोकरनागः यह एक सुंदर बाग़ और झरनों का संगम है। यहाँ का पानी औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। परिवारों और पिकनिक के लिए यह आदर्श स्थान है। अछाबल गार्डनः यह मुग़ल कालीन बाग़ अपनी सुंदर नहरों, झरनों और फूलों के लिए प्रसिद्ध है। इसे नूरजहाँ ने बनवाया था। धार्मिक स्थलः अनंतनाग हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के लिए धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमरनाथ गुफाः यह विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थान अनंतनाग ज़िले के पहलगाम क्षेत्र में स्थित है। यहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यात्रा पर आते हैं। मार्तंड सूर्य मंदिरः यह प्राचीन हिन्दू मंदिर है जो सूर्य भगवान को समर्पित है। इसकी स्थापत्य कला और वास्तुकला अद्भुत है। खीर भवानी मंदिर (तुलगाम): यह एक प्रसिद्ध देवी मंदिर है जहाँ हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। पहलगामः अनंतनाग ज़िले का सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन। यहाँ लिद्दर नदी, घुड़सवारी, ट्रेकिंग और गोल्फ कोर्स का आनंद लिया जा सकता है। अरु वैली और बेटाब वैलीः पहलगाम से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ये सुंदर घाटियाँ स्थित हैं, जहाँ फिल्म शूटिंग भी होती रही है।

# एक राष्ट्र एक जीवन एक बलिदान अमर राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को शत शत नमन

**भारत की अखंडता के लिए आत्मोत्सर्ग करने वाले अमर बलिदानी को श्रद्धांजलि**

**धारा-370 के विरुद्ध अकेली आवाज़, जिसने इतिहास बदल दिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अखंड भारत की भावना को आत्मसात कर जीवन पर्यन्त राष्ट्र के लिए समर्पित रहने वाले महान राष्ट्रनायक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और कश्मीर एकीकरण के अमर बलिदानी श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जनपद भर में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई।

उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उनके विचारों, राष्ट्र के प्रति समर्पण और अनुच्छेद 370 के विरोध में दिए गए उनके अद्वितीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।रामनगर बाबा पारसनाथ कॉलेज कॉलेज परिसर में आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी तथा नगर पंचायत चेयरमैन रामशरण पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को भारतीय राष्ट्रवाद की आवाज बताया। भाजपा नेता वैभव मिश्र 'जीतू', अनिल अवस्थी, अमित अवस्थी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। निंदूरा संवाददाता के अनुसार यहाँ आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि –

''डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल एक विचारक थे, बल्कि वह वह क्रांतिकारी व्यक्तित्व थे जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने ही सबसे पहले संसद में धारा-370 को हटाने की पुरजोर वकालत की थी।''

इस अवसर पर विनय मौर्य, प्रदीप रावत, कृपांशु गौतम, नरेंद्र सिंह, राजन सिंह, मुकेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार यहाँ के अतिथि गृह में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन को राष्ट्रभक्ति की जीती-जागती मिसाल बताया। मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, भाजपा नेता नीरज वर्मा, प्रधान दयाशंकर शुक्ला, अमित पांडेय, संतोष पांडेय ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम में स्वतंत्र सिंह, सोनू सिंह, राजेश द्विवेदी, मुकेश यादव, बलवंत प्रजापति, जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, रामनिवास लोधी, विकास मौर्य समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन और उनका बलिदान भारत की एकता और अखंडता की प्रेरणास्रोत गाथा है। उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संकल्प लिया गया कि हम सभी भारत माता की सेवा में समर्पित रहेंगे और उनके बताए राष्ट्रनिष्ठ पथ पर आगे बढ़ेंगे।

## सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराया ट्रक चालक की मौत

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क किनारे खराब खड़े डंपर से एक ट्रक टकरा गया जिससे ट्रक चालक की मौत हो गई और परिचालक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कानपुर के चौबेपुर निवासी करन कठेरिया बिहार से मक्का लेकर कानपुर जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे शहीद पथ पर उनका ट्रक सड़क किनारे खराब खड़े डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सर्विस रोड क्रॉस कर बाउंड्रीवॉल में घुस गया। हादसे में चालक करन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने घायल को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना में परिचालक कमल को भी चोट आई है। कमल ने घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच कर रही है।

## समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे किसान को तहसीलदार ने दी जमीन बेचने की सलाह

सगवां खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे किसान को तहसीलदार ने दी जमीन बेचने की सलाह, किसान ने। मुख्यमंत्री से शिकायत की है। जनपद लखीमपुर खीरी जिले की तहसील मोहम्मदी में शनिवार 05 जुलाई 2025 को आयोजित समाधान दिवस में एक दिलचस्प मामला सामने आया,जिसमें पसगवां विकासखंड की ग्राम पंचायत सुनौरा निवासी किसान जगत किशोर पांडे ने आरोप लगाया कि प्रार्थी जगत किशोर पांडे पुत्र स्वर्गीय रामआसरे पांडे निवासी ग्राम पंचायत सुनौरा विकासखंड पसगवां जनपद लखीमपुर खीरी का है मोहम्मदी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में प्रार्थी ने अपने खेत को जाने आने के लिए चक मार्ग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को दिया उप जिलाधिकारी मोहम्मदी में प्रार्थना पत्र को 5 मिनट पढ़ने के बाद पास बैठे तहसीलदार को प्रार्थना पत्र दे दिया तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र देखा और 5 मिनट तक मुझे ऊपर से नीचे तक घूरते रहे फिर मुझसे कहा यह समस्या लेकर यहां पर आए हो अपना खेत बेच क्यों नहीं देते हो यह बात सुनकर प्रार्थी स्तब्ध रह गया मैंने कहा मेरे जीवन की जमा पूंजी मेरा खेत है और मैं अपनी फरियाद लेकर के आया हूं आप मुझे जमीन बेचने की सलाह दे रहे हैं तो तहसीलदार ने कहा कि तुम्हारी समस्या का कोई समाधान हमारे पास नहीं है फिर मुझसे कहा रुको लेखपाल को बुलाते हैं और लेखपाल को बुलाकर के कहा कि इनसे मिल लो माननीय महोदय इससे यह स्पष्ट होता है उच्च पद पर बैठे व्यक्ति अधिकारी जब किसी को जमीन बेचने की राय देंगे तब न्याय किस को कहां से मिलेगा श्रीमान जी मेरे प्रार्थना पत्र की जांच कर संबंधित तहसीलदार के विरुद्ध तत्काल कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की कृपा करें, और मेरे प्रकरण की जांच जनपद के किसी दूसरी तहसील के अधिकारी से करवाने की कृपा करें और मुझे, मेरे दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्याय दिलाने की कृपा करें।

# सपनों का घर बना मातम का मंजर संदिग्धावस्था में विवाहिता की दर्दनाक मौत

**संदिग्ध हालात में बुझ गई एक जिंदगी, गूंजते रहे सवाल**

**संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत से मचा कोहराम, मायके पक्ष ने जताई गहरी शंका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी ।असंद्रा थाना क्षेत्र के चिरैंधा मजरे हकामी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। मृतका की पहचान 25 वर्षीय कोमल वर्मा पत्नी अमित कुमार वर्मा के रूप में हुई है, जिनका शव रविवार सुबह उनके कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग कोहराम मचाते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कोमल की हालात अत्यंत ही संदिग्ध प्रतीत हो रही थी और परिजन की सूचना पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों की निगरानी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिससे मौत के असली कारणों का खुलासा हो सके। बताया गया कि कोमल का विवाह लगभग 6 वर्ष पूर्व कोठी थाना क्षेत्र के अलुवामऊ गांव निवासी विजय कुमार की पुत्री के रूप में अमित वर्मा के साथ बड़े ही सादगीपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ था। इस विवाह से कोमल को एक तीन वर्षीय पुत्र भी है, जो अब अपनी मां की गोद से हमेशा के लिए वंचित हो गया। मायके पक्ष के लोगों ने कोमल की मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि कोमल को दहेज को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था, हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। पड़ोसियों व ग्रामीणों का कहना है कि कोमल एक शांत, सरल और सहनशील प्रवृत्ति की महिला थी। उसकी अकाल मृत्यु ने सबको स्तब्ध कर दिया है। वहीं, पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्रीय प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। यह घटना एक बार फिर समाज में विवाहिता महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। एक मां, एक बहू और एक बेटी का यूं संदिग्ध हालातों में चला जाना, एक परिवार ही नहीं, पूरे समाज की चेतना को झकझोर देता है।

# या हुसैन की सदाओं की गूंज

**कर्बला के शहीदों की याद में अक़ीदत से निकला ताजियों का जुलूस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला के दीगर शहीदों की याद में दसवीं मोहर्रम (आशूरा) को ताजियों का जुलूस बड़ी अकीदत व गमगीन माहौल में निकला। शहर के विभिन्न इलाकों से जिसमें अजादारों व अंजुमनों ने मातम और नौहाख्वानी करते हुए कर्बला सिविल लाइंस पहुंच कर ताजियों को दफन किया। जगह-जगह पुलिस मुस्तैद थी। जैदपुर : नगर पंचायत के मोहल्ला पूरब स्थित इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी में मजलिस के पश्चात कदीमी जुलूस बरामद होकर इमामबाड़ा एनुअल हुसैन पहुंचा।

जहां पर मौलाना द्वारा मजलिस का खिताब किया गया।

इसके पश्चात ऊंट घोड़े अलम जंजीरी मातम नोहा खानी करते हुए आजादारों द्वारा कदीमी जुलूस निकाला गया ।

इस अवसर पर सीओ सदर कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा। 'बेलहरा; रविवार को क्षेत्र के सूरतगंज,मोहम्मद पुर खाला,लालपुर करौता,छेदा आदि स्थानों पर भी शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला,चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल समेत पुलिस बल मौजूद रहा। 'मसौली: हजरत इमाम हुसैन (रजि0) व उनके 72 साथियों की शहादत की याद में निकाला जाने वाला जुलूस कस्बा सआदतगंज, अनुपगंज, रामपुर कटरा, बांसा, बड़ागाँव, मसौली, शहाबपुर त्रिलोकपूर, भयारा, नैनामऊ, सहित पूरे इलाके में मोहर्रम की 9 वी तारीख को बड़ी अकीदत के साथ समस्त चौकों पर ताजिया रख कर इमाम हुसैन की याद को ताजा कर अमन चैन की दुआ मांगी गयी नोहे पढ़ी गई नजर देकर हजरत इमाम हुसैन को याद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, ज़ोनल मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमापन्त, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत कुमार मिश्रा,

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बड़ागांव नूर मोहम्मद, इरशाद कामिल प्रधान,कलीम चौधरी,अनीस अफज़ाल अंसारी,हाजी सालिम अंसारी,हारिश शौकत,अताउ अंसारी, ऊजैफा,राहत हुसैन, इसरार सिद्दीकी, अब्दुल मतीन अंसारी, मुन्ना राईन, ज़फ़र अंसारी,फरीद कुरेशी,इलयास राईन सहित मसौली चौंक चौधरी मौजूद रहे।

'रामनगर : तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों और मीतपुर गणेशपुर लहड़रा रजनापुर आदि गांवों में मोहर्रम के मौके पर शिया व सुन्नी समुदायों द्वारा पारंपरिक जुलूस निकाले गए।बड़नपुर के लकड़मंडी चौराहे पर या अली मौला की सदाओं के बीच ताजिया को कर्बला ईदगाह में दफन किया गया।




# भाजपा नेता प्रशांत का देहांत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रशांत मिश्रा का आज लंबी बीमारी के पश्चात देहांत हो गया। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री मिश्रा के देहांत पर पूर्व सांसद प्रियंका सिंह ने रावत ने गहरा दुख जताया है। श्री मिश्रा अंतिम दर्शन कोभारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में शोक की लहर है।

# चारे की तलाश में गया बेटा, लौटा तो सिर्फ़ उसका निर्जीव शरीर

**गांव में पसरा मातम परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के सरसा गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। चारे के लिए घर से निकला एक युवक लौटकर कभी घर नहीं आया – लौटे तो केवल उसकी मौत की खबर और उसका शांत पड़ा शरीर। शनिवार की शाम ककरहा मजरे सरसा गांव निवासी मुन्नालाल रोज़ की तरह बकरियों के लिए पत्ता तोड़ने निकले थे। घरवालों को क्या मालूम था कि यह उनकी आख़िरी शाम होगी, और अगली सुबह उन्हें बेटे की सांसें थमी हुई मिलेंगी। रविवार सुबह गांव के पास एक माइनर के किनारे गुलर के पेड़ के नीचे उनका शव पड़ा मिला। पहले किसी को यक़ीन नहीं हुआ, पर जब पास जाकर देखा गया तो आंखें नम हो गईं और गांव में मातम छा गया।गांववालों का मानना है कि पत्ता तोड़ते समय पैर फिसलने से वह पेड़ से नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोठी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजन स्तब्ध हैं, मां की रुलाई थमने का नाम नहीं ले रही। पिता की आंखों में बेटे के सपने अब सदा के लिए अधूरे रह गए। गांव के लोग सवाल कर रहे हैं – क्या यही अंत था एक मेहनती गरीब किसान के बेटे का? क्या चारे के लिए निकला हर गरीब अब अपनी जान की बाज़ी लगाकर लौटेगा? यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन की उस सच्चाई की झलक है जहां रोज़ की ज़रूरतें भी जान की क़ीमत पर पूरी होती हैं।

# पीपुल्स फ़ॉर एनिमल के वालेंटियर्स की हुई बैठक, बनी रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद मेनका गांधी के द्वारा सृजित संस्था 'ह्लपीपुल्स फॉर एनिमलह्ल' की बैठक आज पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित की गई। जिसमें परिसर में बने शेल्टर हाउस, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया गया तथा भविष्य में आने जाने वाले बीमार, बेजुबान जीवों के लिए उपचार की व्यवस्था पर चर्चा की गई। निवर्तमान सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में चर्चा करते हुए ह्लपीपुल्स फॉर एनिमलह्ल की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में मौजूद जीव प्रेमियों ने निर्बल/बीमार जीवों की सुरक्षा/स्वास्थ्य में समाजसेवियों की मदद लेने तथा संस्था से जुड़ने की बात कही गई।

**सक्रिय सदस्यों का बना साप्ताहिक क्लस्टर**

सोमवार से रविवार के लिए तैयार हुआ साप्ताहिक क्लस्टर। जनपद सुल्तानपुर में बीमार और निराश्रित जीवों के लिए प्रत्येक हफ्ते का क्लस्टर तैयार किया गया। जिसमें प्रातः और शाम की समय सारणी बनाई गई। इसके अलावा भविष्य में उच्चाधिकारियों से संपर्क करके असहाय जीवों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए वांछित सहयोग मुहैया कराने की भी चर्चा पर सहमति बनी। फिलहाल अब (एसपीसीए/पीएफए) पीपुल्स फॉर एनिमल से जुड़े वॉलिंटियर सुबह शाम अपनी ड्यूटी पशु अस्पताल में देंगे तथा बीमार/घायल पशुओं के शेल्टर हाउस में उपचार करने की भी रूपरेखा तय हुई।

# ट्रेलर पिकअप की भिड़ंत में चालक की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र में लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते शनिवार रात बाबा ढाबा के पास एक पिकअप यूपी 32 जेड 6574 और ट्रेलर बी आर 28 जी बी 8031 की आमने-सामने भिड़ंत में पिकअप चालक अनिल मिश्रा 40 निवासी कोतवाली बाराबंकी ग्राम हड़ौरा की मौत हुई।इस हादसे में पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चालक स्टेयरिंग सीट में फंस गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया किंतु तब तक देर चुकी थी।ट्रेलर चालक फरार हो गया।पुलिस ने ट्रेलर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की तलाश जारी है।

# निर्मल गोमती के लक्ष्य साकार तक गोमती मित्रों को रुकना स्वीकार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। स्व. सोहनलाल द्विवेदी की इसी कविता को आत्मसात करते हुए गोमती मित्र मंडल मां गोमती स्वच्छता मिशन व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम को लगातार गतिमान बनाए हुए है। सभी गोमती मित्र नित्य प्रातः 6:30 बजे तक सीता कुंड धाम पहुंच जाते हैं और कार्य दिवस होने के कारण 15से 20 मिनट में यथासंभव श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हैं लेकिन रविवार को गोमती मित्रों की संख्या भी ज्यादा रहती है और श्रमदान भी लगभग 3 घंटे तक चलता है। इन तीन घंटों में मां गोमती की लहरों से कूड़ा करकट निकालने के साथ-साथ शनि देव नवग्रह मंदिर परिसर, श्राद्ध स्थल व सीता उपवन की साफ सफाई की जाती है, जो भी श्रद्धालु वहां उपस्थित रहते हैं उनसे धाम की साफ सफाई व गरिमा बनाए रखने का निवेदन कर उनसे गोमती मित्र मंडल के संदेश को अपने मोहल्लों तक पहुंचाने की प्रार्थना भी करते हैं। रविवार 6 जुलाई को भी तपती धूप में श्रमदान प्रातः 6:00 बजे से शुरू कर 9:00 समाप्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने गोमती मित्रों को बताया कि अगले सप्ताह से सीता कुंड के साथ-साथ निकटवर्ती ग्रामीण इलाकों में भी श्रमदान आयोजित किया जाएगा। श्रमदान में मीडिया प्रभारी रमेश, संत कुमार प्रधान, अजीत शर्मा, मुन्ना सोनी, राकेश सिंह दद्दू, सुजीत कसौधन, दिनकर सिंह, आलोक तिवारी, राजीव कसौधन, अजय प्रताप सिंह, महेश प्रताप, दाऊ जी, अर्जुन, अभय, लकी, राज, आयुष, दीपू आदि उपस्थित रहे।

# नवजात की मौत के बाद सीज हॉस्पिटल का पुन: खुली पोल,डॉक्टर हुए फरार

**पचास हजार देकर पुनः संचालित हुआ सीज हॉस्पिटल**

**नवजात शिशु की मौत के बाद उठे सवाल,स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही पर संदेह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकरणनाथ खीरी। गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी मे मानक विहीन चल रहे अस्पताल मे नवजात की मौत होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। आपको बताते चले कि जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकरणनाथ शिव की नगरी छोटी काशी मे मानक विहीन रूप से संचालित जया हॉस्पिटल की कार्यशैली पर तरह तरह से सवाल उठ रहे है। जनता ने सवाल तब उठाने शुरु किये जब इस जया अस्पताल मे नवजात शिशु की ऑपरेशन के दौरान मृत्यु हो गयी। एक तरफ जहाँ जिले मे कुछ दिनों से अवैध हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग का हंटर चल रहा है वही कुछ मानक विहीन रूप से संचालित हॉस्पिटल के संचालको को सत्ता के मद मे चूर होने के बतौर कोई भय नही है। गोला मोहम्मदी रोड पर संचालित जया हॉस्पिटल भाजपा नेता सुर्जनलाल वर्मा का है जोकि एक प्रभावशाली नेता बताया जा रहा है जिसने संचालित जया हॉस्पिटल को जो लगभग 6 माह पूर्व जो सीज किया गया था उसको सत्ता के प्रभाव से पुनः संचालित कर दिया था। सूत्रों. के अनुसार जानकारी मिली है कि पूर्व मे सीज जया हॉस्पिटल को 50,000 रूपए देकर पुनः संचालित कर दिया गया था जिसके संचालक नीरज वर्मा बताये जा रहे है जिससे स्पष्ट होता है कि प्रशासन भाजपा नेता के समक्ष नतमस्तक है।

**पूर्व मे सीज हुआ था जया हॉस्पिटल....!!!**

गौरतलब है कि 24 दिसंबर 2024 को शाम 4:30 बजे लगभग मोहम्मदी रोड गोला गोकरणनाथ मे राइस मिल के निकट संचालित जया हॉस्पिटल का डॉक्टर अशोक बिहारी सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान जया हॉस्पिटल मे कोई भी मानक और जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित नही मिले थे और मौके पर शिकायतकर्ता विशाल वाजपेई की पत्नी भर्ती थी एवं साथ मे एक मृत अवस्था मे नवजात शिशु भी था और हॉस्पिटल के कोई भी उचित और पर्याप्त दस्तावेज न मिल पाने के कारण जया हॉस्पिटल को तुरंत तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया था और वैधानिक कार्यवाही की गयी थी।

**क्या होगी पूर्व मे सीज मानक विहीन रूप से संचालित जया हॉस्पिटल पर....?**

जिसको सीज होने के बाद पुनः भाजपा नेता और हॉस्पिटल के संचालक सुर्जन लाल वर्मा के द्वारा 50000 रुपये देकर पुनः संचालित कर दिया गया।

अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस जया हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही करता है या यूँ ही सत्ता के आगे नतमस्तक होकर छुट देता है।

## गावस्कर का 774 रन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं गिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौजूदा भारतीय कप्तान शुभमन गिल पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका वो रिकॉर्ड आज तक कायम है। कोई भी भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। दूसरे नंबर पर भी गावस्कर ही हैं जिन्होंने 1978-79 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाये थे। तीसरे नंबर पर मौजूदा ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाये थे। रन मशीन विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014-15 की सीरीज में चार मैचों में 692 रन बनाये थे। गिल ने एजबस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 430 रन बनाए हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं, पहले नंबर पर ग्राहम गूच हैं, जिन्होंने 1990 में



भारत के खिलाफ 456 रन बनाए थे। गिल ने इस इंग्लैंड दौरे पर पहले दो टेस्ट में 585 रन बनाए हैं, जो सीरीज के पहले दो टेस्ट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं। पहले नंबर पर ग्रीम स्मिथ हैं, जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड में 621 रन बनाए थे। गिल अब बतौर कप्तान पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा। गिल दूसरे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले ऐसा 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाकर किया था। गिल उन नौ बल्लेबाज़ों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक लगाया है। भारतीयों में ऐसा गिल से पहले गावस्कर ने किया था। दो भारतीय कप्तानों ने गिल से पहले एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था। गावस्कर ने 1978 में ईडन गार्डंस में वेस्टइंडीज के खिलाफ 107 और नाबाद 182, जबकि विराट कोहली ने 2014 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 115 और 141 रन बनाए थे। गिल साथ ही दूसरे भारतीय बल्लेबाज़ हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया है। इससे पहले हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट में ऋषभ पंत ने ऐसा किया था। मौजूदा भारतीय कप्तान के पास गावस्कर का 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने का इस सीरीज में मौका है। जो काम सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाज नहीं कर पाए वह काम मौजूदा सीरीज में गिल कर सकते हैं। गिल सीरीज में जिस फॉर्म में खेल रहे हैं उसे देखते हुए वह महान डॉन ब्रैडमैन का एक सीरीज में 974 रन का विश्व रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। सीरीज में शेष तीन मैचों में उन्हें यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 390 रन की जरूरत है।

## मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की

एजेंसी

बर्मिंघम। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है। भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा, ''अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा, ''सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। ''अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है। मुझे नहीं लगता कि कभी-कभी हम उसे इसके लिए पर्याप्त श्रेय देते हैं। मोर्कल ने कहा कि आकाश दीप की आक्रमण शैली ने भारत को नई गेंद के कुछ समय के अंतराल में कुछ करने की क्षमता दी। मोर्कल ने कहा, ''वह एक आक्रामक गेंदबाज है जो सवाल पूछता है, स्टंप पर बहुत गेंदबाजी करता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में यह एक सुनहरा नियम है : स्टंप पर लगातार सवाल पूछना। इसलिए ब्रिटेन में इस तरह की परिस्थितियों के लिए, यह उसकी शैली के अनुकूल है। और चोट से वापस आकर उसे तेज गति से दौड़ते हुए देखना, हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। वह एक स्वप्निल गेंद थी शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जो रूट और उन्हें इस तरह से आउट करना आकाश की गुणवत्ता को दर्शाता है, कि वह क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि वह भी हम सभी की तरह ही एक व्यक्ति हैं। आप उन्हें जितना अधिक आत्मविश्वास देंगे, लगभग ऐसा लगेगा कि गेंद के पीछे थोड़ी अधिक ऊर्जा है और उम्मीद है कि वह आज रात उस गेंद को अपने फोन पर देखेंगे और फिर कल कुछ और गेंदें लाएंगे।

## महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत

एजेंसी

लंदन। टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, ''उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, ''आज ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं,



क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं। दोरईस्वामी ने कहा, ''जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा, ''ये सिर्फ़ हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे गाकर लोगों का मन लुभाया जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला के बाकी बचे मैच देखने के लिए स्टेडियम में आने की अपील की।

## नीदरलैंड के खिलाफ शानदार फील्ड गोल के लिए दीपिका पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। उन्हें यह उपलब्धि 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान विश्व नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ अपने अविश्वसनीय एकल फील्ड गोल के लिए मिली है। हॉकी इंडिया के अनुसार 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए और वोट करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई को सुबह 3:29 बजे (भारतीय समयानुसार) है। वोटिंग समाप्त होने के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों द्वारा इस आधार पर किया जाता है कि



उन्हें लगता है कि सीजन के दौरान सबसे अच्छा पल और गोल किसने किया। दीपिका का प्रतिष्ठित क्षण फरवरी 2025 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुआ, जब भारतीय टीम ने कलिंगा स्टेडियम में 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। मैच में भारतीय टीम दो गोल से पीछे चल रही थी, लेकिन35वें मिनट में दीपिका ने एक शानदार फील्ड गोल किया था, जिससे टीम ने वापसी की और निर्धारित समय के बाद स्कोर 2-2 की बराबर था। इसके बाद शूटऑउट में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया था। 21 वर्षीय इस बेहतरीन खिलाड़ी ने कहा, ''नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में गेम जीतने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मुझे पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किए जाने पर गर्व है और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूँ। ऐसे पलों के लिए हम इतनी मेहनत करते हैं। आपके वोट और समर्थन मुझे अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं अपने कोच, सहयोगी स्टाफ़ और सबसे महत्वपूर्ण बात, अपने साथियों को उनके निरंतर प्रोत्साहन और मुझ पर विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## ट्रांसरेल को चालू वित्त वर्ष में पावर ग्रिड के आठ-10 प्रतिशत ठेके हासिल होने का भरोसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पारेषण और वितरण क्षेत्र की ईपीसी कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग को इस साल सार्वजनिक क्षेत्र की पारेषण क्षेत्र की दिग्गज पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के ठेकों में आठ-10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बिजली मंत्रालय के तहत पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) देश की सबसे बड़ी बिजली पारेषण कंपनी है। इसने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 28,000 करोड़ रुपये, 2026-27 के लिए 35,000 करोड़ रुपये और 2027-28 के लिए 45,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। ट्रांसरेल लाइटिंग के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणदीप नारंग ने कहा, ''हमारी मौजूदा बाजार हिस्सेदारी करीब आठ से 10 प्रतिशत है। हम इस साल पावर ग्रिड के साथ यही हासिल करना चाहते हैं, जो एक अच्छी संख्या है और जो हमें भारत में क्रियान्वयन के लिए एक अच्छा आधार प्रदान करती है। कंपनी के ऑर्डर के बारे में उन्होंने कहा कि ट्रांसरेल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 9,680 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए, जो सालाना आधार पर 120 प्रतिशत की वृद्धि है। चालू वित्त वर्ष में अपेक्षित वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर, नारंग ने कहा कि वर्ष की शुरुआत में एक मजबूत ऑर्डरबुक और वित्त वर्ष 2025-26 में पहले से ही बुक किए गए ऑर्डर के साथ हमारे पास 24-30 महीनों के लिए स्पष्ट राजस्व दृश्यता है। उन्होंने कहा कि कंपनी पिछले चार वर्षों में 22.59 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है और इस वर्ष भी इसी सीमा में वृद्धि जारी रखने का इरादा है। नारंग ने कहा कि ट्रांसरेल सिविल, रेलवे, पोल और लाइटिंग के साथ-साथ ट्रांसमिशन और वितरण (टीएंडडी) खंड में एक ईपीसी कंपनी है, जिसकी 59 देशों में मौजूदगी है।

## सीतारमण ने रूस, चीन के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूसी और चीनी समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं और द्विपक्षीय सहयोग और हितों के मुद्दों पर चर्चा की। ये बैठकें रियो डी जेनेरियो में 'ब्रिक्स' देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान आयोजित की गईं। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ बैठक के दौरान सीतारमण ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार जताया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर अनुकरणीय है तथा हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और स्थिर बनी हुई है। दोनों पक्षों ने वित्तीय क्षेत्र में सहयोग के साथ-साथ नव विकास बैंक (एनडीबी) से संबंधित मामलों सहित द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर भी चर्चा की। सीतारमण ने चीनी समकक्ष लैन फोआन के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने साझा समृद्ध मानव पूंजी, गहरे संबंधों और बढ़ते आर्थिक प्रभाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने सितंबर, 2024 में समरकंद में एआईआईबी की वार्षिक बैठकों के दौरान हुई अपनी पिछली बैठक को याद किया। सीतारमण ने रेखांकित किया कि भारत और चीन समावेशी वैश्विक विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए विशिष्ट स्थिति में हैं क्योंकि दोनों देश दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि दोनों देशों के बीच गहन सहयोग से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की आवाज को बढ़ाने में मदद मिलेगी, तथा वैश्विक आख्यानों को आकार देने में मदद मिलेगी, जो वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेंगे। इंडोनेशिया के उप वित्त मंत्री थॉमस दजिवांदोनो के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत शीघ्र ही इंडोनेशिया आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता की मेजबानी करने की आशा करता है। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इंडोनेशिया को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने ब्रिक्स, यूपीआई और रुपे, जी-20, एमडीबी सुधार, द्विपक्षीय व्यापार, पर्यटन, वित्तीय प्रौद्योगिकी और वित्तीय बाजारों पर भी चर्चा की। ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद के साथ द्विपक्षीय बैठक में उन्होंने द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

## भारतीय किसानों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम बनाने को 75 अरब डॉलर की जरूरत: आईएफएडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में छोटे किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में सक्षम बनाने के लिए लगभग 75 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष अल्वारो लारियो ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्त पहुंचाना दुनियाभर में और भारत में ग्रामीण समुदायों के लिए एक गंभीर चुनौती है। लारियो ने साक्षात्कार में कहा कि भारत में आईएफएडी के लिए तीन बड़े सवाल हैं, ङ्कहम किसानों के लिए कृषि को अधिक लाभदायक कैसे बना सकते हैं, हम उत्पादकता को कैसे बढ़ा सकते हैं जबकि हम जलवायु झटकों से निपट रहे हैं और हम खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर कैसे बढ़ सकते हैं। वैश्विक खाद्य संकट के जवाब में 1977 में स्थापित आईएफएडी एक विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है। यह ग्रामीण समुदायों में भुखमरी और गरीबी से निपटता है। ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर छोटे और सीमांत किसानों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में पूछने पर लारियो ने कहा कि यह एक प्रमुख चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, छोटे किसानों को कई तरह के जलवायु झटकों से निपटने के लिए कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है। वित्त वर्ष 2015-16 की 10वीं कृषि जनगणना के अनुसार, दो हेक्टेयर से कम भूमि वाले छोटे और सीमांत किसान भारत के सभी किसानों का 86.2 प्रतिशत हैं, लेकिन उनके पास खेती की केवल 47.3 प्रतिशत भूमि है। उन्होंने कहा, भारत के मामले में हम मौसमी जल की कमी, बढ़ते तापमान, अधिक बार सूखे को देख रहे हैं। इसलिए ऐसे कई निवेश हैं जो वास्तव में वैश्विक स्तर पर इन छोटे किसानों की मदद कर सकते हैं।

## अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता, कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से तय होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। ऐसे में यदि वार्ता के नतीजे सकारात्मक रहते हैं, तो बाजार की धारणा को बल मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि इसके अलावा आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे और विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह नौ जुलाई को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि समाप्त हो रही है। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे बाद में 90 दिन के लिए रोक दिया गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह न केवल भारतीय, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए भी महत्वपूर्ण है। सबसे अधिक महत्वपूर्ण घटनाक्रम नौ जुलाई की जवाबी शुल्क निलंबन की समयसीमा की समाप्ति है। इससे वैश्विक व्यापार के भविष्य को आकार मिलेगा। निवेशक उसी दिन फ़ेडरल ओपन मार्केट कमेटी के बैठक के ब्योरे का भी इंतजार करेंगे। घरेलू स्तर पर निवेशकों की निगाह आईटी कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की दिग्गज एवेन्यू सुपरमार्ट्स के तिमाही नतीजों पर

**शेयर समीक्षा**



रहेगी। इसके अलावा कई अन्य कंपनियों के भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे आएंगे। साथ ही ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के सकारात्मक परिणाम बाजार की धारणा को और बेहतर बना सकते हैं। इससे खासकर आईटी, फार्मा और वाहन जैसे व्यापार-संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ पहुंच सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 176.8 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट आई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''कुल मिलाकर, हमें उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार पर स्पष्टता की लेकर बाजार में सुस्ती रहेगी। वहीं इस सप्ताह से शुरू होने वाले तिमाही नतीजों के सत्र से शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली गतिविधियां दो चीजों पर निर्भर करेंगी। एक, अगर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है तो यह बाजारों और एफआईआई प्रवाह के लिए सकारात्मक होगा। दूसरा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे। अगर कंपनियों के तिमाही नतीजे सकारात्मक रहते हैं तो इससे बाजार की धारणा बेहतर होगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 70,325 करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन बढ़ा। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 19,284.8 करोड़ रुपये घटकर 15,25,339.72 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार मूल्यांकन में 13,566.92 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 10,29,470.57 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 13,236.44 करोड़ रुपये घटकर 5,74,977.11 करोड़ रुपये पर और एलआईसी की 10,246.49 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,95,277.16 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 8,032.15 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,37,729.65 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,958.7 करोड़ रुपये घटकर 11,50,371.24 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 15,359.36 करोड़ रुपये बढ़कर 20,66,949.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,127.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,81,383.80 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,906.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,757.36 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 5,756.38 करोड़ रुपये बढ़कर 7,24,545.28 करोड़ रुपये रहा।

# ब्राजील पहुंचने पर मोदी का शानदार स्वागत

एजेंसी

रियो डी जेनेरियो/ नयी दिल्ली 06 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में शनिवार देर रात अर्जेन्टीना से ब्राजील पहुंचे, जहां वह ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

रियो डी जेनेरियो हवाई अड्डे पर उतरने के बाद श्री मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। भारतीय समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में उतरा, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा और बाद में राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा के लिए उनकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इस यात्रा के दौरान बैठकों और बातचीत के सार्थक दौर की उम्मीद है। भारतीय समुदाय



द्वारा उनके शानदार स्वागत से अभिभूत प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है कि ये भारतीय संस्कृति से गहरे से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा ,ल्ल ब्रा.ज़ील के भारतीय समुदाय के सदस्यों ने रियो डी जेनेरियो में बहुत ही शानदार स्वागत किया। यह आश्चर्यजनक है कि वे भारतीय संस्कृति से कैसे जुड़े हुए हैं और भारत के विकास के लिए कितने लालायित हैं! श्री मोदी ने अपनी पोस्ट में उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह की कुछ झलकियाँ भी साझा की है।

# बिहार में एसआईआर को अनिवार्य बनाए जाने को महुआ ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

एजेंसी

कोलकाता/नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) को अनिवार्य बनाये जाने संबंधी चुनाव आयोग के 24 जून के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

पश्चिम बंगाल में कृष्णनगर से सांसद ने चुनाव आयोग के आदेश को असंवैधानिक तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करार दिया है। सुश्री मोइत्रा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ल्लबिहार में एसआईआर करने के लिए चुनाव आयोग की अधिसूचना को चुनौती देते हुए और बंगाल सहित अन्य राज्यों में इसे लागू करने पर रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की है। उन्होंने आगे कहा यह पहली बार है जब चुनाव आयोग ने इस तरह की कवायद शुरू की है, जहां पहले से ही मतदाता सूची में सूचीबद्ध और पिछले चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं से अब अपनी पात्रता को फिर से सत्यापित करने के लिए कहा जा रहा है।ङ्क इस कदम से बहुत से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित होना पड़ सकता है, जिससे लोकतांत्रिक सिद्धांत और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का संचालन कमजोर हो सकता है। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग को अन्य राज्यों में इसी तरह के संशोधन अभियान को आगे बढ़ाने से रोकने के लिए दिशानिर्देश भी मांगा है। उनका दावा है कि चुनाव आयोग ने अगस्त 2025 से पश्चिम बंगाल में इसी तरह की कवायद शुरू करने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए हैं। अधिवक्ता नेहा राठी के माध्यम से दायर याचिका में तर्क दिया गया है कि आयोग के आदेश में मतदाता सूची में नाम बनाए रखने या शामिल करने के लिए माता-पिता की नागरिकता का प्रमाण साबित करने वाले दस्तावे.ज प्रस्तुत करना आवश्यक है। याचिका में कहा गया है कि इन आवश्यकताओं का संविधान के अनुच्छेद 326 या आरपी अधिनियम के किसी भी प्रावधान में उल्लेखित नहीं हैं, और इसके कारण पात्र मतदाताओं के समक्ष मुश्किलें होंगी। याचिका में यह भी कहा गया है कि चुनाव आयोग के आदेश में आधार और राशन कार्ड जैसे आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले पहचान प्रमाणों को शामिल नहीं किया गया है, जिससे मतदाताओं , विशेषकर ग्रामीण और हाशिए के समुदायों पर बोझ बढ़ रहा है । बिहार से वर्तमान क्षेत्रीय रिपोर्ट बताती है कि इन दस्तावे.ज आवश्यकताओं के कारण लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित होने का खतरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एसआईआर प्रक्रिया के तहत नए दिशा-निर्देशों की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को लक्ष्य करना है। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव आयोग पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ था। वर्ष 1987 से 2004 के बीच पैदा हुए लोगों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? मुझे समझ नहीं आता। गौरतलब है कि गत 24 जून को चुनाव आयोग ने इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में मतदाता सूचियों के एसआईआर की घोषणा की है। इसके तहत मतदाताओं को अपनी जन्म तिथि और जन्म स्थान को सत्यापित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र या पासपोर्ट जैसे 11 स्वीकृत दस्तावेजों में से एक जमा करना आवश्यक है।

# डॉ. मुखर्जी के वैचरिक संघर्ष ने भारत की एकता, अखंडता, संस्कृति और राजनीति में परिवर्तन लाने का काम किया: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके विचारों और संघर्षों ने भारत की एकता, अखंडता, संस्कृति और राजनीति में परिवर्तन लाने का काम किया है।

डॉ. मुखर्जी की जयंती के मौके पर आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई की ओर से पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री वैष्णव के अलावा दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा शामिल हुए।

श्री वैष्णव ने कहा कि मौजूदा समय के भारत के निर्माण में डॉ.मुखर्जी का बहुत बड़ा योगदान है। उनके विचारों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे। उनके विचारों से भारत सरकार की नीतियों में एक ऐसा परिवर्तन आया जो जन जन के विकास के लिए माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विचारों और संघर्षों ने भारतीय एकता, अखंडता, संस्कृति और राजनीति में परिवर्तन लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस भावना के साथ अपने विचार व्यक्त किए थे, उसी भावना को नीति में परिवर्तित करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवार्तन किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं को सम्मान देने की वकालत की और उसे प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने एक मुहिम चलायी क्योंकि उस वक्त अंग्रेजी भाषा ही बड़ी मानी जाती थी। डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि अगर भारतीय भाषा में युवा शिक्षा ग्रहण करेंगे तो उनकी समझने की स्थिति बेहतर होगी और आज उसी हिंदी भाषा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि अनुच्छे 370 को लेकर डॉ मुखर्जी के संघर्ष के कारण ही 2019 में इसे हटाया गया। श्री सचदेवा ने कहा, हमने पहले भी कहा था कि आपको राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता को समझना है और अगर आपको हिंदुस्तान और उसकी संस्कृति को समझना है तो आपको डॉ. मुखर्जी को पढ़ना चाहिए। उनकी यात्रा एक राष्ट्रवादी यात्रा है। कैसे उन्होंने बाल्यकाल से लेकर सबसे युवा कुलपति बनने का सफर तय किया। जब बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा था तो उस वक्त हिंदुओं को बचाने के लिए और मुस्लिम तुष्टिकरण के खिलाफ आवाज उठाने का काम डॉ श्यामा ने किया था। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस बात को उन्होंने संसद में हमेशा उठाया। कश्मीर को लेकर उनकी स्पष्ट नीति थी । उन्होंने कहा, मुझे खुशी इस बात की है कि मैं उस पार्टी का कार्यकर्ता हूं जिसने डॉ मुखर्जी के विचारों को आगे बढ़ाया और आज श्री मोदी उसे पोषित कर रहे हैं। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि देश को आजाद कराने में लाखों स्वतंत्रता सेनानी शहीद हुए लेकिन उसके बाद अगर देश को सही ढ़ंग से चलाने के लिए जिसने बलिदान दिया तो वह डॉ. मुखर्जी थे। उन्होंने केंद्र में मंत्री पद को छोड़ दिया और जब कश्मीर की बात आयी तो एक देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेगा जैसी बातें कहकर एक मुहिम की शुरुआत की। उन्होंने कहा, आज कश्मीर में देश की सबसे उँची चोटी और चिनाब नदी पर जब वंदे भारत ट्रेन चलती है ।

# राजनाथ आज रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जायेगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है।



नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह चुनौतियों के मूल्यांकन , सुधार शुरू करने और रक्षा तैयारियों में वित्तीय प्रणाली की भूमिका को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण फोरम के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'रक्षा वित्त तथा अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन' है। सम्मेलन में आठ उच्च-स्तरीय व्यावसायिक सत्र (मनन सत्र) होंगे जिनमें बजट और लेखा सुधार, आंतरिक लेखा परीक्षा पुनर्गठन, सहयोगी अनुसंधान, मूल्य निर्धारण नवाचार और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। ये सत्र प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग के लिए रणनीतिक सहयोग के साथ राजकोषीय विवेक को संतुलित करने में एकीकृत वित्तीय सलाहकारों की बढती भूमिका का पता लगाएंगे।

# आयोग से मिलकर बिहार के लोगों के मताधिकार छीन रही है सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार के लोगों के वोट देने के अधिकार को छीनना चाहती है इसलिए चुनाव से ठीक पहले मतदाता पहचान पहचान के लिए सदन अभियान चलाकर मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है।

कांग्रेस का कहना है कि जो काम उसे समय से कर देना चाहिए था वह चुनाव से ठीक पहले शुरू किया जा रहा है ताकि मतदाता समय पर शर्तों के अनुसार कागजात जमा नहीं कर पाएं और और उन्हें मतदान से वंचित रखा जा सके। पार्टी ने कहा ल्लबिहार वासियों सावधान। चुनाव आयोग के साथ मिलकर मोदी सरकार आपके वोट के अधिकार को छीन लेना चाहती है। इतना ही नहीं, आपकी नागरिकता भी खतरे में है। बूथ स्तर के एक अधिकारी-बीएलओ का साफ कहना है कि अगर आप कागज नहीं दिखा पाए तो वोट देने का अधिकार तो गया ही आपकी नागरिकता भी खत्म कर दी जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची की जांच कर रहा है। इसके लिए लोगों से कागज दिखाने को कहा गया है, लेकिन इसमें आधार कार्ड और वोटर पहचान पत्र शामिल नहीं हैं। बिहार के अधिकतर लोगों के पास पहचान साबित करने कि लिए सिर्फ आधार कार्ड है जिसे चुनाव आयोग मानने को तैयार नहीं है। इससे बिहार के करोड़ों मतदाताओं के ऊपर मतदान सूची से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है-जो सरासर अन्याय है। पार्टी ने कहा ये साजिश है। वोट का अधिकार छीन लेने की साजिश, जो मोदी सरकार और चुनाव आयोग ने मिलकर रची है।

## प्रधानमंत्री ने दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज तिब्बती आध्यात्मिक धर्म गुरू दलाई को उनके 90वें जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि आध्यात्मिक धर्म गुरू दलाई लामा प्रेम,करुणा,धैर्य और नैतिक अनुशासन के चिरस्थायी प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा की भावना पैदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा,ल्लमैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम श्रद्धेय दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वे प्रेम, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन के चिरस्थायी प्रतीक रहे हैं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा की भावना पैदा की है। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करते हैं। गौरतलब है कि उनका जन्म 6 जुलाई, 1935 को पूर्वोत्तर तिब्बत के

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा का खामियाजा दिल्लीवालों को भुगतना पड़ा : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा का खामियाजा दिल्लीवालों को भुगतना पड़ा है।

श्री नड्डा ने आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ यहां विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूववर्ती सरकारों ने सभी क्षेत्रों में उदासीनता दिखाई और स्वास्थ्य क्षेत्र तो पूरी तरह उपेक्षित रहा। इसी कारण दिल्ली के लोगों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री-आयुष्मान



भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत हमने 2021 से फरवरी 2025 के बीच दिल्ली को 1700 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ और अब जन कल्याण के लिए इस निधि के खर्च की जिम्मेदारी श्रीमती रेखा के कंधों पर आ गयी है। उन्होंने परोक्ष रूप से आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि राजनीति में फैसले अपने-पराये के आधार पर नहीं होते, बल्कि इस आधार पर होते हैं कि कौन आपके हितों की रक्षा कर सकता है। सितंबर 2017 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 40 लाख गरीब दिल्लीवासियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने को तैयार थे, लेकिन आपने लोटा ही उल्टा किया हुआ था। उन्होंने कहा, 20 फरवरी को आपने लोटा सीधा किया, और आज आपको आयुष्मान भारत मिल गया। 1997 में एक स्वास्थ्य नीति लाई गयी, जो कहती थी, पहले तुम बीमार बनो, फिर मैं तुम्हारा इलाज करुंगी। लेकिन 2014 में जब श्री मोदी प्रधानमंत्री बने, तो उनके नेतृत्व में पूरे देश में परामर्श किया गया और 2017 में हम एक नयी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति लेकर आए। उन्होंने कहा, इसके अंतर्गत हम सुनिश्चित करेंगे कि बीमारी ही न हो, फिर अच्छे स्वास्थ्य को हम बढ़ायेंगे ताकि लोग स्वस्थ रहे ,फिर जरूरत होगी तो इलाज करेंगे और बाद में ठीक भी करेंगे। हमने स्वास्थ्य को अब समावेशी और व्यापक बना दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में टीबी के मामलों में करीब 17.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह गिरावट मात्र आठ प्रतिशत रही है।

# पेज एक का शेष

## 'पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ...

भी मिली। लेकिन अब वह समय भी बीत चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अब और इंतजार नहीं किया जा सकता क्योंकि कई जजों को आवास की जरूरत है। चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्हें पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का एहसास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कुछ ही दिनों में बंगला छोड़ देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश को भी परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त समय दिया गया है। वह यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट प्रशासन के साथ पहले ही साझा कर चुके हैं। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ऐसा कम ही देखा गया है जब अदालत को अपने आधिकारिक निवास को खाली कराने के लिए केंद्र सरकार को लिखित रूप से कहना पड़े। आमतौर पर ऐसे मामलों में अंदरखाने समाधान निकाल लिया जाता है। लेकिन मौजूदा हालात में अदालत को सख्त कदम उठाना पड़ा, जिससे यह मामला और ज्यादा सुर्खियों में आ गया है।

## चिराग ने बिहार...

जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग ने कहा कि आज सारण की इस पावन धरती से आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा, ''मैं ना रुकने वाला हूं, ना थकने वाला हूं और डरता तो मैं किसी से नहीं हूं। जितनी ताकत आजमानी है आजमा लो। सर पर कफन बांध के निकला हूं कि जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा, तब तक मैं भी चैन की सांस नहीं लूंगा। पर इसके लिए साथियों जरूरत है मुझे आप सब की।''

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग हैं जो नहीं चाहते कि चिराग पासवान बिहार आएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बिहारी युवाओं को पलायन कर दूसरे राज्यों और देशों में रहने के लिए मजबूर किया, वे उसी तरीके से चाहते हैं कि चिराग पासवान अगर बिहार आ गए तो युवाओं को उनका हक दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और मजदूरों के हक की बात करेंगे, इसीलिए ये लोग नहीं चाहते कि चिराग पासवान बिहार आएं। चिराग ने आरोप लगाया कि यही वजह है कि ये लोग षड्यंत्र रचते हैं और भ्रम की स्थिति बनाते हुए बार-बार यह सवाल पूछते हैं कि क्या चिराग पासवान विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।

## मोदी ने डॉ. मुखर्जी ...

और अखंडता के लिए समर्पित रहा। डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में भारत के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में देश में खाद्य की आत्मनिर्भरता और औद्योगीकरण की नींव रखी थी, जो नए भारत में भी स्पष्ट देखने को मिलता है। उन्होंने नेहरू सरकार के तुष्टीकरण के नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। इतना ही नहीं भारतीय जन संघ का गठन और उसके पहले अध्यक्ष होने के साथ जब भारत के संविधान में नेहरू सरकार ने कश्मीर को 370 धारा के माध्यम से अलग स्टेटस देने का प्रयास किया और परमिट सिस्टम जम्मू कश्मीर के लिए लागू किया, उसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही आवाज उठायी थी। उन्होंने उस समय एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इन सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता पंकज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, एमएलसी अवनीश पटेल, एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

## एलन मस्क ने ...

समर्थन किया। मस्क ने शनिवार को इसके परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए, लिखा आप एक नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और आपको यह मिल जाएगी! जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है, तो हम एक-पक्षीय प्रणाली में रहते हैं, लोकतंत्र में नहीं। एलन मस्क ने कहा कि अमेरिका पार्टी दो या तीन सीनेट सीटों और आठ से 10 गृह जिलों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस रणनीति का मकसद कांग्रेस में नियंत्रण हासिल करना है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि क्या इसे चुनाव आयोग में औपचारिक तौर पर पंजीकृत कराया गया है और फिलहाल इसकी कमान किसके हाथों में रहेगी। इस बीच चुनाव-कानून विशेषज्ञों ने नई पार्टियों की राह में आने वाली अड़चनों का भी जिक्र किया है। कैलिफ़ोर्निया में, आयोजकों को या तो लगभग 75,000 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा या मतपत्रों पर अपनी पार्टी की उपस्थिति के लिए 11 लाख लोगों के हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र को दर्शाना होगा। राजनीतिक रणनीतिकारों का सुझाव है कि मस्क की इस घोषणा का उद्देश्य राजनीति में एक टिकाऊ तीसरे विकल्प का निर्माण करने की बजाए सांसदों पर दबाव डालना अधिक प्रतीत होता है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के पारित होने के बाद उठाया गया है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन प्रोत्साहन में कटौती की गई है और संघीय खर्च में वृद्धि की गई है । इन उपायों को विरोध एलन मस्क की टेसला कंपनी ने किया है क्योंकि टेस्ला ईवी सब्सिडी से लाभ उठाती रही है। विश्लेषकों का कहना है कि मस्क का यह कदम अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में बड़े बदलाव के बजाए एक सोची समझी रणनीति के तहत सौदेबाजी अधिक दिखाई पड़ता है।

## धीरे-धीरे गरीबों की...


पास धन की कमी नहीं है, बल्कि मेरे पास काम की कमी है।'' उन्होंने कहा, ''अभी हम टोल बूथों से करीब 55,000 करोड़ रुपये कमाते हैं और अगले दो साल में हमारी आय 1.40 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। अगर हम इसे अगले 15 साल तक मौद्रिकृत करते हैं तो हमारे पास 12 लाख करोड़ रुपये होंगे। नए टोल से हमारे खजाने में और पैसा आएगा।

## भारत और अर्जेन्टीना...

व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-मर्कोसुर तरजीही व्यापार समझौते के विस्तार में अर्जेंटीना के समर्थन का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से दोनों पक्षों को परस्पर लाभ मिल सकता है और नए अवसर खुल सकते हैं। दोनों नेताओं ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में भी रुचि व्यक्त की। उन्होंने महसूस किया कि वे सहयोग बढ़ाने और पारस्परिक रणनीतिक हित में योगदान देने के लिए अपने-अपने अनुभवों और क्षमताओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने एक-दूसरे के कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान और प्रौद्योगिकी साझा करने के महत्व पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने अपनी टीमों को जल्द से जल्द कृषि पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा और औषधि क्षेत्र में भारत की ताकत विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाओं का उत्पादन करने की क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत को अर्जेंटीना के फार्मास्युटिकल विनियामक ढांचे के अनुलग्नक दो से अनुलग्नक एक में स्थानांतरित करने की संभावना पर चर्चा की। इससे अर्जेंटीना के बाजार में भारतीय दवा उत्पादों के सुगम प्रवेश की सुविधा बनेगी। उन्होंने टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य , प्रशिक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान के माध्यम से क्षमता निर्माण में पहल पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने ऊर्ज़ा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बढ़ती ऊर्ज़ा और औद्योगिक जरूरतों को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि अर्जेंटीना भारत की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने उपग्रह विकास, प्रक्षेपण सेवाओं, अंतरिक्ष अनुप्रयोगों सहित अंतरिक्ष में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने और क्षमता निर्माण पर सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री धामी ने कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का किया अनुभव

■ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ 1000 से अधिक पौधरोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी के दौरान वन्यजीवन की अद्भुत और रोमांचकारी झलक का अनुभव किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह अनुभव केवल प्रकृति की सुंदरता को देखने का नहीं, बल्कि जैव विविधता और प्रकृति की अनमोल विरासत से जुड़ने का अवसर भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप जंगल सफारी पर्यटन को आज एक नई पहचान मिली है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड आ रहे हैं, जिससे राज्य की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और आजीविका के नए द्वार भी खुले हैं। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वन विभाग, स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से 1000 से अधिक पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। यह महज एक पौधरोपण नहीं, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का भावपूर्ण प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की टीम से भी भेंट की और उनके द्वारा वनों व वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विभाग की प्रतिबद्धता और समर्पण को राज्य की हरियाली और जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# अकाली नेता मजीठिया को मोहाली कोर्ट ने 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद रविवार को विजिलेंस ब्यूरो ने मोहाली की अदालत में पेश किया। सरकारी वकीलों ने दोबारा रिमांड की मांग नहीं की, इसलिए काफी देर बहस के बाद मोहाली कोर्ट ने मजीठिया को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विजिलेंस ने कोर्ट को बताया कि जांच के लिए उन्हें हिमाचल तथा उत्तर प्रदेश स्थित कई स्थानों पर ले जाया गया है। जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। अदालत की कार्यवाही के दौरान सरकारी वकीलों ने दोबारा रिमांड की मांग नहीं की। काफी देर बहस के बाद मोहाली कोर्ट ने मजीठिया को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मजीठिया अब पटियाला के नाभा स्थित जेल में रहेंगे। मजीठिया की पेशी से पहले रविवार को काफी संख्या में अकाली नेता और वर्कर मोहाली की कोर्ट के बाहर पहुंच गए। पुलिस और अकाली वर्करों के बीच धक्का मुक्की तक हुई। इसके बाद पुलिस अकाली वर्करों को बस में भरकर ले गई है। डॉ. दलजीत चीमा ने हिरासत में लेने से पहले आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को मजीठिया का चेहरा पसंद नहीं है। इसके चलते ही में उन्हें मीडिया के सामने नहीं आने देना चाहते हैं। मजीठिया को 25 जून को अमृतसर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। विजिलेंस ने 26 जून को कोर्ट में पेश किया गया। तभी से मजीठिया विजिलेंस के रिमांड पर चल रहे थे। कोर्ट के फैसले के बाद विजिलेंस ने दावा किया कि अभी तीन दिन का रिमांड लिया जा सकता है। अगर जरूरत हुई तो दोबारा से मजीठिया का पुलिस रिमांड लिया जाएगा।

# सहकारिता को नए-नए क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए : विजेंद्र गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत आज जब एक समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को भी अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह बातें उन्होंने रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फ़ेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड द्वारा 'सहकारिता वर्ष संग्रह और सहयोग सम्मान समारोह' के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें सहकारिता आंदोलन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका विषय है – सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं। यह वैश्विक पहल सहकारिताओं की भूमिका को उजागर करती है। स्वामित्व और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सहकारिताएं लोगों को एकजुट कर उनकी साझा आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं को लोकतांत्रिक स्वामित्व और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पूरा करने का माध्यम बनती हैं। ये संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में विशेष रूप से सम्मानजनक कार्य को बढ़ावा देने, असमानता को घटाने, और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 'संग्रह और सहयोग सम्मान कार्यक्रम' इस बात का उदाहरण है कि स्थानीय सहकारी समितियां किस प्रकार सहकारिता के मूल सिद्धांतों (बचत को प्रोत्साहित करना, ऋण सुविधा उपलब्ध कराना, और सशक्त सामुदायिक नेटवर्क का निर्माण करना) को साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं विशेष रूप से उन नागरिकों को सशक्त बनाती हैं, जिन्हें पारंपरिक वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच नहीं है। ये संस्थाएं उन्हें आजीविका सुधारने के लिए आवश्यक संसाधन और विश्वास प्रदान करती हैं। विजेंद्र गुप्ता ने यह रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन अब विकसित भारत की एक मजबूत आधारशिला के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को गहराना, शासन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करना, नए क्षेत्रों में विस्तार करना, और सहकारिताओं को वैश्विक बाजार से जोड़ना है। यह परिवर्तन आज प्राथमिक कृषि ऋण समितियों , सहकारी बैंकों, कर व्यवस्था, और निर्यात उन्मुख राष्ट्रीय सहकारिताओं की सुदृढ़ता में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में सीधे योगदान दे रहे हैं। गुप्ता ने सहकारी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखें, आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें, ताकि वे वर्तमान सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना कर सकें।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किए व आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को हरी झंडी दिखाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र वितरित किए और आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन को हरी झंडी दिखाई।

इस मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, सहित विधायक मौजूद रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित कहा कि आज दिल्ली के लिए बहुत बड़ा दिन है और पंद्रह साल बाद यहां स्थायी नौकरियों के नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत केंद्र सरकार ने 2021 से फरवरी 2025 के बीच दिल्ली को 1700 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन एक पैसा भी तत्कालीन आम आदमी पार्टी से खर्च नहीं हुआ। जन कल्याण के लिए इस फंड के खर्च की जिम्मेदारी अब दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कंधों पर आ गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार 2017 से दिल्ली के हर गरीब के इलाज के लिए पांच लाख रुपए लेकर तैयार थी, लेकिन पिछली सरकार इसे न लेकर गरीबों के साथ अन्याय किया। दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार आने के बाद गरीबों को डबल फायदा मोदी सरदार दे रही है। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नौकरी नहीं, यह सेवा का अवसर, संकल्प का सम्मान और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल कर्मियों को स्थायी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही आयुष्मान भारत पंजीकरण वैन का लोकार्पण कर 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से न केवल दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों के सपनों को पंख मिले हैं जिनकी आँखों में वर्षों से बस यही एक प्रतीक्षा पल रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में नियुक्त हुईं ये नर्सें सेवा का जीवंत स्वरूप और हमारे चिकित्सा तंत्र की आत्मा हैं। आज उन्हें जो नियुक्ति मिली है, वह उनके वर्षों के परिश्रम, तप और समर्पण को राष्ट्रीय मान्यता है।

## मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने श्याम प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर नमन किया

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शहीदी पार्क में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी उस राष्ट्रचेतना के प्रवर्तक थे, जिसने भारत को केवल भूगोल नहीं, एक संकल्प के रूप में देखा। उनके चिंतन में भारत की एकता थी और उनके संघर्ष में राष्ट्र की अखंडता का संकल्प। ल्लएक देश, एक विधान, एक प्रधानङ्क यह कोई राजनीतिक नारा नहीं, भारत के स्वाभिमान की वह वाणी थी, जिसे उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अमर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस धारा से डॉ. मुखर्जी ने विचारों का दीप जलाया, उसी वैचारिक प्रकाश में भारतीय जनता पार्टी की नींव पड़ी।

# भागलपुर के निखिल आनंद को सीए परीक्षा में मिला ऑल इंडिया रैंक 20

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। भागलपुर के निखिल आनंद ने सीए की परीक्षा में जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के जारी सीए फाइनल परीक्षा के परिणाम में पूरे देश में ऑल इंडिया रैंक 20 हासिल कर एक नया कीर्तिमान रचा है। निखिल भागलपुर के खरमनचक मोहल्ले का रहने वाला हैं और कोलकाता में रहकर सीए की पढ़ाई कर रहा था। निखिल की सफलता सिर्फ एक रैंक नहीं बल्कि उसकी लगन, मेहनत और अनुशासन की कहानी है। छुट्टियों में घर आने पर भी वह सेल्फ स्टडी में डबल टाइम लगाता था। रिजल्ट आते ही निखिल के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। घर में खुशी का माहौल है और मोहल्ले के लोग भी गर्व से फूले नहीं समा रहे। निखिल की मां पूनम देवी भावुक होकर कहती हैं कि बेटा शुरू से पढ़ाई में तेज था और आज उसका सपना साकार हो गया। पिता संदीप कुमार सालारपुरिया ने कहा निखिल को पढ़ाई की इतनी लगन थी कि रात-रात भर पढ़ता था, उसे न नींद की फिक्र थी, न खाने की। हमने कभी दबाव नहीं डाला, वो हमेशा खुद के लक्ष्य को लेकर गंभीर रहा। अपनी सफलता पर निखिल ने कहा मैंने एआईआर -1 की तैयारी की थी। लेकिन एआईआर-20 मिला। फिर भी मैं बहुत खुश हूं। इस उपलब्धि का श्रेय भगवान, अपने माता-पिता और दोस्तों को देता हूं। सीए की पढ़ाई आसान नहीं होती, लेकिन अगर मन में ठान लें तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# मोहर्रम की दशमी पर निकला ताजिया जुलूस, लोगों की उमड़ी भीड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले में मोहर्रम की दसवीं तारीख को लेकर रविवार को ताजिया जुलूस निकाला गया। यह जुलूस शहर के कोतवाली चौक से निकलकर विभिन्न सड़क मार्गों से गुजरता हुआ शाहजंगी मैदान तक पहुंचा। ताजिया जुलूस को देखने और उसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। शहर में पूरे दिन गम और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। जुलूस की रवानगी के दौरान पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासनिक स्तर पर पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर जरूरी इंतजाम किए गए थे।

## हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा : रामभद्राचार्य

पटना। राजधानी पटना में रविवार को सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामभद्राचार्य ने कहा कि हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा। इस सनातन महाकुंभ में देश भर के संत शामिल हो रहे हैं। जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में मुझे और धीरेंद्र शास्त्री को आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि सत्ता अब हिंदू विरोधी के हाथ में कभी नहीं जाएगी। हिंदू को जो बांटना चाहेगा वो खुद ही कट जाएगा। इस सनातन महाकुंभ में बागेश्वर पीठाधीश्वर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हम यहां राजनीति के लिए नहीं बल्कि राम नीति के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अगर हिंदू राष्ट्र होगा तो बिहार से इसकी शुरुआत होगी और वह पहला राज्य बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी धर्म के विरोधी नहीं हैं। वो बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। साथ ही 7 नवम्बर से 16 नवम्बर तक दिल्ली से वृंदावन की यात्रा करेंगे। पटना में आयोजित महाकुंभ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, बिहार से ही भारत के हिंदू राष्ट्र बनने की शुरुआत होगी। अगर हमारे धर्म पर घात हुआ तो हम प्रतिघात करेंगे, भगवा गजवा-ए-हिंद की शुरुआत बिहार से होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तिरंगा पर चांद चाहते हैं लेकिन हम तिरंगा को चांद पर लहराता देखना चाहते हैं।

# ट्रीटमेंट प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, महिलाओं ने तोड़ दिया दरवाजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपद के रूड़की के मदनपुर हसनपुर और मंडावर की सीमा में लगे मेडिकल वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का रविवार को क्षेत्र के लोगों ने कड़ा विरोध किया। गुस्साए लोगों ने प्लांट पर एकत्रित होकर नारेबाजी की और ट्रीटमेंट प्लांट तुरंत बंद करने की मांग की। इस दौरान गुस्साए लोगों ने ट्रीटमेंट प्लांट का दरवाजा भी तोड़ दिया। मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर भी लोगों को संबोधित किया। मदनपुर हसनपुर के पास करीब छह साल पहले एक मेडिकल वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया था। लोगों का आरोप है कि प्लांट लगाते समय उन्हें भ्रमित किया गया था कि यहां पर नमकीन, बिस्किट बनाने का प्लांट लग रहा है, लेकिन कुछ समय बाद प्लांट में मेडिकल वेस्टेज आने लगा। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने प्लांट में रोजगार देने का लालच देकर चुप कर दिया। वहीं अब मेडिकल ट्रीटमेंट प्लांट में क्षमता से तीन से चार गुना ज्यादा वेस्ट आने लगा है। रविवार को इसके विरोध में आसपास के गांव के लोग मेडिकल वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट पर एकत्रित हुए और प्लांट के मालिक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाजपा नेता नीटू सिंह ने बताया कि इस ट्रीटमेंट प्लांट के चलते आसपास के लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। लोगों में दमा, कैंसर, अस्थमा आदि के रोग पनपना लगे हैं। जबकि कुछ साल पहले तक इन रोगों के मरीज गांव में नहीं मिलते थे। उन्होंने बताया कि वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट की अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन प्लांट प्रबंधन अधिकारियों से सांठ-गाठ कर मामले को दबा देता है। ऐसे में मजबूरी में उन्हें प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा। धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्यामवीर सैनी ने लोगों को आश्वासन दिया कि मेडिकल वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लान के बारे में लिखित शिकायत करें। इस पर वह संबंधित अधिकारियों से मामले में तत्काल कार्रवाई करवाएंगे। वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष मधु सिंह ने भी लोगों को ट्रीटमेंट प्लांट के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने धरना समाप्त करने की भी लोगों से अपील की। देर शाम तक लोगों का धरना जारी रहा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063